वाराणसी, बुधवार, 22 मार्च, 2023
चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 42, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00
नवरात्रि
परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित
डाक/नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





# यूपी के 500 खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा ऐलान

**घोषणा**

**बोले, 10 सालों में भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में कई पदक जीते**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने प्रदेश में खेलों का माहौल बने और खिलाड़ियों का भविष्य बेहतर हो, इसके लिए यूपी सरकार ने 500 खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में शामिल करने का निर्णय लिया है। 35वीं वाहिनी पीएसी महानगर के स्टेडियम में ऑल इंडिया पुलिस एथलेटिक क्लस्टर चैंपियनशिप-2022-23 के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह ऐलान किया। प्रतियोगिता में शामिल हुए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले राज्य में 10 साल बाद पुलिस एथलेटिक मीट का आयोजन बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एसएसबी जिस प्रकार सीमा पर अपने कार्य का निर्वहन कर रहा है, वह सराहनीय है। एसएसबी की ओर से पुलिस एथलेटिक मीट का आयोजन कराना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भारत ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए कई पदक जीते हैं। ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ियों ने मेडलों की संख्या बढ़ाई है। यूपी में भी पिछले कुछ सालों में खेलों का विकास हुआ है। यहां ब्लॉक स्तर पर मैदान और ओपन जिम बनाए जा रहे हैं। विकास खंड स्तर पर मिनी स्टेडियमों का निर्माण हो रहा है। इससे पहले मीट में भाग लेने वाली टीमों के मार्च पास्ट के बाद एसएसबी कांस्टेबल गगन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मशाल सौंपी। इसके बाद एसएसबी कॉन्स्टेबल अनूप और मंजू ने मशाल प्रज्ज्वलित किया।



### जेलों में क्षमता से अधिक बंद कैदी हाईटेक जेलों में होंगे शिफ्ट

**लखनऊ।** प्रदेश की जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों की संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने कई जिलों में नई जेलों के निर्माण का फैसला लिया है। इस कवायद में प्रदेश के 11 ऐसे जिले चिह्नित किए गए हैं, जहां पर अभी कोई जेल नहीं है। इसके अलावा एक केंद्रीय कारागार और नौ जिलों में दूसरी जेल के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं कुछ जेलों में बैरकों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसके लिए सरकार के निर्देश पर शासन ने कारागार विभाग को हरी झंडी देते हुए खासा बजट जारी कर दिया है। इन जेलों को वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर हाईटेक टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए बनाया जाएगा। इनके निर्माण का लक्ष्य 2 से 5 साल का निर्धारित किया गया है। दरअसल, मुख्यमंत्री को एक उच्च स्तरीय बैठक में कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग ने जानकारी दी कि वर्तमान में केंद्रीय और जिला कारागार समेत कई कारागार में क्षमता से अधिक बंदी हैं। ऐसे में जेल मैनुअल द्वारा प्रदत्त सुविधाएं उपलब्ध कराने और बंदियों के मानवाधिकारों के संरक्षण को देखते हुए नई जेलों की आवश्यकता है। इस पर मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग ने उप्र के 11 जिलों में नई जेलों के निर्माण का प्रस्ताव बनाकर शासन को सौंपा था, जिसे योगी ने हरी झंडी दिखायी है।

**ऑरेंज अलर्ट जारी**

# उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश से और बिगड़ेंगे हालात

**नई दिल्ली।** देश में अचानक से मौसम ने करवट ले ली है। मौसम विभाग के अनुसार, इस हफ्ते कई राज्यों में बारिश के आसार बने हुए हैं। 23 मार्च से हालात और खराब होंगे। मौसम विभाग ने कुछ राज्यों के लिए येलो तो कुछ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है।

23 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों सहित उत्तर पश्चिम भारत में तेज गरज के साथ बारिश शुरू होने की संभावना है। अहमदाबाद के मौसम विभाग की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा कि मंगलवार को हल्की बारिश की संभावना के साथ गुजरात में अगले 3-4 दिनों तक हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश के कुछ अन्य हिस्सों, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा,



पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आज भारी बारिश (64.5 मिमी-115.5 मिमी) हो सकती है। आईएमडी ने असम और मेघालय को सोमवार के ऑरेंज अलर्ट पर रखा था। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल में येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले तीन दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल और सिक्किम और पूर्वोत्तर राज्यों में गरज और बिजली चमकने के साथ हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। 22 तारीख को अरुणाचल प्रदेश, असम और मुगलिया में अलग-अलग जगहों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को पिछले तीन वर्षों में मार्च के लिए सबसे अधिक 24 घंटे की बारिश हुई, केवल तीन घंटों में 6.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को भी मौसम खुशनुमा बना रहेगा। आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है।







# अतीक के दफ्तर की दीवारों से मिला असलहों का जखीरा

**कार्रवाई**

**प्रयागराज में अतीक अहमद के दफ्तर पर पुलिस का छापा**

**करोड़ों रुपये नकद बरामद**

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के चकिया स्थित ऑफिस पर मंगलवार को बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ छापा मारा गया। इस दौरान कई असला एवं करोड़ों रुपये कैश बरामद हुए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि अतीत गैंग के लोगों ने और उसके परिवार के सदस्यों ने अपने असलहे है और कैश को खंडहर हो चुके दफ्तर में छुपा कर रखा है, ताकि किसी को यहां पर शक ना हो आशंका जाहिर की जा रही है कि उमेश पाल की हत्या में प्रयुक्त असलहे यहीं पर छुपा कर रखे गए थे। छापेमारी में असलहों का जखीरा बरामद हुआ है। भारी मात्रा में कैश मिलने के बाद अधिकारियों की आंखें भी फटी रह गईं। नोटों को गिनने के लिए मशीन मंगाई गई है। बताया जा रहा है खंडहर हो चुके आफिस में असलहों को छिपाकर रखा गया था। दीवारों के भीतर से भी कैश और असलहे बरामद हुए हैं। भारी मात्रा में कारतूस और गन जमीन के अंदर दबाकर भी रखे गए थे। बता दें कि चकिया स्थित इस दफ्तर को बुलडोजर से ढहा दिया गया था।



### महात्मा गांधी की पोती ऊषा गोकनी का निधन

**मुंबई।** महात्मा गांधी की पोती ऊषा गोकनी का मंगलवार को मुंबई में निधन हो गया। वे 89 साल की थीं और लंबे समय से बीमार चल रही थीं। मणि भवन के कार्यकारी सचिव मेघश्याम अजगांवकर ने बताया कि 89 साल की गोकनी पिछले पांच साल से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। गोकनी गांधी स्मारक निधि, मुंबई की पूर्व अध्यक्ष थीं। यह मणि भवन में ही स्थित है। मणि भवन का भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में विशेष महत्व है। ऊषा गोकनी ने अपना बचपन वर्धा के सेवाग्राम आश्रम में बिताया था। इस आश्रम की स्थापना महात्मा गांधी ने की थी। गांधी स्मारक निधि, मुंबई की स्थापना कई रचनात्मक गतिविधियों को संचालित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। महात्मा गांधी अपने जीवनकाल के दौरान इससे जुड़े रहे थे। महात्मा गांधी 1917 से 1934 तक कई बार मणि भवन में ठहरे थे।



# राहुल-अडाणी मुद्दे पर संसद 23 तक स्थगित

## नारेबाजी के बीच 25 मिनट ही चली लोकसभा, सुबह विपक्ष ने फर्स्ट फ्लोर पर किया था प्रदर्शन

**हंगामा**

**सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी**

**नई दिल्ली।** विपक्ष की नारेबाजी के बाद राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार को लगातार 7वें दिन स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे दोबारा शुरू हुई थी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे ही बोलने के लिए खड़े हुए सत्ता पक्ष के सांसदों ने राहुल गांधी की माफी की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने 23 मार्च तक के लिए राज्यसभा को स्थगित कर दिया। इसके पहले जगदीप धनखड़ ने अपने चेम्बर में सदन के कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई थी। जिसमें बीजेपी, वाईएसआरसीपी और टीडीपी को छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों के नेता नहीं आए। इधर, लोकसभा की कार्यवाही भी 25 मिनट तक चली, लेकिन विपक्ष की नारेबाजी के बीच 23 मार्च सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी दोपहर 1 बजे अपने चेम्बर में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई थी। कार्यवाही स्थगित होने के बाद सभी विपक्षी दलों ने संसद की पहली मंजिल पर प्रदर्शन किया। सभी सांसदों के हाथ में बैनर-पोस्टर था। वे अडाणी-हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संसद की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (खढउ) की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इधर, ममता बनर्जी की पार्टी ळटउ के सांसदों ने कांग्रेस से अलग प्रदर्शन किया। वे अडाणी मुद्दे पर ढट से चुप्पी तोड़ने की मांग कर रहे थे। संसद में चल रहे हंगामे के बीच एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टॉप मिनिस्टर्स के साथ बैठक की। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्ष के नेताओं के साथ सरकार को घेरने की रणनीति पर मीटिंग की। विपक्ष की बैठक में कांग्रेस, द्रमुक, राजद, माकपा, भाकपा, राकांपा, शिवसेना (यूबीटी), जदयू, झामुमो, आईयूएमएल, आप, एमडीएमके शामिल हुए।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- आज राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे जी को सभापति ने बोलने की अनुमति दी थी। वह जैसे ही उठे, भाजपा सांसद नारे लगाने लगे। वो अपनी बात नहीं रख पाए। यदि मोदी सरकार इस तरह का व्यवहार करती है तो गतिरोध कैसे टूट सकता है।



### राहुल गांधी माफी नहीं मांगेंगे: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को एक बार फिर दोहराया कि लंदन के केंब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए बयान पर राहुल गांधी संसद में माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने कहा, 'हम अडाणी मामले पर खढउ से जांच की मांग बार-बार करेंगे जब तक हमें कोई जवाब नहीं मिलता। यह सिर्फ मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए है। हमारे दूतावासों पर हमले हो रहे हैं लेकिन सरकार इन हमलों की निंदा करने के लिए कुछ भी नहीं कह रहे और अब 'देशभक्ति' की बात कर रहे हैं।'

### यूपी के 22 पीसीएस अफसर जल्द बनेंगे आईएएस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 22 पीसीएस अफसरों को जल्द ही आईएएस के पद पर पदोन्नति मिलेगी। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने इसके लिए कवायद शुरू कर दी है। संघ लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2022 के लिए 18 रिक्तियां घोषित की हैं। इसके पहले से चार पद रिक्त हैं। पदोन्नति के दायरे में वर्ष 2004 के साथ वर्ष 2006 व 2007 बैच के पीसीएस अधिकारी आएंगे। केंद्र सरकार हर साल पीसीएस अफसरों को पदोन्नति देने के लिए रिक्तियां घोषित करती थी। वर्ष 2022 के लिए यूपी को 18 रिक्तियां मिली हैं। वर्ष 2004 बैच में कुल में 16 पीसीएस अधिकारी हैं। वर्ष 2006 में 11 और वर्ष 2007 बैच में 25 पीसीएस अधिकारी हैं। पदोन्नति के दायरे में कुल 22 अधिकारी आएंगे। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने पदोन्नति की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए जल्द ही केंद्र के संघ लोक सेवा आयोग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। वहां से अनुमति मिलने के बाद पदोन्नति के लिए डीओपीटी से अनुमति मांगी जाएगी।

# चार सालों में 2 लाख दलितों पर हुए हमले

**लेखा-जोखा**

**बसपा सांसद के सवाल पर केंद्र सरकार ने बताया**



**नई दिल्ली।** देश भर में करीब दो लाख दलितों पर बीते 4 सालों में हमले हुए हैं। केंद्र सरकार की ओर से संसद में मंगलवार को यह जानकारी दी है। सरकार ने बताया कि क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक दलितों पर हमले और अत्याचारों के 4 सालों में 189945 मामले सामने आए हैं। बसपा के नेता गिरीश चंद्र के सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी ने यह जानकारी दी। गिरीश चंद्र ने पूछा था कि 2018 के बाद से अब तक दलितों पर अत्याचार के कितने मामले हुए हैं और क्या उन पर नजर रखने के लिए कोई मेकेनिज्म भी तैयार किया गया है। इसके जवाब में गृह राज्य मंत्री ने बताया कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ओर से आपराधिक घटनाओं का डेटा एकत्र किया जाता है। क्राइम इन इंडिया शीर्षक से एक रिपोर्ट विभाग की ओर से तैयार की जाती है। इसी में सभी तरह के अपराधों की जानकारी रहती है। 2021 में भी ऐसी ही रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें बताया गया कि बीते 4 सालों में दलितों के खिलाफ अत्याचार के 2 लाख मामले हुए हैं। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था का मामला राज्य सरकारों के अंतर्गत में ही रहता है, लेकिन गृह मंत्रालय की ओर से अकसर एडवाइजरी जारी की जाती है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को प्रभावी तौर पर लागू करने के लिए केंद्र सरकार राज्यों को सलाह देती है। बसपा के गिरीश चंद्र ने यह भी कहा कि आखिर यूपी में भी दलितों पर अत्याचार के मामले सामने आ रहे हैं, जहां से खुद गृह राज्य मंत्री आते हैं। इस पर अजय मिश्रा ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके अलावा एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने पूछा कि आखिर कितने जनप्रतिनिधियों पर बीते दो सालों में दिल्ली में हमले हुए हैं। इसके जवाब में ओवैसी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के मुताबिक ऐसे 4 केस सामने आए हैं।

### एक अप्रैल से हाइवे पर गाड़ी चलाना महंगा

**लखनऊ।** कानपुर-प्रयागराज बाई रोड आना-जाना महंगा होने वाला है। 1 अप्रैल से बदली हुई दरें लागू की जा सकती हैं। दिल्ली, सागर, झांसी, लखनऊ राजमार्ग पर पड़ने वाले टोल टैक्स पर इजाफे की तैयारी ठऌअक ने की है। हालांकि सर्वाधिक बढ़ोतरी चकेरी प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर होगी। इस रूट पर पड़ने वाले दो टोल पर 50 से 60 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है।

एनएचएआई ने चकेरी से प्रयागराज हाईवे पर 145 किलोमीटर दूर कोखराज तक चौड़ीकरण करा रहा है। इसे चार लेन से छह लेन करने का 99 परसेंट कार्य पूरा हो चुका है। यह कार्य पीएनसी 2019 से कर रही है। प्रयागराज तक दो टोल प्लाजा बड़ौरी और कटोघन हैं। बड़ौरी में कार सहित अन्य चार पहिया वाहनों का टोल टैक्स 70 रुपये एक तरफ का पड़ता है।

# रोडवेज ने ई-रिक्शा को रौंदा बाप-बेटी समेत पांच की मौत

**हादसा**

**ई रिक्शा में बैठी थी नौ सवारी, चार अन्य घायल**

**हाथरस।** चौराहा क्रॉस करते समय रोडवेज बस ने ई रिक्शा को रोंद दिया। ई रिक्शा में बाप-बेटी समेत पांच सवारियों की मौत हो गई। हादसे में चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। हाथरस में कोतवाली चंदपा क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित कोटा कपूरा चौराहा पर खतौली डिपो की रोडवेज बस ने चौराहा क्रॉस कर रहे ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शा में बैठी सवारी बुरी तरह से घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि ई रिक्शा में लगभग नौ सवारी बैठी हुईं थीं। हादसे में बाप-बेटी समेत पांच की मौत हो गई। जिनमें 45 वर्षीय पप्पू पुत्र शंकर और उनकी 8 वर्षीय बेटी वंदना निवासी नगला के कांच हसायन, 72 वर्षीय रसीद पुत्र अल्लानूर निवासी खोंडा भड़ाका सादाबाद की मौत हो गई। एक 32 वर्षीय और 65 वर्षीय वृद्ध की भी मौत हुई है, जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। चार अन्य गंभीर घायल बताए जा रहे हैं।

हादसे की सूचना के बाद जिला अधिकारी अर्चना वर्मा और एसपी देवेश पांडे जिला अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने घायलों व मृतकों के बारे में जानकारी ली। घटना के तुरंत बाद डीएम अर्चना वर्मा ने बताया कि रोडवेज बस की टक्कर से हुई दुर्घटना में दो की मौत हो गई है। अन्य घायलों का उपचार चल रहा है। बाद में तीन अन्य की और मौत हो गई।



# मंगलवार के तूफान ने रही सही कसर निकाली

**मौसम की मार**

**दिन भर धूप के बाद रात में तूफान ने फिर बरपाया कहर**

**मौसम के उलटफेर से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें**

**वाराणसी।** मौसम में उलटफेर का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे तेज बारिश हुई। साथ ही ओले भी गिरे। इस दौरान तेज हवाएं चली और आसमान में कुछ समय के लिए अंधेरा छा गया। दिन भर धूप के बाद रात में तूफान ने फिर कहर बरपाया और रही-सही कसर निकाल ली। मौसम की मार के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई है। मौसम में अचानक हुए बदलाव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर ट्रैफिक जाम हुआ। शहर के निचले इलाकों में जलभराव हुआ। मौसम विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के सात शहरों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बाकी 65 शहरों के लिए यलो अलर्ट है। चांदमारी प्रतिनिधि के अनुसार, प्रकृति का खेल निराला है जिसे परखने की किसी में क्षमता नहीं है। मंगलवार को दिनभर खिली धूप तो किसानो ने राहत की सांस ली कि चलो अब तो मौसम साफ हुआ। किसानों को क्या पता कि शाम होते होते तूफान फिर से कहर बरसा देगा। किसानों की राहत की सांस रात को साढ़े आठ बजते बजते दम निकाल कर ही दम लेगा।

तेज बरसात के साथ छोटे-छोटे बर्फ के टुकड़े गिरने लगा। बादलों की ऐसी गर्जना कि आमजन और किसानों के सहन करने लायक नहीं। एक तरफ जहां लोग घरों में बैठकर कमबैक ठंड में पकौड़े और चाय का लुत्फ उठा रहे होंगे। वही उदर की छुधा को तृप्त करने वाला किसान अपनी बर्बादी पर आंसू बहा रहा है। रविवार की बारिश का पानी अभी सुखा भी नही था कि मंगलवार की बरसात ने और डुबो दिया। फसल एकदम बर्बादी के कगार पर पहुंच गयी है। किसानों की आखों अब सरकार की ओर टुकटुकी लगा कर देखने लगी है। किसानों का एक ही कहना, अब कैसी जांच-पड़ताल और कैसा सर्वे-मुआयना, जब सब बर्बाद हो गया।



# पुरानी पेंशन व्यवस्था में शामिल होने का मौका

## अर्धसैनिक बलों-दिल्ली पुलिस के इन कार्मिकों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस के कुछ ऐसे कार्मिक, जिन्हें ज्वाइनिंग के बाद राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में शामिल कर दिया गया था, अब वे दोबारा से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ ले सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से इस बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस संबंध में डीओपीटी के 3 मार्च 2023 के कार्यालय ज्ञापन का हवाला दिया गया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त के दफ्तर से भी ऐसे ही आदेश दिए गए हैं। दिल्ली पुलिस में अनेक ऐसे कार्मिक हैं, जिनकी भर्ती प्रक्रिया 2003 में शुरू हुई थी, मगर ज्वाइनिंग 2004 या उसके बाद मिली थी। इस क्रम में करीब तीन दर्जन वे 'एसआई' भी शामिल हैं, जो सीधी भर्ती के जरिए सेवा में आए थे। इनकी ज्वाइनिंग 2005 में हुई थी, जबकि भर्ती प्रक्रिया 2003 में शुरू हुई थी। नतीजा इन सभी को एनपीएस में शामिल कर दिया गया। अब ऐसे सभी कार्मिकों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प दिया गया है।



केंद्र सरकार के इन आदेशों में कहा गया है कि ऐसे अधिकारी या कार्मिक, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को अधिसूचित किये जाने की तारीख यानी 22 दिसंबर, 2003 से पहले विज्ञापित या अधिसूचित किए गए पदों के तहत, केंद्र सरकार की सेवाओं में शामिल हुए हैं, अब ऐसे सभी कर्मी या अधिकारी, केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 (अब 2021) के तहत पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने के योग्य हैं। उन्हें दोनों विकल्पों में से एक चुनना होगा। दिल्ली पुलिस आयुक्त कार्यालय के आदेशों में कहा गया है कि वे 31 अगस्त तक अपना विकल्प दे दें। कोई भी योग्य कार्मिक इस विकल्प से दूर न रहें, इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा यह सूचना उन तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके लिए वायरलैस पर सूचना और रोल कॉल के दौरान कार्मिकों को यह जानकारी देने की कोशिश होगी। पुलिस आयुक्त कार्यालय का प्रयास है कि यह विकल्प हर योग्य कर्मचारी या अधिकारी तक अवश्य पहुंच जाए। ये एक बारगी विकल्प है। 31 अक्तूबर तक हर तरह से यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। केंद्र सरकार के अन्य विभागों में कार्यरत कार्मिकों को भी यह विकल्प दिया गया है। उन्हें भी 31 अगस्त, 2023 तक इस विकल्प का उपयोग करना होगा। अगर कोई योग्य कर्मचारी, उक्त अवधि तक पुरानी पेंशन योजना का विकल्प नहीं चुनता है तो इसका मतलब यह निकाला जाएगा कि वह कर्मी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में रहने का इच्छुक है। उसे एनपीएस के तहत लाभ प्रदान किए जाएंगे। कोई भी योग्य कर्मचारी, अब इन दोनों योजनाओं में से कोई एक विकल्प चुन लेता है तो वह अंतिम विकल्प माना जाएगा। उसके बाद विकल्प में कोई बदलाव नहीं होगा। बता दें कि केंद्र सरकार के तहत सीएपीएफ, दिल्ली पुलिस और अन्य विभागों में अनेक ऐसे कर्मी हैं, जिनकी भर्ती प्रक्रिया 22 दिसंबर 2003 से पहले शुरू हो चुकी थी, लेकिन उनकी ज्वाइनिंग 2004 या उसके बाद हुई है। ऐसे सभी कार्मिकों को एनपीएस में शामिल कर दिया गया।

# पीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची एसपीजी

**तैयारी का जायजा**

## जिला प्रशासन से कार्यक्रम स्थलों का फीडबैक लिया



**वाराणसी।** पीएम के आगमन को लेकर एक तरफ जहां जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है वहीं दूसरी तरफ एसपीजी की टीम भी मोर्चा संभाल ली है। टीम सोमवार को वाराणसी पहुंची और मंगलवार को जिला प्रशासन से कार्यक्रम स्थलों का फीडबैक लिया और वहां पहुंची। एसपीजी की टीम पीएम के सभा स्थल संपूर्णानंद संस्कृत विवि में पहुंची और सुरक्षा को जांचा वहीं सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भी टीम ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं एयपोर्ट बाबतपुर में एएसएल ने बैठक कर सुरक्षा की रणनीति बनायी।

जैसा की बताया गया, पीएम मोदी 24 मार्च को सुबह साढ़े नौ बजे वाराणसी पहुंचेंगे और दिन के ढ़ाई बजे तक शहर में रहेंगे। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में पचास हजार लोगों भीड़ जुट सकती है। पीएम के जनसभा स्थल पर तैयारी शुरू हो गई है। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में एसपीजी की टीम करीब एक बजे पहुंची। अंदर किसी को जाने की इजाजत नहीं थी। टीम ने वहां पीएम के बैठने की व्यवस्था से लगायत एक-एक बिंदुओं की गहनता से निरीक्षण किया। वहीं संपूर्णानंद में मुख्य मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक चप्पे-चप्पे को जांचा और जिला प्रशासन से फीडबैक लिया।

## एयरपोर्ट पर एक घंटे तक चली एएसएल सुरक्षा की बैठक

**बाबतपुर।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर एसपीजी दल व जनपद के उच्चाधिकारियों के साथ मुख्य टर्मिनल भवन के कान्फ्रेंस हॉल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बैठक हुई। एक घंटे तक चली एएसएल सुरक्षा बैठक के दौरान हवाई अड्डे की सुरक्षा सम्बंधित प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा की गयी। उसके बाद एसपीजी सहित अन्य सुरक्षा से जुड़े एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा मुख्य टर्मिनल भवन, एप्रन, रनवे सहित हवाई अड्डे के महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। बैठक के दौरान एसपीजी, आईबी के अधिकारी, एडीएम प्रोटोकाल, निदेशक आर्यमा सान्याल, सीओ पिंडरा अमित कुमार पांडेय, सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट अजय कुमार, एलआईयू के अधिकारी एयरलाइंस, फायर, एटीसी, एनएचआई, इंडियन ऑयल सहित सुरक्षा एजेंसियों के साथ संबंधित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## श्रृंगार गौरी पूजा की सुनवाई अब 6 अप्रैल को

**वाराणसी।** पांच वादिनी महिलाओं का श्रृंगार गौरी के पूजन केस में मंगलवार कोर्ट ने नई तारीख दी है। अब इस मामले पर सुनवाई 6 अप्रैल को होगी। जिला न्यायाधीश, वाराणसी के कोर्ट में मंगलवार को पांच वादिनी महिलाओं का श्रृंगार गौरी के पूजन-स्तवन के मुकदमे की सुनवाई होनी थी। कोर्ट ने यह भी कहा है कि इसमें से एक वादनी लक्ष्मी देवी की याचिका, ज्ञानवापी परिसर में प्रकट हुए शिवलिंग और ज्ञानवापी परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण के मामले में हाईकोर्ट के 5 अप्रैल के आदेश को देखते हुए जिला जज, 6 अप्रैल को ही सुनवाई करेंगे।

18 अगस्त 2021 को दिल्ली से राखी सिंह और सीता साहू, मंजू व्यास, रेखा पाठक और लक्ष्मी देवी ने सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट में यह मुकदमा दाखिल किया था। पांचों महिलाओं ने मांग की थी कि ज्ञानवापी परिसर स्थित मां श्रृंगार गौरी के मंदिर में नियमित दर्शन-पूजन की अनुमति मिले। इसके साथ ही ज्ञानवापी परिसर स्थित अन्य देवी-देवताओं के विग्रहों की सुरक्षा के लिए मुकम्मल इंतजाम हों।

## संक्षेप

### अरुण पाठक के खिलाफ 174 की कार्रवाई की

**वाराणसी।** भेलूपुर स्थित जैन मंदिर परिसर में रहने वाले अरुण पाठक के खिलाफ उप निरीक्षक अरविंद कुमार वर्मा की शिकायत पर आईपीसी की धारा 174 ए में दर्ज किया गया। अरुण पाठक के खिलाफ भेलूपुर थाने में धोखाधड़ी कूट रचित सहित अन्य संगीन मामले दर्ज हैं। जिसमें न्यायालय में हाजिर ना होने पर या पुलिस से संपर्क में नहीं आने पर 82 की कार्रवाई करने का आदेश हो चुकी है। 6 फरवरी को ही 82 का आदेश तमिल कराया जा चुका है। इसके बाद भी आरोपी फरार चल रहा है।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**सेवापुरी।** दिनदासपुर गांव निवासी करन कुमार विश्वकर्मा की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। मंगलवार सुबह बड़ागांव थाना क्षेत्र के औसानपुर गांव स्थित एक नूडल फैक्ट्री में काम करने के दौरान घटना घटी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पीएम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार करन जनरेटर चालू कर रहा था, इस दौरान करेंट उतरा और वह झुलस गया। मौके पर मौजूद फैक्ट्री के मालिक ने मजदूर को लेकर इलाज के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल लाया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। फैक्ट्री मालिक ने उसकी डेड बॉडी को घर पहुंचाया इस बीच किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। करन दो भाइयों में बड़ा था। पिता संतलाल बढ़ई गिरी का काम करते हैं।

### रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार गया जेल

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के घरसौना बाजार स्थित एक डाक्टर से रंगदारी मांगने के आरोपित युवक को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के धरसौना बाजार स्थित इलेक्ट्रो होम्योपैथ के डॉक्टर एसएन विश्वकर्मा ने शनिवार को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि 18 तारीख को रूपचंदपर निवासी प्रदीप चौबे मेरे क्लिनिक पर आया अवैध क्लीनिक चलाने की धमकी देते हुए पचास हजार की रंगदारी की मांग करने लगा। चोलापुर प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि रंगदारी मांगने में प्रदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया कर मंगलवार को उसको गिरफ्तार कर लिया गया।

### अनियंत्रित मैजिक दुकान में घुसी

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के मंगारी बाजार ब्लॉक के पास अनियंत्रित मैजिक ब्यूटी पार्लर का टीन सेड तोड़ते हुए दुकान में घुस गयी। चालक नशे में धुत बताया गया। इसके पहले दौरान बैकुंठपुर गांव निवासी आशीष शर्मा नामक व्यक्ति को टक्कर मारी और भागने के दौरान वह ब्यूटी पार्लर का टीन सेड में घुसा था। मालवाहक पर जौनपुर का नंबर प्लेट था। मौके पर बचाव के लिए पहुंचे लोगों ने देखा तो वाहन चालक और उसमें सवार एक व्यक्ति दोनों नशे में धुत थे। क्षेत्रीय पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त दुकान की भरपायी करायी साथ ही घायल युवक को अस्पताल भिजवाया। दोनों पक्ष के आपसी समझौते के बाद छोड़ दिया गया।

### डीसीपी के निर्देश पर आधा दर्जन मुकदमा दर्ज

**पिंडरा।** महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने पर 15 दिन बाद आधा दर्जन लोगों के खिलाफ डीसीपी के आदेश पर फूलपुर थाने पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। डीसीपी को दिए तहरीर में कठिरांव निवासी अनिता देवी का आरोप है सात मार्च को जब वह खेत मे काम करने गई थी तभी गांव के ही भगेलू चौहान, राकेश सिंह, पिंटू विश्वकर्मा समेत 15 लोग पहुंचे और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और छेड़खानी भी। विरोध करने और शोर मचाने पर जब आसपास के लोग पहुंचे तो सभी धमकी देने हुए भाग निकले। महिला की तहरीर पर पुलिस पर 147, 323, 504, 506, 354 क तथा एसटी एससी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### निगरानी याचिका पर भी आ सकता है आदेश

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में बुधवार को एक और मामले में आदेश आनी है। कोर्ट ने पिछले तिथि पर क्षेत्राधिकार के लेकर दाखिल निगरानी अर्जी पर पक्षकार बनाने सबंधित अर्जी पर सुनवाई के बाद आदेश में सुरक्षित रखते हुए 22 मार्च की तिथि नियत थी। निगरानी कर्ता अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से जुलाई 2021 में निगरानी याचिका दाखिल की गई थी। कहा गया था कि ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। उसकी सुनवाई के अधिकार लखनऊ वक्फ बोर्ड को है, सिविल न्यायालय को नहीं।

# संभागीय निरीक्षक ने जनसेवा केंद्र संचालक पर दर्ज कराया मुकदमा

**कार्रवाई**

### आरआई और बाबू के नाम पर उगाही करने का आरोप

**वाराणसी।** संभागीय निरीक्षक प्राविधिक पीयूष कुमार ने चौकाघाट सांस्कृतिक संकुल के पास संचालित जनसेवा केंद्र संचालक आरके पटेल उर्फ गुड्डू के खिलाफ हैवी वाहन लाइसेंस बनवाने और उगाही करने के मामले में कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

आरआई पीयूष कुमार की माने तो विस्तार पटल कार्यालय सांस्कृतिक संकुल चौकाघाट के पास आरके पटेल नामक व्यक्ति का जनसेवा केंद्र है। उन्हें जानकारी मिली कि यहां हैवी लाइसेंस बनवाने के नाम पर उनके और संभागीय कार्यालय के बाबू के नाम पर आरके पटेल अवैध वसूली कर रहा है। इस बात की शिकायत प्रमोद कुमार सिंह (उपाध्यक्ष पूर्वांचल ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन) की तरफ से भी की गयी थी साथ ही अन्य माध्यमों से भी ये शिकायत सामने आयीं थी। जबकि लाइसेंस संबन्धि सभी आवेदनों का शुल्क ऑनलाइन प्राप्त किए जाते हैं। आवेदक ऑनलाइन शुल्क और फार्म जमा कर स्लॉट बुक होने के दिन टेस्ट के लिए कार्यालय में उपस्थित होना होता है।

लर्निंग लाइसेंस में फेसलेस व्यवस्था लागू है। ऐसे में उक्त संचालक द्वारा झांस देकर आवेदकों से उगाही करना अपराध की श्रेणी में आता है साथ ही विभाग की छवि खराब करने की कोशिश की गयी।


## रास्ते के विवाद में जमकर चले लाठी डंडे, दो घायल

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के नथईपुर में रास्ते के विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चला। मारपीट में दोनों पक्ष से एक महिला समेत दो लोग घायल हुए। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर मुकदमा दर्ज कराया। एक पक्ष के नागेंद्र दुबे ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी निर्मला देवी (56) रास्ते के विवाद में लाठी डंडे से पीट दिया जिससे सिर में गंभीर चोटें आई। जिसपर पुलिस ने 147, 323 504,506 के तहत पांच नामजद समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष की ज्योति दुबे ने आरोप लगाया कि उसके भाई आशीष दुबे को लाठी डंडे से पीट दिया। जिससे उसे गम्भीर चोटें आईं। पुलिस ने 323, 504 व 506 के तहत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को पुलिस ने दोनों पक्षों से एक एक लोगो को मंगलवार को चालान किया।

# जुलूस की शक्ल में पहुंचेंगे आठ हजार कार्यकर्ता

**पीएम की जनसभा**

### भाजपा शिवपुर विस क्षेत्र की बैठक में तैयारियों पर चर्चा



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 मार्च को सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में होने वाली जनसभा को लेकर भाजपा शिवपुर विधानसभा क्षेत्र की बैठक मंगलवार को दादुपुर में हुई। बैठक में तय हुआ कि आठ हजार कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि 24 मार्च को पीएम की जनसभा में शिवपुर विधानसभा से आठ हजार कार्यकर्ता ढोल-नगाड़े के साथ जुलूस की शक्ल में जनसभा स्थल पर पहुचेंगे।

कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से सम्पर्क कर उन्हें जनसभा में आने का निमंत्रण दे। जनसभा में पहुंचने में कार्यकर्ताओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके लिए पहले से ही वाहनों की संख्या, उनका नम्बर, ड्राइवर का नम्बर, जहां से उन्हें जनसभा के लिए प्रस्थान करना है, उस जगह का नाम आदि पहले से तय कर लिया जाए। बैठक में पीएम के स्वागत व अभिनंदन के लिए उनके यात्रा मार्ग को बड़े होर्डिंग्स, बैनर, झंडे आदि से सजाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, हंसराज विश्वकर्मा, संजय सोनकर, प्रभात सिंह, अरविंद प्रधान आदि थे।

## झांसे में लेकर पांच बार में निकाला 1.50 लाख

**वाराणसी।** कैंट के भीम नगर सीकरौल निवासी राजेंद्र कुमार को जालसाज ने पूर्व परिचित बता कर ऑनलाइन पे एप के माध्यम से पांच बार में 1.50 लाख रुपये का चुना लगाया। पीड़ित ने कैंट थाने में रपट दर्ज कराया।

राजेंद्र के मोबाइल पर एक व्यक्ति ने जान पहचान का हवाला दिया और भुगतान करने नाम पर उनके खाते में तीन बार में एक लाख पांच हजार का फेक भुगतान किया और बाद में मांगा। राजेंद्र भी बिना खाते की जानकारी लिए दो उन्य परिचितों के माध्यम से जालसाज के खाते में एक लाख पांच हजार ट्रांसफर कर दिया। जालसाज उनके 50 हजार और मांगा और राजेंद्र ने अपनी पत्नी और एक अन्य परिचित के एकाउंट से उसे भेज दिया। इसके बाद जब उसने अपना खाता चेक किया तो पता चला की खाली हो चुका है और जालसाज ने जो पैसा भेजा था वो भी फेक था। पीड़ित ने कैंट थाने में साइबर क्राइम का मुकदमा दर्ज कराया।

# विजेताओं को मिला पुरस्कार, खिले चेहरे



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लहरतारा स्थित पूर्वोत्तर रेलवे अधिकारी क्लब में सम्पन्न ऑन स्पॉट ड्राइंग पेंटिंग एवं निबन्ध प्रतियोगिता के विजेताओं को मंगलवार को पुरस्कृत किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन सुजाता पाण्डेय एवं मंडल रेल प्रबंधक ने दीप प्रज्वलित कर किया। पुरस्कार समारोह में मुख्यालय स्तर पर भी वाराणसी मंडल के प्रतिभागियों को 6 पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। जबकि मंडल स्तर पर तीनों ग्रुपों (6-9,9-12,12-15 आयु संवर्ग ) में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 18 बच्चों एवं प्रोत्साहन पुरस्कार 12 बच्चों को अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन सुजाता पाण्डेय एवं मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा बशु श्रीवास्तव, अंजना अग्निहोत्री, अपर्णा यादव, कोषाध्यक्ष नम्रता सिंह एवं कार्यकारिणी की सदस्याओं में प्रीति केशरवानी, ऋतिका सिंह, सरिता केशरवानी समेत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## बाबा कालभैरव का वार्षिक श्रृंगार 25 को



**वाराणसी।** काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव का वार्षिक श्रृंगार 25 मार्च शनिवार को आयोजित है। मंदिर के महंत सुमीत उपाध्याय ने बताया कि बाबा का वार्षिक श्रृंगार प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है। इस दौरान बाबा के विग्रह सहित पूरे मंदिर प्रांगण से लगायत भैरव नाथ चौराहे तक सजावट की जायेगी। इसके साथ ही बाबा को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जायेगा। बाबा के चरणों में स्थानीय कलाकारों की ओर से स्वरांजलि अर्पित करते हुए देर रात को महाआरती की जायेगी। बताया कि इस दौरान हर वर्ष भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## ससुराल वालों ने घर में घुसकर महिला और परिजनों को पीटा

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवपुर गांव निवासी महिला ने और उसके मायके वालों को ससुराल पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में महिला की डीसीपी गोमती जोन से गुहार लगायी। डीसीपी के निर्देश पर बड़ागांव थाना पुलिस ने रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

महादेवपुर निवासी आत्माराम गिरी की पुत्री खुशबू गिरी की शादी जौनपुर जनपद के थाना रामपुर के कोटगांव निवासी पंचदेव गिरी के साथ जून 2017 में हुई थी। शादी के बाद एक पुत्र भी हुआ जिसकी मृत्यु हो गयी। बच्चे की मृत्यु के उपरांत ससुराल पक्ष के लोग विवाहिता से दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे तथा पिछले साल उसे मारकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि ।सुराल पक्ष के पति सहित घनश्याम गिरी,नीरज गिरी तथा कई अज्ञात लोग 14 मार्च 2023 को मायके में रह रही विवाहिता के घर में घुसकर दहेज अधिनियम का मुकदमा न उठाने पर मारा पीटा।

# बच्चे का शव दफनाने की सूचना, खोदा तो निकला कुत्ता



**शिवपुर।** शिवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उंदी गांव के एक खेत मे बच्चे का शव दफनाने की सूचना तेजी से फैली। उक्त सूचना के आधार पर वहां ग्रामीणों का जुटान भी होने लगा। करीब चार घंटे तक खोजबीन चली। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी कि खेत में बच्चे के शव को दफनाया गया है ऐसे में पुलिस भी वहां पहुंची। खोजबीन के दौरान एक स्थान पर अगरबत्ति, फूल माला दिखा ऐसे में पुलिस की मौजूदगी में वहां की मिट्टी हटायी गयी देखा तो किसी बच्चे का नहीं बल्कि कुत्ते की डेडबॉडी को दफनाया गया है।

थानाध्यक्ष शिवपुर वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग आठ सूचना मिली कि उंदी के एक खेत में बच्चे का शव किसी ने दफना दिया है। दफनाए गए स्थान पर कफन, अगरबत्ती, मास्क और दास्ताना पड़ा हुआ था। लेकिन खोदाई करने पर उसमें से कुत्ते की लाश मिली। लगभग चार घंटे तक परेशान रहने के बाद जब गड्ढे में से कफन में लपेटा हुआ कुत्ते का लाश मिला लोगों ने राहत की सांस ली।

## ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते ने बच्चे को मिलाया

**वाराणसी।** आरपीएफ वाराणसी पोस्ट की उप निरीक्षक स्नेह निधि की ओर से स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म संख्या नौ पर एफओबी के समीप पास एक लड़का बेंच पर बैठा मिला, रोते बच्चें से पूछने पर उसने अपना नाम शुभम कुमार पुत्र संजू गौड़ उम्र 11 वर्ष निवासी-औझा छपरा थाना चौक जिला बलिया बताया तथा घर से बिना बताये नराज होकर ट्रेन में बैठकर घर से भागने की बात कही, इसके बाद उक्त बालक को आरपीएफ की ओर से गुड़िया रेलवे चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ता रेखा भारती को नियमानुसार सुपुर्द किया गया। परिजनों को सूचित कर उन्हें सौंप दिया जायेगा।


जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**

**आवश्यकता है :**-कूबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय दरियापुर नेवादा, आजमगढ़ उ0 प्र0-276203 में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर रसायन विज्ञान व प्राणि विज्ञान विषयों में यू0 जी0 सी0 मानकानुसार योग्यताधारी प्रवक्ताओं की। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें।
**प्राचार्य-सम्पर्क-9415449438**

**आवश्यकता है**
संत कीनाराम पी0 जी0 कालेज, कनेरी, गाजीपुर (वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी एवं गृहविज्ञान (चाईल्ड डेवलपमेन्ट) एवं विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित विषयों में दो-दो प्रवक्ता एवं वाणिज्य संकाय के एम0 काम0 पाठ्यक्रम में 03 प्रवक्ता पद हेतु योग्यताएं यू0 जी0 सी0 / विश्वविद्यालय परिनियमायमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक या दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
**प्रबन्धक-मो0-9451953111, 9554808398**


## जांच अधिकारी बनकर आया लगाया 40 हजार का चूना

**चौबेपुर।** चौबेपुर क्षेत्र के राजवारी गांव में ब्लॉक अधिकारी बनकर आया जालसाज ने महिला को प्रधानमंत्री आवस का निरीक्षण करने की बात कहकर 40 हजार का चूना लगाया। महिला की माने तो खुद को ब्लॉक अधिकारी बताने वाले ने अपना नाम संजय सिंह बताया और निर्माणाधीन मकान का निरीक्षण करने लगा। उसके साथ एक और व्यक्ति था। रेखा देवी ने बताया कि इसके बाद उसने लाभार्थियों की सूची दिखायी और बताया कि आवंटियों की फोटो धनराशि के साथ खींचनी हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें 70 हजार मिला था, लेकिन महज 40 हजार बचा है। ऐसे में जालसाज ने कहा कि कोई बात नहीं जो पैसे हैं उन्हीं के साथ फोटो खींचवा लें। रेखा देवी पैसे लेकर फोटो महिला 40 हजार लेकर फोटो खिंचवाने लगी जालसाज ने उनके हाथ से पैसा लेकर कहां कि आगे प्रधान जी हैं और बाइक स्टार्ट कर दोनों भाग निकले। महिला ने दोनों अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी।

## एक साथ सुनवाई पर आज आदेश आने की संभावना

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर पर कब्जा, भगवान आदि विश्वेश्वर को सौंपने आदि सभी मामले एक साथ एक कोर्ट में सुनवाई करने सबंधित प्रार्थना पत्र पर बुधवार को आदेश आने की संभावना है। जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट से पिछले कई तिथियों से आदेश में लंबित है।

## मोटा अनाज व पोषण संबंधी सेवाओं पर जोर

**वाराणसी।** पोषण संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा के उद्देश्य से जनपद में सोमवार से शुरू होकर तीन अप्रैल तक बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के माध्यम से पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक मोटे अनाज के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा शुरू किया गया है। इसमें ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग, आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, कृषि विभाग सहित कई विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। इस दौरान मोटा अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, कुट्टू, सावां, कंगनी, चीना, मक्का आदि के बारे में जनपदवासियों को जागरूक किया जाएगा। बताया कि इन मोटे अनाजों में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट व विटामिन की मात्रा अधिक मिलती है। इस पखवाड़ा में स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा के माध्यम से चयनित स्वस्थ बालक बालिका के माता-पिता को सम्मानित करने एवं प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें मोटे अनाज से बने हुए व्यंजन देकर प्रोत्साहित करना है।

## भिक्षुकों की हुयी काउंसिलिंग



**वाराणसी।** जिलाधिकारी के आदेश पर चलाये जा रहे भिक्षावृत्ति मुक्त काशी अभियान के तहत मंगलवार को कैंट, दशाश्वमेध, कोतवाली, रामनगर, आरपी घाट, गिरजाघर, गोदौलिया चौराहा, बांसफाटक, दुर्गाकुंड, संकट मोचन, मानस मन्दिर, बनकटे हनुमानजी आदि स्थानों पर 33 भिक्षुकों की काउंसिलिंग की गयी। बताया गया कि भिक्षा लेना व देना अपराध है। इस दौरान दो भिक्षुकों को उनके गृह जिला भेजा गया। जबकि सात भिक्षुकों को शेल्टर होम व 14 को उनके परिवार को सुपुर्द किया गया।

## एनईआर श्रमिक संघ के जोनल अध्यक्ष बने अरविन्द

**वाराणसी।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ का द्विवार्षिक महाधिवेशन नई कार्यकारिणी के गठन एवं संरक्षा सेमिनार के साथ संपन्न हुआ। पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि सैयदराजा के विधायक सुनील सिंह रहे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों से जुड़ाव पूर्व से भी रहा है। कर्मचारियों समस्याओं को सरकार के सामने रखेंगे एवं शीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे। अरविंद कुमार ने कहा कि कार्यनुरुप पदों की समीक्षा एवं नए पदों का सृजन तथा रिक्त पदों को शीघ्र भरने की कार्यवाही की जानी चाहिए। अधिवेशन के अंतिम सत्र में पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ की जोनल इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें अरविंद कुमार को अध्यक्ष, बजरंगी दुबे महामंत्री, राजेश कुमार उपाध्यक्ष, संजय त्रिपाठी संगठन मंत्री, कामेश्वर दुबे सहायक मंत्री, पीके सिंह कार्यसमिति सदस्य, युगेश कुमार मल्ल कार्यसमिति सदस्य , रीता मिश्रा को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारियां सौंपी गई । कार्यक्रम में विकास केसरी, रंजीत कुमार, विवेकानंद सिंह, हरिनारायण शर्मा, सर्वेश पांडे, सिल्वेस्टर मींज, राकेश गिरी, विकास नारायण वर्मा, अयोध्या गुप्ता आदि थे।




## कार्यालय नगर पंचायत, चोपन-सोनभद्र

पत्रांकः 302/न0 पं0 चो0/2022-23 दिनांकः 20.03.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत चोपन सोनभद्र में पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से कार्य कराने हेतु अल्पकानीन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है :-**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु.) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न0 पं0 चोपन में मेन रोड बस/टैम्पू स्टैण्ड के पास (सैलून के बगल में) 04 सीटर महिला व पुरूष यूरिनल का निर्माण कार्य। | 3.25 | 6,500.00 | 300.00 | 30 |

1. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता (निविदा विक्रय) की तिथि 21.03.2023 से 12.04.2023 को अपरान्ह 5.00 बजे तक, स्थान नगर पंचायत, चोपन सोनभद्र।
2. निविदा डालने के लिये अंतिम तिथि समय व स्थान नगर पंचायत चोपन सोनभद्र में दिनांक 13.04.2023 को 2.00 बजे तक व निविदा खोलने का समय व स्थान नगर पंचायत चोपन सोनभद्र में दिनांक 13.04.2023 को 3.00 बजे से।
3. निविदा आमंत्रणकर्ता की आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रुप से निकाय से सूचना पट्ट पर निगरानी रखें।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत चोपन सोनभद्र के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगा।

**लिपिक**
**नगर पंचायत चोपन सोनभद्र।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत चोपन सोनभद्र।**

**प्रशासक**
**नगर पंचायत चोपन सोनभद्र।**



# वाराणसी मंडल



# पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारियों ने भरी हुंकार, निकाला जुलूस

## प्रधान डाकघर कैंट नदेसर से जिला मुख्यालय पहुंचे, की नारेबाजी

**रोष**

**विभिन्न विभागों के जुटे कर्मचारियों ने दिखाई जबर्दस्त एकजुटता**

**वाराणसी।** 'पुरानी पेंशन व्यवस्था' बहाली की मांग को लेकर केंद्र व राज्य कर्मचारी समन्वय मंच बैनर तले कर्मचारी मंगलवार को एकजुट हुए। प्रधान डाकघर कैंट नदेसर से जिला मुख्यालय तक रैली निकाली और सरकार का ध्यानाकर्षण कराते हुए आर-पार की लड़ाई की चेतावनी दी। संकल्प लिया कि जब तक पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल नहीं हो जाती, तब तक कोई कर्मचारी शांत नहीं बैठेगा।

रैली में शामिल कर्मचारी पुरानी पेंशन के समर्थन में नारें लिखी तख्तियां लिये और नारे लगाते हुए चल रहे थे। मुख्यालय पर हुई संक्षिप्त सभा में वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए हर कर्मचारी अंतिम दम तक संघर्ष करने को तैयार है। क्योंकि सभी नई पेंशन योजना से संतुष्ट नहीं है। केंद्र सरकार को एनपीएस वापस लेकर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर देनी चाहिए, यहीं हमारी प्रमुख मांग भी है। वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था को सरकार को हर हाल में बहाल करना पड़ेगा वरना चक्का जाम जैसा कठोर निर्णय भी लेना पड़ सकता है, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की ही होगी।

पूर्व एमएलसी चेतनारायण सिंह ने कहा कि शिक्षकों व कर्मचारियों को हर हाल में पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए। नई पेंशन की तुलना पुरानी पेंशन से नहीं की जा सकती है क्योंकि सेवानिवृत्त के बाद मिलने वाली धनराशि गारन्टेड नहीं है। इसलिये प्रधानमंत्री को यह मांग स्वीकार कर लेनी चाहिए। रैली का नेतृत्व मंच के संयोजक शशिकांत श्रीवास्तव ने किया। रैली में सुनील सिंह, एनबी सिंह, प्रदीप शर्मा, अरविन्द श्रीवास्तव, महिमा दत्त द्विवेदी, राजेश्वर पांडेय, दिनेश सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, सुभाष शाह, पीके दत्ता, इंद्रजीत प्रसाद, यशोवर्धन त्रिपाठी, दिनेश सिंह, पवन चौहान, बृजेश यादव श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, रविशंकर प्रजापति, महेश त्रिपाठी, आलोक दूबे, वाचस्पति मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, गीता उपाध्याय, आरती शास्त्री, महेश श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, दिवाकर द्विवेदी आदि शामिल थे।



पुरानी पेंशन बहाली के लिए रैली निकालते विभिन्न विभागों के राज्य कर्मचारी

## किसानों को मुआवजा देने के लिए कांग्रेस ने सौंपा पत्रक

**वाराणसी।** कांग्रेस जिला व महानगर इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से चौपट हुई फसल का मुआवजा किसानों को दिलाने के लिए मंगलवार को एसीएम तृतीय को पत्रक सौंपा। पत्रक में उल्लेख किया गया है कि प्राकृतिक आपदा से किसानों के गेहूं, मटर, चना, सरसो, अरहर आदि फसल पूरी तरह चौपट हो गयी है। ऐसी स्थिति में सरकार को तत्काल प्रभाव से किसानों को उनकी नुकसान हुई फल का उचित मुआवजा देना चाहिए।
प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, अशोक सिंह, डॉ. राजेश गुप्ता, श्रीप्रकाश सिंह, विनोद सिंह कल्लू, राजीव राम, संतोष मौर्य, राजेन्द्र गुप्ता, ऋषव पाण्डेय, लोकेश सिंह आदि थे।

# हड़ताल के समर्थन पर एक्सईएन निलंबित

**मचा हड़कंप**

**पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक ने की कार्रवाई**

**इस कार्रवाई से अन्य जिम्मेदारों की बढ़ी दिल की धड़कन**

**परीक्षण खंड के एक्सईएन को सौंपा गया अतिरिक्त कार्यभार**

**वाराणसी।** बिजली कर्मचारियों के हड़ताल के चलते विभाग को हुए नुकसान व हड़ताल को समर्थन देने के आरोप में विद्युत वितरण खंड-द्वितीय के अधिशासी अभियंता आशीष कुमार को निलंबित कर दिया गया है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) के प्रबंध निदेशक शंभु कुमार ने यह कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। साथ ही अन्य जिम्मेदारों के भी दिल की धड़कन बढ़ गई है।

पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक शंभु कुमार ने कई गंभीर आरोप के चलते अधिशासी अभियंता आशीष कुमार को निलंबित कर दिया है। उन्होंने अपने आदेश में बताया कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की तरफ से कार्य बहिष्कार/हड़ताल किया गया। जिसके चलते पारेषण एवं वितरण के अनेक विद्युत पोषक बंद हो गए और इससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हुई। हड़ताल के दौरान बिजली कटौती के चलते आम जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ी। विद्युत आपूर्ति न होने से अनेक आवश्यक सेवाओं में व्यवधान आया और कानून व्यवस्था भंग होने की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे जिला/पुलिस प्रशासन के सहयोग से निपटाया गया। कार्य बहिष्कार व हड़ताल के कारण उत्तर प्रदेश का पावर कारपोरेशन को वित्तीय हानि हुई एवं राजस्व वसूली घटने के कारण वित्तीय संकट भी उत्पन्न हुआ।

पूर्वांचल-डिस्कॉम के एमडी ने आदेश में लिखा है कि विद्युत वितरण खंड-द्वितीय के एक्सईएन आशीष कुमार भी हड़ताल में शामिल हुए और अन्य कर्मचारियों को कार्य बहिष्कार/हड़ताल करने के लिए उकसाया। उन्होंने अपने कर्त्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। एक्सईएन ने अपने सरकारी सेवक आचरण नियमावली का घोर उल्लंघन किया है। प्रथम दृष्टया अनुशासहीनता पाये जाने पर एक्सईएन को निलंबित करते हुए प्रयागराज क्षेत्र के मुख्य अभियंता (वितरण) कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। दूसरी तरफ, वाराणसी क्षेत्र के मुख्य अभियंता (वितरण) अनूप कुमार वर्मा ने निलंबित एक्सईएन का कार्यभार विद्युत परीक्षण खंड के अधिशासी अभियंता संजय कुमार को सौंप दिया है। अगले आदेश तक वे अपने कार्य के साथ ही विद्युत वितरण खंड-द्वितीय के एक्सईएन का भी कार्य देखेंगे।

## राजेंद्र प्रसाद को निदेशक कार्मिक का भी चार्ज

**वाराणसी।** अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) महेश कुमार गुप्ता ने कार्य हित में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (वाणिज्य) राजेंद्र प्रसाद को निदेशक (कार्मिक प्रबंधन और प्रशासन) का भी चार्ज तत्काल प्रभाव से सौंप दिया है। निदेशक (वाणिज्य) राजेंद्र प्रसाद अपने मूल कार्य के साथ ही निदेशक (कार्मिक प्रबंधन और प्रशासन) का भी कार्य अगले आदेश या नियमित नियुक्ति होने तक संभालेंगे। बताते चले कि निदेशक राजेंद्र प्रसाद की छवि एक ईमानदार अधिकारी की है और उनकी गणना पावर कारपोरेशन के अच्छे अधिकारियों में की जाती है।

# बिजनेस कांक्लेव में भाग लेंगे 21 देशों के प्रतिनिधि

**तैयारी बैठक**

**आईआईए की तरफ से 25 मार्च को होगा लखनऊ में वृहद आयोजन**

**देश-विदेश के बिजनेस डेलीगेट्स करेंगे एमएसएमई के उन्नयन पर मंथन**

**वाराणसी।** इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईआईए) की तरफ से 25 मार्च को लखनऊ में आयोजित एमएसएमई बिजनेस कांक्लेव में 21 देशों के राजदूत और राजनायिक भाग लेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर मलदहिया स्थित संगठन कार्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में बताया गया कि काशी व पूर्वांचल के 15-20 उद्यमियों का स्टॉल कांक्लेव में लगेगा।

आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने बताया कि इस कांक्लेव में देश के एमएसएमई उत्पादों के लिए निर्यात संभावनाएं तलाशना, तकनीक के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, द्विपक्षीय निवेश को बढ़ाना, बिजनेस डेलिगेशन का आदान-प्रदान करना आदि विषयों पर वृहद चर्चा की जाएगी। इसमें 10 देशों के राजदूत व 11 देशों के राजनायिक के अलावा देश-विदेश के 250 से ज्यादा बिजनेस डेलीगेट्स भाग लेंगे, जो एमएसएमई के उन्नयन पर मंथन करेंगे। कांक्लेव का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी होंगे। आईआईए फुट कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन दीपक बजाज ने बताया कि कांक्लेव से देश के एमएसएमई उद्यमियों को अपने उत्पादन के निर्यात की खातिर 21 देशों के साथ सीधे बातचीत का एक सुनहरा अवसर मिलेगा। वाराणसी के चेयरमैन अनुपम देवा ने बताया कि कांक्लेव में वियतनाम, मंगोलिया, जिंबाब्वे, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, गविया, कीनिया, सोमालिया, मालदीव, गिनिया, लसोते, किर्गिस्तान, इथोपिया, घाना, फिजी, जिबूती, मलावी, नेपाल, सूडान, ऑस्ट्रिया, डीआर कांगो एवं नाइजीरिया के प्रतिनिधि शामिल होंगे।



बैठक को संबोधित करते आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी


## तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा तीन अप्रैल को

वाराणसी। विधि संकाय-बीएचयू के संकाय प्रमुख के अनुसार 30 मार्च को होने वाली बीए, एलएलबी (आनर्स) तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा रामनवमी अवकाश के कारण अब तीन अप्रैल को होगी।











रिटेल डायरेक्टरी


















## संक्षेप

### शिक्षक बच्चों के साथ आत्मीय संबंध बनाएं : देवी प्रसाद



**पिंडरा।** नए सत्र में बेहतर शैक्षिक महौल बनाने व शासन स्तर से आए निर्देशों पर मंगलवार को विकास खंड के सभी 14 न्यायपंचायतों में शिक्षकों की बैठक हुई। जिसमें शिक्षकों को बेहतर शिक्षण के बाबत टिप्स दिए गए। विकास खंड के पिंडरा, फूलपुर, गरथमा, बाबतपुर, सिंधोरा, गड़खडा, रसूलपुर, अहरक, हिरामनपुर, परसरा, अमौत समेत 14 न्यायपंचायत के स्कूलों में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बीईओ देवी प्रसाद दुबे ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों के साथ आत्मीय संबद्ध स्थापित करते हुए शिक्षण कार्य करने और अभिभावकों से संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा प्रवेश कराने व एक अप्रैल को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से निशुल्क किताबों का वितरण कराने के साथ निपुण विद्यालय बनाने पर बल दिया गया। इस दौरान एआरपी रामसेवक यादव, विरेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, अजय सिंह, संजय वर्मा, नोडल संकुल अखिलेश मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।

### संपूर्णानंद विवि का स्थापना दिवस समारोह कल से

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का 66वां स्थापना दिवस समारोह 23 मार्च गुरुवार चैत्र शुक्ल द्वितीया को वेद भवन में कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 'शक्ति समाराधन' कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम डॉ. विजय कुमार शर्मा के आचार्यत्व व डॉ. सत्येंद्र कुमार यादव के संयोजकत्व व प्रो. महेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में संपन्न होगा। कुलपति के निर्देशन में जी20-सम्मेलन, आजादी का अमृत महोत्सव एवं काशी-तमिल संगमम के अंतर्गत स्थानीयस्तर पर 16 मार्च से लगातार विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जिसमें (16 से 18) तीन दिवसीय कार्यशाला, 23 को शक्ति समाराधन, 24 को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन, 25 को राष्ट्रीय अष्टावधान, 27 को प्रसिद्ध कवि कालिदास के उपन्यास पर आधारित अभिज्ञान शाकुंतल नाटक का मंचन और 28 को आचार्य जगन्नाथ उपाध्याय के जयंती समारोह पर संगोष्ठी आयोजित होगी।

### वीडीए ने 20 बीघा अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा मंगलवार को शिवपुर वार्ड में लगभग 20 बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। शिवपुर वार्ड अंतर्गत रामश्रय यादव, ओम प्रकाश यादव व मल्लू यादव कालोनाइजर द्वारा मौजा-उंदी में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा एवं अज्ञात कालोनाइजर द्वारा शिवपुर रामलीला मैदान, भरलाई में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग को वीडीए प्रवर्तन टीम ने स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया। इस दौरान वीडीए अधिकारी देवदंद राम, जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार, अवर अभियंता रामचंद्र मौजूद रहे।

### जिला पंचायत की बैठक 25 को

**वाराणसी।** जिला पंचायत सभागार में शनिवार 25 मार्च को जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी की ओर से बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिले के जिला पंचायत सदस्य, सांसद और विधायक उपस्थित होंगे। बैठक में किसी भी सदस्य के प्रतिनिधि की उपस्थिति मान्य नहीं होगी।

### वाराणसी से देहरादून के लिए सीधी फ्लाइट

**वाराणसी।** 27 मार्च से विमानन कंपनी एलाइंस एयर देहरादून-वाराणसी और देहरादून-जम्मू के बीच अपनी फ्लाइट संचालित करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि देहरादून एयरपोर्ट के लिए समर शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। इसे डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) से अनुमोदन का इंतजार है। अनुमोदन मिलते ही देहरादून एयरपोर्ट से कुछ नए शहर हवाई मार्ग से सीधे जुड़ जाएंगे। प्रतिवर्ष मार्च के आखिर में एयरपोर्ट के लिए समर शेड्यूल लागू किया जाता है। इसमें कुछ नए शहरों के लिए फ्लाइट शुरू की जाती है उत्तराखंड में चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन के लिए विभिन्न शहरों के लिए प्रतिदिन उड़ान भर रही फ्लाइटों की संख्या भी बढ़ाई जाती है।

### कर्मचारियों को दिया गया सीपीआर प्रशिक्षण

**वाराणसी।** कार्डियक अरेस्ट आने पर किसी व्यक्ति की जान स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर ही बचाई जा सके है, इसके लिए विभाग पूरी तैयारियों में जुटा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में द हंस फाउंडेशन के सहयोग से संचालित कार्डियोपल्मनरी रिससिटेशन (सीपीआर) विधि के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में हुई। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संदीप चौधरी ने किया जिसमें शिक्षक, आंगनवाड़ी, आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ने प्रतिभाग किया। सीएमओ ने बताया कि जनपद में हार्ट अटैक से होने वाली गंभीर समस्याओं को रोकने के लिए सभी जिला चिकित्सालयों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ईसीजी और थ्रंबोलिसिस की सेवाएं पहले से दी जा रही हैं। सीपीआर का सम्पूर्ण प्रशिक्षण राजकीय चिकित्सक व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ शिव शक्ति प्रसाद द्विवेदी एवं द हंस फाउंडेशन के मेडिकल ऑफिसर डॉ ऋषभ ने दिया।

### वंदे भारत का संचालन बनारस से

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल स्थित झूंसी-रामनाथपुर के मध्य दोहरीकरण एव झूंसी स्टेशन पर प्रस्तावित यार्ड री-मॉडलिंग के चलते वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन में बदलाव किया गया है। वाराणसी से नई दिल्ली के बीच संचालित यह ट्रेन 22 से 28 मार्च तक अस्थाई रूप से कैंट स्टेशन के बजाय बनारस (मंडुआडीह) स्टेशन से प्रस्थान करेगी। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस अवधि में गाड़ी संख्या-22434/22435 वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्व निर्धारित मार्ग प्रयागराज-माधोसिंह के बजाय जंघई-लोहता-बनारस के रास्ते चलाई जाएगी। 22 से 28 मार्च तक बनारस स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। यहीं से पुनः नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी।

### स्क्रीन पर दिखेगा यात्रियों को किराया

**वाराणसी।** टिकट काउंटर पर बाबू द्वारा यात्रियों से टिकट के दाम से ज्यादा वसूलने की शिकायत पर अब विराम लगेगा, मंगलवार को कैंट स्टेशन पर रिपीटर की व्यवस्था चालू कर दी गई, जिसमें यात्री अपने किराए को स्क्रीन पर देख सकेंगे। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि कैंट स्टेशन के जनरल टिकट काउंटर और आरक्षण काउंटर पर रिपीटर की व्यवस्था की गई है, जिससे चलते यात्री को गंतव्य के जाने के लिए जितने का टिकट होगा उतनी रकम स्क्रीन पर दिखाई देगी, इससे यात्री अपने टिकट का उतना ही पैसा देगा जो इसको दिखाई देगा। इस सुविधा से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। बताया कि इसके अतिरिक्त इन स्क्रीन पर रेलवे की उपयोगी सूचनाएं भी दी जाएंगी इस स्क्रीन पर विज्ञापन भी चलाया जाएगा, इससे रेलवे को प्रति वर्ष लगभग 9.75 लाख राजस्व आएगा।

### एनएसएस शिविर में योग एवं स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल के साफ-सफाई की। डॉ. रविकांत पांडे द्वारा 'योग एवं स्वास्थ्य' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, सभी स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास के साथ-साथ इसके मानसिक एवं शारीरिक फायदों को गुर सीखें। मध्यान भोजनोपरांत स्वयंसेवकों की दो टोलियां शिविर स्थल के पास के दो अलग-अलग हरिजन बस्ती में जाकर उनके दिन प्रतिदिन की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बस्ती में रहने वाले लोगों की बीमारियों विशेषकर 'क्षय रोग' से पीड़ित मरीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिविर के चतुर्थ सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राहुल, गोपाल और विवेक आदि स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।

### ट्रेन में छूटा बैग पाकर खुश हुआ यात्री

**वाराणसी।** गाड़ी संख्या 14864 मरुधर एक्स में एक यात्री के छूटे बैग को आरपीएफ वाराणसी की ओर से यात्री को सौंपा गया। छूटा बैग पाकर यात्री चेहरा खिल उठा। जानकारी के अनुसार मरुधर एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-5 सीट संख्या 25 व 28 पर यात्रा कर रहे रमाकांत यादव का एक बैग ट्रेन में छूट गया, सूचना पर सहायक उप निरीक्षक इन्द्रसेन यादव (एसकॉर्टिंग टीम इन चार्ज) द्वारा बैग को पोस्ट पर लाकर रखा गया, इसके बाद उस यात्री के पड़ोसी देवेन्द्र कुमार कार्यालय में उपस्थित हुए आरपीएफ की ओर से पूरी तसदीक कर उक्त बैग उन्हें सौंप दिया गया। बैग व उसमें रखे सामान को पाकर यात्री का चेहरा खिल उठा उन्होंने आरपीएफ को इसके लिए बधाई दी।

# पीएम के आगमन से पूर्व शहर को सुंदर बनाने में जुटा निगम

**तैयारी**

**नगर में स्वच्छता का निरीक्षण करने सड़क पर उतरे नगर आयुक्त**

**बिना ड्रेस दिखे सफाई कर्मियों को नोटिस**



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम शहर को सुंदर बनाने में जुट गया है। इसके लेकर मंगलवार को नगर आयुक्त शिपू गिरि ने खुद नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर संतोषजनक कार्य न होने पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी कर कार्रवाई के लिए निदेर्शित किया।

नगर आयुक्त द्वारा नगर की साफ-सफाई की व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की स्थिति का भौतिक सत्यापन करने के लिये निगम क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चैकाघाट, पियरिया पोखरी के पास स्थित पुरूष यूरेनल की स्थिति असंतोषजनक पाये जाने पर कर्मियों को तत्काल दूर करने और सौंदर्यीकरण कराये जाने के लिये मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया, कालभैरव मंदिर के पास पैदल भ्रमण करते हुए मंदिर के मुख्य मार्ग, चैक, कोतवाली क्षेत्र और गोदौलिया सहित दशाश्वमेध घाट सहित दशाश्वमेध प्लाजा का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण के दौरान लोगों से जन समस्याओं संबंधी जानकारी ली। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि कुछ सफाई कर्मचारी बिना ड्रेस कोड एवं आवश्यक सफाई उपकरणों के बिना सफाई कार्य कर रहे थे। इस संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुये क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनुश्री श्रीवास्तव एवं महेंद्र यादव को कारण बताओ नोटिस जारी की। इस दौरान विभिन्न गलियों में निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद किया, जिसमें कुछ नागरिकों के द्वारा बताया गया कि नंदन साहू लेन में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और सफाई का कार्य मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। इस संबंध में मौके पर उपस्थित वाराणसी वेस्ट सोल्यूशन लि. के स्थानीय प्रबंधक को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुये कार्यों में सुधार लाने को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों के द्वारा अवगत कराया गया कि गलियों में सीवर के चेंबर भरे हुये हैं, जिससे आये दिन सीवर ओवर फ्लो का सामना करना पड़ता है। इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु महाप्रबंधक, जलकल को निर्देशित किया गया। पैदल निरीक्षण करते हुये गोदौलिया से दशाश्वमेध के बीच स्मार्ट सिटी के द्वारा लगाये गये हेरिटेज पोल्स पर आवश्यक सेवायें यथा-साइनेज, ब्राण्डिंग इत्यादि का कार्य कराये जाने, दशाश्वमेध प्लाजा की दीवाल पर बने आकर्षक म्यूरल और अन्य कला कृतियों के सौन्दर्यीकरण के लिए आकर्षक फसाड लाइट लगाने के लिए मुख्य महाप्रबंधक को निर्देशित किया। दशाश्वमेध क्षेत्र में चितरंजन पार्क के पास हटाये गये अतिक्रमण का निरीक्षण के साथ घाट पर बने महिलाओं के चेंजिंग का अवलोकन किया गया। दशाश्वमेध घाट पर निरीक्षण के दौरान परियोजना डूडा को निर्देशित किया गया कि टूरिस्ट गाईड के लिये एनयूएलएम के अंतर्गत आवश्यकतानुसार महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनकी उपयोगिता ली जा सकती है। दशाश्वमेध घाट पर निर्मित दशाश्वमेध प्लाजा में दुकानों का निरीक्षण कर निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दुकानों के सामने दुकान आवंटन के संबंध में दुकान आवंटी का नाम, दुकान नंबर इत्यादि अंकित किया जाय। नगर आयुक्त शिपू गिरि के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गंगा के घाट और नावों को पेंट किए जाने में आ रही बाधा

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से गंगा घाटों और गंगा में संचालित होने वाली लगभग एक हजार नावों का एक रंग रूप में पेंटिंग का कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन कुछ नाविकों द्वारा इसमें बाधा उत्पन्न किए जाने के बाद इसे समुचित नहीं किया जा सका।

अप्रैल से अगस्त तक आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को देखते हुए विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से नगर के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मुख्य मार्गों पर स्थित विभिन्नों मकानों, दुकानों व ओवरब्रिज आदि स्थलों की रंगाई पुताई के साथ चित्रकारी का कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा यह कार्य स्वयं, विभिन्न सरकारी विभागों, बैंक, विभिन्न सामाजिक संस्थानों के सहयोग से एवं जनसहभागिता से कराया जा रहा है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास एवं आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में नगर में गंगा तट पर स्थित विभिन्न घाटों पर चित्रकारी एवं गंगा में संचालित होने वाले लगभग एक हजार नावों को भी एकरूपता के दृष्टि से काशी की थीम पर पेंट करने का कार्य कराया जाना है।

नावों की पेंटिंग के लिए प्राधिकरण द्वारा कार्यदारी फर्म का चयन कर पेंटिंग का कार्य प्रारंभ करने को निर्देशित किया जा चुका है और फर्म द्वारा नावों की पेंटिंग का कार्य प्रारंभ करने का प्रयास भी किया जा रहा है, परंतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कराये जाने वाले नावों की पेंटिंग के कार्य में नाविक संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा अतिरिक्त धनराशि की मांग करते हुए अनावश्यक रूप से व्यवधान उत्पन्न किए जाने से नावों की पेंटिंग का कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त और डीएम की अध्यक्षता में नाविक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनसे सहयोग के लिए अनुरोध किया गया, परंतु नाविक संगठनों द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान नहीं किया जा रहा।

# काम नहीं कर रहा बीमा कंपनी का टोल फ्री नंबर

**दुश्वारियां**

**यूपी के निदेशक ने बीमा कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक को लिखा पत्र**

**पीड़ित किसान 72 घंटे में टोल फ्री नंबर पर करें सूचित**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उप कृषि निदेशक (सां.) उमा शंकर सिंह ने सूचित किया है कि वाराणसी में कार्यरत बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर-18002660700 व संयुक्त टोल फ्री नंबर-18008896868 सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा है। उन्होंने इस बाबत एचडीएफसी-एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखा है। कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा उत्तर प्रदेश के निदेशक की तरफ से भेजे गये पत्र में उल्लेख किया गया है कि वाराणसी में बीते 19 मार्च की रात करीब 9.40 बजे लगातार हुई असामयिक बरसात, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि से गेहूं की फसल गिर गयी है। जिले के कई किसानों ने टोल फ्री नंबर के काम न करने की शिकायत दर्ज करायी है। ऐसे में यह अपेक्षा की जाती है कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अतिरिक्त नंबर-7380727845 को बीमित किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। वहीं दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित किसानों से अनुरोध किया गया है कि असामयिक वर्षा से हुई फसलों के नुकसान के बाबत 72 घंटे के अंदर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर सूचित करें। यदि किसी कारण से टोल फ्री नंबरों पर सम्पर्क नहीं हो पाता है तो किसान बीमित बैंक या कृषि विभाग के ब्लॉक स्तरीय राजकीय बीज गोदाम या जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में लिखित रूप से प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। ताकि उनको क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराया जा सके।

# विधायक सौरभ ने की साफ-सफाई

**वाराणसी।** पीएम मोदी के आगमन को देखते हुए भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने तीन दिनी स्वच्छता अभियान का मंगलवार से श्रीगणेश किया। शहर व देहात क्षेत्र में अलग-अलग सभी ने झाड़ू उठाया और साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत का संदेश दिया।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने गिरजाघर चौराहे पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने सोनभद्र तालाब अस्सी पर स्वच्छता अभियान चलाया। पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने अस्सी घाट, सरदार पटेल प्रतिमा, लहुराबीर स्थित आजाद पार्क, संत रघुवर नगर कॉलोनी स्थित नोंद्रा माता में साफ-सफाई की। अभियान में क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, नवीन कपूर, गौरव राठी, अशोक पांडेय, गीता शास्त्री आदि शामिल थीं। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद पार्क से रामनगर पीएसी तक, दुर्ग रोड स्थित मां मनसा देवी मंदिर पर साफ-सफाई की। अभियान में अर्जुन शर्मा, आलोक कुमार, धनंजय यादव, राजकुमार सिंह आदि शामिल थे।



अस्सी स्थित सोनभद्र तालाब पर साफ-सफाई करते कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव

# समकालीन कविता पर दो दिवसीय सेमिनार का समापन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग में समकालीन कविता पर दो दिवसीय सेमिनार का मंगलवार को समापन हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने की।

दो दिन तक चले सेमिनार में कुल 80 पेपर पढ़े गए। अधिकांश पत्रों का विषय संस्कृति मूल्य, प्रेम, करुणा अलौकिकता, अध्यात्म, जेंडर, जाति व्यवस्था, देशभक्ति आदि रहा। दूसरे दिन समापन सत्र में गेस्ट आफ ऑनर के रूप में डॉ. शकुंतला मिश्रा नेशनल रिहैबिलिटेशन विवि लखनऊ से प्रो. विनोद कुमार सिंह रहे और स्पेशल अतिथि के रूप में वसंत कन्या महाविद्यालय से प्रो. आशा यादव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. विकास शर्मा, गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रो. अवनीश राय और हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज से प्रो. अनुपम शाही रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सेमिनार की संयोजिका डॉ. निशा सिंह द्वारा किया गया। संचालन डॉ. आरती विश्वकर्मा, डॉ. किरन सिंह ,डॉ. नीरज धनकड़ द्वारा किया गया।

अतिथियों का स्वागत प्रो. नलिनी श्याम कामिल व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीरज कुमार सोनकर, डॉ. नवरत्न सिंह, डॉ. कविता आर्य द्वारा किया गया। सेमिनार की दो दिवसीय रिपोर्ट रीना चटर्जी द्वारा प्रस्तुत की गई।

## अकीदत से मनी उस्ताद बिस्मिलाह खां की जयंती

**वाराणसी।** शहनाई के शहंशाह उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की 107वीं जयंती मंगलवार को उनके कब्रगाह पर पूरे अकीदत से मनायी गयी। उस्ताद के परिजनों और कद्रदानो ने उनकी मजार पर अकीदत के फूल चढ़ाएं और दुआ-ए-खैर मांगी। पूर्व मेयर रामगोपाल मोहले ने भी भारत रत्न बिस्मिल्लाह खां को दरगाह ए फातमान पहुंचकर उनकी कब्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की, इसके साथ ही पूर्व विधायक अजय राय ने भी उनके कब्रगाह पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संयोजक शकील अहमद जादूगर ने बताया कि उस्ताद आज भी हम सभी के जेहन में हैं। वहीं उस्ताद बिसमिल्लाह खां फाउण्डेशन के तत्वाधान में भी लोगों ने अकीदत के फूल चढ़ाये। इस दौरान अब्बास मुर्तजा शमशी, जरीना बेगम, मिनहास फातमा, इफ्तेखार हुसैन, जावेद हुसैन, प्रमोद वर्मा, जाकिर हुसैन, सफक अब्बास, हादी हुसैन, नजमुल हसन, नाजीम हुसैन, मोहम्मद अली, गाजी अब्बास इत्यादि मौजूद थे।

# वेंडिंग जोन स्थापित कर उजाड़ना निंदनीय



**वाराणसी।** नगर निगम मुख्यालय पर फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम के नेतृत्व में मंगलवार को स्ट्रीट वेंडरों के समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम कहा कि जहां एक ओर भारत सरकार अधिनियम पथ विक्रेता 2014 के अंतर्गत शहर में वेंडिंग जोन बनाकर पटरी व्यवसायियों को व्यवस्थित किया जाना है और पटरी व्यवसायियों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री संकल्पित हैं।

वहीं दूसरी ओर जी-20 के नाम पर व्यवस्थित ढंग से वेंडिंग जोन में पूरी स्वच्छता के साथ अपना जीविकोपार्जन कर रहे पटरी व्यवसायियों को बिना संज्ञान में लिए उजाड़े जाने का कार्य किया जा रहा है। जिसपर नगर आयुक्त शिपू गिरी ने कहा कि अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के नेतृत्व में एक टीम सभी वेंडिंग जोनों का तत्काल निरीक्षण करेगी और निगम प्रशासन की तरफ से किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा। हटाए गए स्ट्रीट वेंडरों को पुनर्स्थापित किया जायेगा। निगम प्रशासन द्वारा किसी भी रेहड़ी पटरी ठेला व्यवसायियों की आजीविका को संकट में नहीं डाला जायेगा। टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक को लेकर उन्होंने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिया। ज्ञापन सौंपने में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा, संरक्षक प्रकाश कुमार, अनमोल निगम, सुभाष भारद्वाज, रामचंद्र, सुरेंद्र यादव, लक्ष्मण राय, नरोत्तम प्रसाद, धर्मराज गुप्ता, विकास, मुन्ना खान, मनोज कुमार, विजय, अजीत, नूर मोहम्मद, वकील सोनकर, अरविंद मौर्या, मंतोष, शीला देवी, पार्वती देवी, अर्चना चंदवानी, पूजा रामलख्यानी आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दिव्यांगों को सहानुभूति की नहीं तदनुभूति की जरूरत : भावना

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 'दिव्यांग जन प्रकोष्ठ ' द्वारा मंगलवार को वेबिनार का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. भावना वर्मा ने कहा कि दिव्यांगों को सहानुभूति से अधिक तदनुभूति की आवश्यकता है। कहा कि हमें दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक भाव रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक बीमारी है जिसमें गुणसूत्र की संख्या 46 के स्थान पर 47 हो जाती है जिससे विभिन्न प्रकार की विकृतियां बच्चों में हो जाती है, प्रो शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि हमें अपने दिव्यांग विद्यार्थियों को उनके विशिष्ट रूप में स्वीकारना पड़ेगा। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि आज के दौर में दिव्यांगजनों को समावेशन की आवश्यकता है। हम सभी को उन्हें अपने से अलग नहीं करना चाहिये बल्कि उनके प्रति सहयोग का भाव रखना चाहिये। कार्यक्रम संयोजक डॉ. गंगाधर ने यह आह्वान किया कि विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर यह प्रतिज्ञा ली जानी चाहिए कि प्रत्येक शिक्षक अपने प्रत्येक दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगा। संचालन डॉ. गंगाधर व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उर्जस्विता सिंह ने किया। इस अवसर पर रामप्रकाश, नैन्सी आयुषी, श्वेता, धर्मेंद्र आदि विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

### स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम में निरीक्षण व दीक्षा कार्यक्रम आयोजित



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में बीएड द्वितीय वर्ष के स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन मंगलवार को शिविर निरीक्षण एवं दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छात्र कल्याण संकायध्यक्ष प्रो. हरिशंकर पांडेय ने कहा कि स्काउट गाइड के मूल उद्देश्य का पालन करते हुये राष्ट्रीय एकता एवं अखंड भारत की कल्पना कर जन सेवा की भावना से सदैव समर्पित लक्ष्य रखना चाहिये। विश्वविद्यालय की संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. हीरक चक्रवर्ती ने कहा कि स्काउट सेवा देशसेवा का प्रशिक्षण है जिससे छात्र स्वयं को तैयार करके जिस क्षेत्र में जाएंगे वहां अपनी सेवाएं राष्ट्रहित में दे सकेंगे। स्काउट गाइड की समन्वयक डॉ. विशाखा शुक्ला ने कहा कि आपने जो इस कार्यक्रम में सीखा है उसका भविष्य में पालन करें। मौके पर स्काउट गाइड प्रशिक्षक जाकिर हुसैन, डॉ. रविशंकर पांडेय, डॉ. मीना कुमारी, शिक्षिका सोनी कुमारी, डॉ. कृष्ण कुमार ,डॉ. सत्य प्रकाश सोनकर, अरविंद कुमार और विभाग के कर्मचारी गोविंद और संजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### अडानी के महाघोटाले के खिलाफ एनएसयूआई का प्रदर्शन, फूंका पुतला

**वाराणसी।** अडानी द्वारा महाघोटाला के खिलाफ मोदी सरकार की चुप्पी व जेपीसी गठन को लेकर भारत माता मंदिर के मुख्य द्वारा पर मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अडानी का पुतला दहन कर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार की नीति ' मुनाफे का निजीकरण और घाटे का राष्ट्रीयकरण' करना है। जनता ने अपने खून पसीने की कमाई को एलआईसी, एसबीआई और पीएनबी बैंको में जमा किया, अडानी का महा घोटाला उजागर होने के बाद से अब तक 50 हजार करोड़ डूब चुका है। कहा कि छात्र और युवा अब तक के सबसे भयंकर बेरोजगारी से त्रस्त हैं। सरकारी नौकरियां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। पर्चा लीक, धांधली, पदों की कटौतियां व समय पर नियुक्ति न देना आदि समस्याएं छात्रों के जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ऋषभ पांडेय, महानगर अध्यक्ष संदीप पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष वलय दत्त बाजपेयी, प्रफुल्ल पांडेय, शिवम चौबे, मानस सिंह, मानिक यादव, गौरव पटेल, रविकांत शर्मा, अजय पाल, लकी पाल, अंगद पटेल और सुमित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में जांच

**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी के निर्देशन में पीएचसी हरहुआ पर मंगलवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष सिंह ने किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 560 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की। इसमें 42 मानसिक रोगियों की स्क्रीनिंग कर परामर्श दिया गया। 12 गर्भवती को टीडी का टीका, 18 बच्चों का नियमित टीका, 112 ब्लड प्रेशर सहित सामान्य बीमारियों के 255 मरीजों को सेवाएं दी गईं। इसके साथ ही आयुष्मान गोल्डन कार्ड, प्रसव पूर्व जांच, कुष्ठ रोग, क्षय रोग के साथ परिवार कल्याण व एचआईवी-एड्स परामर्श सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। इस मौके पर डॉ राजकुमार, डॉ मनु चतुवेर्दी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता, मनोचिकित्सक डॉ रविंद्र कुशवाहा, नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ रविंद्र यादव, बीपीएम बसंतलाल श्रीवास्तव, प्रदीप, पंकज सहित सीएचओ, एएनएम व आशा कार्यकर्ता मौजूदरहीं।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। [illegible]

कार्यालय ग्राम पंचायत मधुपुर, वि0 ख0 करमा, जनपद-सोनभद्र
पत्रांक: मेमो/निविदा/2022-23 दिनांक: 21.03.2023
अति अल्पकालीन निविदा
वित्तीय वर्ष 2022-23 मे पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/फेस-2 योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से फार्म मशीनरी बैंक, एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एण्ड सी2 यंत्र की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.03.2023 से 24.03.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनांक 24.03.2023 को निविदा हेतु गठित समिति या निर्माण समिति के सदस्य के सामने 4:00 बजे अपरान्ह में खोली जायेगी। निविदा फर्म के पैड पर होगी।
सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रैक्टर 50HP या उससे उपर | | |
| 2 | मल्टीक्रॉपर थ्रेशर | | |
| 3 | जीरो टील डबल बाक्स | | |
| 4 | सुपर सीटर | | |
| 5 | एम0 बी0 प्लाउ | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें :- 1. सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। 2. आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति/सचिव के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर की जायेगी। 4. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण में निहित होगा।
नोट:- आवेदनकर्ता यू0 पी0 यंत्र ट्रैकिंग पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।
ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा0 पं0-मधुपुर, वि.ख. करमा, सोनभद्र ग्रा0 पं0-मधुपुर, वि.ख. करमा, सोनभद्र

# नौका पर होगा माता रानी का आगमन

**आस्था**

## लाल रंग का फूल चढ़ाने से प्रसन्न होती हैं देवी मां

**बलिया।** मां दुर्गा की पूजा में लाल रंग के फूलों का प्रयोग करना शुभ रहता है। लाल फूल विशेषकर गुड़हल का फूल नवरात्र में हर दिन मां को अर्पित करना चाहिए। लाल पुष्प जहां रहते है, वहां का वातावरण हमेशा उत्साह से भरा होता है। लोगों में एक नयी उर्जा का संचार होता है। लेकिन देवी की पूजा में दूर्वा, तुलसी आक व मदार का फूल नहीं चढ़ाना चाहिए। नवार्ण मंत्र का जाप करने से सभी ग्रह दोषों का शमन होता है।

डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही ब्रह्माजी ने सृष्टि के रचना का कार्य प्रारंभ किया था। इसी कारण इसे सृष्टि की आदि तिथि माना जाता है। भविष्योत्तर पुराण में इसे प्रवरा यानि सर्वोत्तम तिथि घोषित किया गया है। नव संवत्सर का श्री गणेश इसी तिथि से होने के कारण भारतीय नववर्ष के आरंभ का उत्सव इसी दिन को मनाया जाता है। देवी पुराण के अनुसार माता रानी का आगमन नौका पर होगा। नवरात्रि का प्रथम दिन एवं हिन्दू नववर्ष 22 मार्च को होगा। 22 मार्च के ही कलश स्थापन प्रातः काल से लेकर रात्रि नौ बजकर 24 मिनट तक किया जा सकेगा। महानिशा पूजा 28 मार्च को होगा। प्रथम दिन का व्रत 22 मार्च को एवं अंतिम दिन यानि अष्टमी का व्रत 29 मार्च को होगा। अष्टमी व्रत का पारण 30 मार्च को एवं नौ दिन तक व्रत रहने वाले का पारण 31 मार्च को प्रातः पांच बजकर 53 मिनट के बाद किया जाएगा। 30 मार्च को रामनवमी मनायी जाएगी। नवरात्र का हवन 30 मार्च को प्रातःकाल से लेकर रात्रि 11 बजकर 53 मिनट तक किया जाएगा।

**आज से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की होगी पूजा : बैरिया।** पंचांग के अनुसार साल में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इसमें से दो चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि है। साथ ही दो गुप्त नवरात्रि पड़ती है। नौ दिनों तक चलने वाले इस नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करने के साथ ही व्रत रखने का विधान है। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि में कई भक्त नौ दिनों तक अखंड ज्योति जलाने के साथ ही कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तसती का पाठ करते है।

माना जाता है कि नवरात्रि के दौरान पूजा करने एवं व्रत रखने से मां दुर्गा हर कष्ट को हर लेती हैं और सुख-समृद्धि, धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। चैत्र नवरात्रि-2023 तिथि और मुहूर्त के बावत हिंदू पंचांग के अनुसार बाजिदपुर निवासी पं. जयमंगल शास्त्री ने बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ नवरात्र आरंभ हो रहा हैं। इस साल प्रतिपदा तिथि 21 मार्च को रात 10 बजकर 52 मिनट से शुरू हो रही है।

प्रतिपदा का समापन 22 मार्च को शाम 8 बजकर 20 मिनट पर हो रहा है। इस कारण 22 मार्च से चैत्र नवरात्रि आरंभ हो रहा हैं, जो 30 मार्च को रामनवमी तिथि के साथ समाप्त होंगे। कलश स्थापना मुहूर्त 22 मार्च को सुबह 6 बजकर 23 मिनट से 7 बजकर 32 मिनट तक है।

वही, बुधवार को मां शैलपुत्री की पूजा होगी। साथ में घट स्थापना। 23 मार्च, गुरुवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी। 24 मार्च, शुक्रवार मां चंद्रघंटा की पूजा का विधान है। 25 मार्च शनिवार को मां कूष्मांडा की पूजा होगी। 26 मार्च, रविवार को मां स्कंदमाता की पूजा। 27 मार्च सोमवार को मां कात्यायनी की पूजा। 28 मार्च मंगलवार को मां कालरात्रि की पूजा। 29 मार्च बुधवार को मां महागौरी की पूजा के बाद 30 मार्च गुरुवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है। फिर रामनवमी मनाई जायेगी।

### नवरात्र आज से, सज-धज कर तैयार देवी मंदिर


मां मंगला भवानी


मां ब्रह्माणी देवी

**बलिया।** मां ब्रह्माणी देवी, कपिलेश्वरी भवानी एवं मंगला भवानी के मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़। चैत्र नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में मंगलवार की देर शाम तक साफ-सफाई होती रही। नवरात्र के पहले दिन यहां भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ेगी। इसको लेकर मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गयी है। लाइनबद्ध तरीके से दर्शन के लिए मंदिरों के बाहर बैरिकेटिंग आदि किये गये हैं। वहीं, नगर क्षेत्र के गुदरी बाजार, मिड्ढी, नलकूप कालोनी, सिविल लाइन, जापलिनगंज दुर्गा मंदिर, बालेश्वर घाट रोड देवी मंदिरों में दर्शन के लिए भक्त पहुंचेंगे।

### किसी भी गड़बड़ी की पुलिस को दें सूचना



**रेवती।** स्थानीय थाना प्रांगण में नवरात्रि एवं रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि कोई भी व्रत या त्योहार आपसी प्रेम तथा सौहार्द के साथ मनाना श्रेयस्कर होता है। पुलिस की नजर असमाजिकतत्वों पर है। आप भी ऐसे तत्वों पर अपनी कड़ी नजर रखें। किसी भी गड़बड़ी की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ऐसे अवांछनीय तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। संचालन एसआई धर्मेंद्र दत्त ने किया।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चार विद्यार्थियों का चयन

**बलिया।** यूथ 20 के समग्र ढांचे के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह के निर्देशानुसार पेंटिंग भाषण, वाद-विवाद, निबंध, क्विज आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन टाउन डिग्री कालेज में प्रधानाचार्य प्रो. रवींद्र नाथ मिश्र, डॉ. निशा राघव, युवा कल्याण अधिकारी रामानुज यादव, जिला नेहरू युवा केंद्र अधिकारी रविंद्र मोहन की देखरेख में संपन्न हुई। कार्यक्रम के संयोजक राजकीय इंटर कालेज के कला शिक्षक डॉ. इफ्तेखार खान ने बताया कि व्यक्तित्व निर्माण में स्वास्थ्य एवं खेल का महत्व विषयक पेंटिंग प्रतियोगिता में सतीश चंद्र डिग्री कालेज के छात्र अनुकल्प सोनी एवं भाषण में टाउन डिग्री कालेज की अनुजा यादव का चयन राज्य स्तर पर 24 मार्च को होने वाली प्रतियोगिता किंग जर्ज मेडिकल कालेज लखनऊमें एवं युवा के नवसृजन क्षमता और उद्योगों का विकास विषयक प्रतियोगिता के लिए पेंटिंग में सतीश चंद डिग्री कालेज की नंदिनी शर्मा एवं निबंध में किसान डिग्री कालेज रक्सा रतसर के संदीप कुमार को 6 अप्रैल को आईआईटी कानपुर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया रमेश सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नशीली दवाएं बेचने की शिकायत पर छापेमारी

**बलिया।** नशीली दवाओं को बेचने की शिकायत पर औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर शुक्ल ने मेडिकल स्टोर एवं एक वीडीएस डाक्टर के यहां छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने कागजातों एवं दवाओं की जांच किया। इसके अलावा दो और मेडिकल की दुकानों की जांच की गयी। शिकायतकर्ता ने डीएम एवं समाधान दिवस में मझौली में स्थित एक मेडिकल स्टोर तथा घोरौली में एक बीडीएस डॉ. के यहां से नशीली दवाएं बेचे जाने शिकायत की थी। इसे गंभीरता से लेते हुए औषधि निरीक्षक श्री शुक्ल ने छापेमारी की। उन्होंने सम्बंधित मेडिकल स्टोर और बीडीएस डाक्टर के यहां कागजातों एवं दवाओं की गहनता से जांच की। इसके अलावा बांसडीह रोड में दो मेडिकल की दुकानों का निरीक्षण किया और दवाओं की खरीद-बिक्री के कागजातों को अच्छी तरह से रखने के निर्देश दिये। औषधि निरीक्षक श्री शुक्ल ने बताया कि जांच रिपोर्ट सहायक आयुक्त आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ को प्रेषित किया जा रहा है। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक रविशंकर पाण्डेय मौजूद रहे।

# निकाय चुनावः 6 ओबीसी व 4 सामान्य वर्ग से जीते थे चुनाव

**रोशन जायसवाल**

**बलिया।** आगामी नगर निकाय चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद की कुर्सी पर किसको मौका मिलेगा? यह तो चुनाव बाद पता चलेगा, लेकिन पिछले 2017 के चुनाव पर यदि गौर करें तो पुरूषों के मुकाबले आधी आबादी को भी जनता ने बराबर मौका दिया। पांच साल का कार्यकाल कैसे बीता? यह तो पता ही नहीं चला। क्योंकि इसी पांच वर्ष में कुछ वर्ष कोरोना काल में बीत गया। उसके बाद विकास की गति कुछ बढ़ी, लेकिन आम जनता को मनमुताबिक विकास नहीं दिखा।

हालांकि नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों का दावा जरूर था कि उनके कार्यकाल में विकास अच्छा हुआ है। जिले में कुल आठ नगर पंचायत और दो नगर पालिकाओं में यदि गौर करें तो बलिया नगर पालिका सामान्य सीट से निर्दल प्रत्याशी के रूप में अजय सिंह समाजसेवी चेयरमन बनें। वहीं, रसड़ा नगर पालिका से ओबीसी महिला सीट पर निर्दल प्रत्याशी के रूप में मोतीरानी सोनी चेयरमैन बनीं।

बांसडीह नगर पंचायत से रेनू सिंह, सहतवार नगर पंचायत से सरिता सिंह, मनियर नगर पंचायत से भीम गुप्ता, रेवती से जयश्री पांडेय, चितबड़ागांव नगर पंचायत से केशरीनंदन त्रिपाठी, सिकंदरपुर से रविंद्र वर्मा, बिल्थरारोड नगर पंचायत से दिनेश गुप्ता तथा बैरिया से शांति देवी चेयरमैन बनीं।


जयश्री पांडेय


केशरीनंदन त्रिपाठी


रविन्द्र वर्मा


भीम गुप्त


मोतीरानी सोनी


रेनू सिंह


सरिता सिंह


अजय कुमार


शांति देवी


दिनेश गुप्त

### दस में छह सीटों पर रहा ओबीसी का कब्जा

**बलिया।** नगर पालिका और नगर पंचायतों में कुल दस सीटों में से छह पिछड़ा वर्ग एवं चार सामान्य वर्ग से चेयरमैन प्रत्याशी चुनाव जीते। इसमें बलिया नगर पालिका से ओबीसी समाज से अजय कुमार समाजसेवी, रसड़ा नगर पालिका से ओबीसी महिला सीट पर मोती रानी अध्यक्ष बनीं। इसके अलावा सिकंदरपुर से ओबीसी रविंद्र वर्मा, बिल्थरारोड में ओबीसी से दिनेश गुप्ता, मनियर से ओबीसी से भीम गुप्ता व बैरिया में ओबीसी से शांति देवी चुनाव जीतीं। इसके अलावा सामान्य वर्ग से रेवती में जयश्री पांडेय, सहतवार में सरिता सिंह, बांसडीह में रेनू सिंह व चितबड़ागांव में केशरीनंदन त्रिपाठी चेयरमैन बने।

# मनीषा सिंह प्रथम व द्वितीय रहीं सुप्रिया यादव

**आयोजन**

## डाल्फिन की रक्षा एवं गंगा की सुरक्षा कार्यक्रम संपन्न


कार्यक्रम में बालिका को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि व अन्य

**बलिया।** सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया द्वारा विकास खण्ड सोहांव के अन्तर्गत कोरंटाडीह रेस्ट हाउस पर गंगा नदी के तट पर डाल्फिन की रक्षा एवं गंगा की सुरक्षा नामक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चे, अभिभावक एवं आस-पास गणमान्य लोगों के साथ-साथ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीके आनन्द प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्वान वक्ताओं के साथ-साथ स्कूली बच्चों द्वारा भी डाल्फिन और गंगा के सम्बन्ध में अपने विचार रखे गये। डॉ. गणेश कुमार पाठक ने डाल्फिन की रक्षा एवं गंगा की सुरक्षा क्यों मानव जीवन के लिए आवश्यक है? इस विषय पर विस्तृत रूप से अपने विचार व्यक्त किये। वंशरोपन राय ने भी अपना विचार रखा।

स्कूली बच्चों द्वारा डाल्फिन के सम्बन्ध में रखे गये विचारों के आधार पर उनकी भाषण क्षमता का मूल्यांकन कर प्रथम पुरस्कार मनीषा सिंह, द्वितीय पुरस्कार सुप्रिया यादव, तृतीय पुरस्कार श्रेया कुमारी एवं सांत्वना पुरस्कार तेजस्वी यादव को दिया गया। अध्यक्षता कर रहे वीके आनन्द प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया द्वारा डाल्फिन की रक्षा, गंगा की सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करने के उपरान्त उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को डाल्फिन का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीपी गुप्ता, शंकरनाथ सिंह, जयशंकर प्रसाद वर्मा, अशोक कुमार यादव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, सुधीर कुमार सिंह, राजू प्रसाद, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अमित कुमार, कमलेश तिवारी, प्रवीण ओझा, नागेन्द्र प्रताप सिंह, पवन तिवारी, अखण्ड प्रताप सिंह, भीम सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन अभिषेक राय एवं भूपेन्द्र तिवारी ने किया।

## ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से चालक की मौत

**बैरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर मंगलवार को दोपहर बाद टेंगरही के निकट मिट्टी लदा ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमें दबकर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, बाइक सवार बाल-बाल बच गया। बैरिया थाना क्षेत्र के दया छपरा निवासी विवेक पासवान (18) पुत्र बच्चा पासवान नौरंगा घाट के सामने गंगा तट से ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भरकर बैरिया की तरफ आ रहा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर हनुमान मंदिर के निकट सामने से आई बाइक को बचाने के प्रयास में सड़क पर ही ट्रैक्टर ट्राली पलट गया। ट्रैक्टर ट्राली के नीचे विवेक पासवान मिट्टी में दब गया। चिंतामणि राय के टोला के कुछ युवक मौके पर पहुंचे और विवेक पासवान को ट्रैक्टर ट्राली के नीचे से बाहर निकालकर सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक के मृत्यु के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# दो पक्षों की मारपीट में 20 लोग घायल

**जनसंदेश न्यूज**

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टोला फकरु राय गांव में जातिगत टीका टिप्पणी को लेकर दो जातियों के लोग आपस में भिड़ गये। इससे जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों के 20 लोग घायल हो गये। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने चिकित्सकीय परीक्षण एवं प्राथमिक उपचार के बाद 13 लोगों को चालान न्यायालय कर दिया। वहीं, अस्पताल में सात लोगों का इलाज चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि बैरिया थाना क्षेत्र के टोला फकरु राय गांव में मंगलवार की सुबह जातीय टीका टिप्पणी को लेकर ठाकुर एवं यादव जाति के लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट में एक पक्ष के प्रकाश सिंह (22), दिव्यांशु सिंह (22), विक्की सिंह (23), नवीन सिंह (24), राधेश्याम सिंह (30), संजीव सिंह (19), अनुराग सिंह (22), हैप्पी सिंह (25) तथा कृष्णा राजभर (19) तथा दूसरे पक्ष के गुड्डू यादव (26), पंकज यादव (20), बुधराम यादव (45), श्रीकांत यादव (35), मनोज यादव (26), राजकुमार यादव (20), राजू यादव (26), कमल देव यादव (42), तुलसी यादव ((30), राजीव यादव (24) एवं उधो यादव (45) घायल हो गए। मौके पर पहुंची चांददियर पुलिस सभी घायलों को अभिरक्षा में लेकर थाने ले आई। वहां से प्राथमिक उपचार व चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया, जहां से 13 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। वही, सात लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में चल रहा है।

# एक से चलने वाले जन जागरण पखवारा पर चर्चा



**बैरिया।** शासन के निर्देश पर संचारी रोगों के प्रति लोगों में जागरूकता व संचारी रोग रोकथाम के लिए आगामी एक अप्रैल से जन जागरण पखवारा चलाने के क्रम में मंगलवार को बैरिया तहसील के सभागार में उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र की अध्यक्षता में संबंधित विभागों की बैठक की गई। इसमें इस अभियान के संदर्भ में विचार-विमर्श किया गया।

एसडीएम ने कहा कि शासन के निर्देश के अनुपालन में हर हाल में संचारी रोगों पर पूरी तरह नियंत्रण रखना है। इसके लिए सभी जरूरी कदम समय रहते उठाया जाए। इसके लिए जो भी जरूरी हो, वह संबंधित विभागों के लोग बताएं। जरूरी कार्रवाई की जाएगी। पीएचसी मुरली छपरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. देवनीति सिंह ने कहा कि एक अप्रैल से 14 अप्रैल तक यह पखवारा चलेगा। इसमें संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। वही, संचारी रोगों का प्रकोप ना हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग सभी जरूरी उपाय करेगा। मौके पर डा. ओमप्रकाश यादव, सीडीपीओ राकेश कुमार यादव, फार्मासिस्ट निर्भय नारायण शुक्ला, अजय रावत, ईओ आशुतोष ओझा आदि मौजूद रहे।

## लोकेन्द्र सिंह के चित्र पर अर्पित किया श्रद्धासुमन

**बलिया।** करणी सेना के संस्थापक लोकेन्द्र सिंह कालवी के निधन पर मंगलवार को चन्द्रशेखर उद्यान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें राजपूत समाज के लोगों ने एकत्र होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि विगत् 14 मार्च को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेन्द्र सिंह का निधन हो गया। उन्होंने क्षत्रिय अस्मिता एवं आर्थिक आधार पर आरक्षण की लड़ाई समेत कई मुद्दों पर आंदोलन किया। उनके कार्यों एवं संघर्षों के लिए याद किया जा रहा है। समाजसेवी देवेन्द्र सिंह मिंटू ने कहा कि लोकेन्द्र सिंह कालवी का जीवन क्षत्रिय समाज के अधिकारों एवं अस्मिता की सुरक्षा के लिए समर्पित था। आज हम सभी संकल्प लें कि हम उनके बताये रास्ते पर चलेंगे। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर अवनीश सिंह, धनंजय सिंह बिशेन, राकेश यादव, बृजेश सिंह, हिमांशु सिंह, प्रवीण सिंह, सुमित सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक करें प्रेषित

**बोले सुधीर कुमार श्रीवास्तव**

### जनपदीय रोवर्स-रेंजर्स समागम के दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन

**बलिया।** श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज में जनपदीय रोवर्स रेंजर्स समागम के दो दिवसीय कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सचिव सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि सेवा, अनुशासन, कर्म की प्रधानता से युक्त इस मंच की सार्थकता आपके जीवन में तभी आएगी, जब यहां से प्राप्त शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रेषित करें। इससे उनके जीवन में प्रकाश की किरणें प्रज्ज्वलित हों।

कहा कि व्यक्तित्व निर्माण का मंच आपसे अपेक्षा करता है कि एकता और अखंडता को कायम रखते हुए राष्ट्र की सम सामयिक समस्याओं, अंधविश्वास, कुरीतियों और परंपराओं के नाम पर समाज में बाधक समस्याओं को सफलतापूर्वक कम करें और दूर करने में सहायक हों। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवींद्र नाथ मिश्र ने कहा कि सेवा के बदले समाज की ओर से प्रशंसा और तिरस्कार दोनों मिलता हैं। यह एक कठिन कार्य होता है, लेकिन सेवा देने वाले व्यक्ति के अन्दर एक विशेष उर्जा व आनंद की अनुभूति भी होती है। रोवर्स रेंजर्स का आदर्श ही है कि समाज की सेवा के लिए सदैव तैयार रहो। दो दिवसीय जनपद स्तरीय समागम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की रोवर्स की चार टीमें तथा रेंजर्स की छह टीमों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान रोवर्स रेंजर्स ने टेंट, पुल, कैम्प फायर, प्राथमिक चिकित्सा, स्किल ओरमा, इको रेस्टोरेशन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज के रोवर्स रेंजर्स विजेता रहा। इसी क्रम में द्वितीय स्थान किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, तृतीय स्थान सतीशचंद्र कालेज को प्राप्त हुआ। इसी क्रम में रेंजर्स में भी आल ओवर विजेता श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज रहा। इसी क्रम में द्वितीय स्थान कुंवर सिंह महाविद्यालय, तृतीय स्थान सतीशचंद्र महाविद्यालय की रेंजर्स रहीं। मौके पर डॉ. दिलीप श्रीवास्तव, डॉ. श्रीराम शर्मा, प्रो. अखिलेश राय, डॉ. अवनीश, प्रो. अमलदार नीहार, प्रो. जैनेंद्र पांडेय, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. फुलवदन सिंह, प्रो. बृजेश कुमार, प्रो. बृजेश, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सुनीता, डॉ. सुबोधमणि आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन प्रो. जैनेंद्र ने किया। कार्यक्रमों का संचालन नौशाद अली ने किया। सभी का आभार प्रो. निशा राघव ने व्यक्त किया।

# संक्षेप

## रोवर्स रेंजर्स ने लहराया कालेज का परचम



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के चतुर्थ विश्वविद्यालय रोवर्स रेंजर्स समागम में आयोजित प्रतियोगिताओं में श्री जमुना राम पीजी कालेज चितबड़ागांव की रेंजर्स टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना स्थान प्राप्त किया। निबंध में प्रथम स्थान एकता पांडे, पोस्टर में तृतीय स्थान अंकिता सिंह, क्यूज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में तृतीय स्थान अनुष्का, क्रिम्स गेम में प्रथम स्थान बिभा यादव तथा इको रेस्टोरेशन में तृतीय स्थान बंदना ने प्राप्त किया। रेंजर्स टीम ने विश्वविद्यालय में श्री जमुना राम पीजी कालेज का परचम लहराया। प्रशिक्षक बृजेश गुप्ता, प्रभारी आरती पांडे, महाविद्यालय के प्रबंधक एवं जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के रोवर्स आयुक्त प्रो. धर्मात्मा नंद एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंगद प्रसाद गुप्त ने रेंजर्स टीम को बधाई दी है।

## कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया

**बलिया।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत विकास खण्ड बैरिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवा के परिसर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के जन्म पर केक काट कर जन्मदिन मनाया गया तथा नवजात बच्चों की माताओं को बेबी किट, बेबी कम्बल, मिष्ठान एवं गौरव सम्मान पत्र उपहार भेंट किया गया है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत विभिन्न श्रेणियों में आवेदन कराने हेतु जागरूक किया गया है।

## नगर में निकली जन जागरूकता रैली



**बलिया।** जन औषधि दिवस पर चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जगदीशपुर चौराहा से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। यह बिशुनीपुर, चौक, हनुमानगढ़ी मंदिर, आर्य समाज रोड, रेलवे स्टेशन, चित्तू पांडेय चौराहा, रोडवेज, टीडी कालेज, कुंवर सिंह चौराहा से होते हुए विकास भवन रोड पर पहुंचकर संपन्न हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू एवं डा. बीपी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर राहुल सिंह, गणेश, रिशु श्रीवास्तव, आशीष, विजय, कृष्णा, सूरज, अमित, उमेश, अजीत, आकाश, अभिषेक, रमेन्द्र, अल्का श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## शहादत दिवस कल

**बलिया।** शहीदे आजम भगत सिंह का 93वां शहादत दिवस 23 मार्च को कलेक्ट्रेट स्थित चंद्रशेखर उद्यान में पूर्वाह्न 11 बजे से मनाया जाएगा। इस आशय की जानकारी इंडियन पीपुल्स सर्विसेज के जिलाध्यक्ष सुरेश शाह एवं आल गोंडवाना स्टूडेंट्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राकेश गोंड ने संयुक्त रूप से दी है।

## जयंती समारोह कल

**बलिया।** जिला सपा कार्यालय पर 23 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से महान समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जयंती समारोह में शामिल होने का आह्वान किया है।

## विवि के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन

**बलिया।** जनपद के विभिन्न कालेजों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन किया। तत्पश्चात छात्रों ने कुलपति का घेराव किया। छात्रों की शिकायत में मुख्य रूप से छात्रों को किसी विषय में फेल कर देना, बैक एग्जाम के उपरांत भी छात्रों के रिजल्ट में सुधार न होना, परीक्षा की तिथि आने के बाद भी छात्रों का प्रवेश पत्र न आना आदि रहा। अमित सिंह छोटू ने कहा कि लगातार विवि प्रशासन द्वारा छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है। विवि आने से बलिया के छात्रों में हर्ष की जगह हताशा की भावना उत्पन्न हो रही है। मौके पर प्रशांत पांडेय, अभिनव सिंह, सौरभ, हिमांशु, ज्ञानेन्द्र प्रताप, अमर, हेमंत, मौरिश, अनिश, किशन आदि मौजूद रहे। संचालन अनुराग पटेल छोटू ने किया।

## पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारियों ने दिया धरना



**बलिया।** जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नई पेंशन नीति वापस लो और पुराना पेंशन बहाल करों की मांग को लेकर मंगलवार को राज्य कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने नई पेंशन वापस लो और पुरानी पेंशन बहाल करों, नही तो यह आंदोलन चलता रहेगा। कर्मचारियों ने कहा कि नई पेंशन योजना से राज्य कर्मचारियों में जबरदस्त आक्रोश है। राज्य कर्मचारियों के धरने में विभिन्न संगठनों के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर से नई पेंशन योजना का विरोध किया और पुराना पेंशन बहाल करने की मांग की।

## जन जागरूकता को निकाली रैली



**बिल्थरारोड।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर 20 मार्च से आगामी तीन अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में जन जागरूकता हेतु मंगलवार को बाल विकास परियोजना सीयर की ओर से रैली निकाली गई। रैली को भाजपा के जिला मंत्री रणजीत कुशवाहा ने सीडीपीओ सीयर सरस्वती शाक्या संग हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीडीपीओ सरस्वती शाक्या ने बताया कि यह रैली मोटा अनाज के खान-पान में अधिक उपयोग हेतु बढ़ावा देने, स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा एवं सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के सफल संचालन करने हेतु निकाली गई। रैली बाल विकास परियोजना कार्यालय से ब्लाक परिसर, चौकियां मोड़, तहसील मुख्यालय भ्रमण करते परियोजना कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई। मौके पर सुपरवाइजर नजमा खातून, चंदन, रमाशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## नॉलेज सेंट्रल एकेडमी का उद्घाटन

**बेरुआरबारी।** नालेज सेंट्रल एकेडमी सुखपुरा का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक केतकी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम बांसडीह राजेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक सोनू उपाध्याय, पंकज कुमार सिंह, प्रमोद सिंह, पंकज सिंह, उमेश सिंह, प्रकाश उपाध्याय, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

## आज मनाया जायेगा शहादत दिवस

**बलिया।** संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक परमात्मानंद राय ने बताया कि शहीदे आजम भगत सिंह की शहादत दिवस 22 मार्च, बुधवार को अपराह्न 12 बजे से अंबेडकर संस्थान में मनाया जायेगा। उन्होंने आमजन से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्टरी

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
डा. विनोद कुमार
www.sarthaksurgicalcentre.com

डॉ० विनीता श्रीवास्तव
स्तन रोग विशेषज्ञ
सम्पर्क : 9335499180, 0542-227778

# श्रम अधिकारी ने आधा दर्जन बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

जनसंदेश न्यूज

**कोपागंज, मऊ।** चाइल्ड आपरेशन मुक्ति अभियान के तहत जिला अधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस, श्रम व प्रोबेशन विभाग की संयुक्त विनय नगर क्षेत्र अभियान चलाकर विभिन्न दुकानों पर से करीब आधा दर्जन बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी किया। अभियान के दौरान बाजार में काफी देर तक अफरातफरी मची रही।

बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए जिला श्रम अधिकारी ने नगर क्षेत्र के नवापुरा रोड पर स्थित लाइफ फर्नीचर आर्य पार्ट्स की दुकान समसी अप्लाई मार्बल हार्डवेयर समेत एक ढाबे से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया। छापेमारी के दौरान नाबालिग बालक दुकानों पर बाल श्रम करते हुए पाए गए। श्रम परिवर्तन अधिकारी ने बताया कि बाल श्रमिकों के संबंध में मौके पर उपस्थित मालिकों से बालकों के उम्र के संबंध में साक्ष्य चाहा गया लेकिन उनके द्वारा कोई भी साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया। कहा कि प्रथम दृष्टया बालक नाबालिग प्रतीत हो रहे थे। इस पर टीम सभी बाल श्रमिकों मुक्त कराते हुए दुकानदारों पर नोटिस जारी किए। श्रम अधिकारी ने कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षित करने के लिए तमाम योजनाएं चला रही है लेकिन तमाम बच्चे मजदूरी करने के लिए विवश हो रहे हैं। ऐसे बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराने के लिए चाइल्ड आपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है।



दुकानों की जांच करते अधिकारीगण

## आश्वासन पर भाकपा माले का धरना स्थगित

**बलिया।** बिजली विभाग के खिलाफ भाकपा माले द्वारा सोमवार से विद्युत उपकेंद्र मनियर पर चल रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को नायब तहसीलदार बांसडीह सुधांशु शेखर एवं एसडीओ मनियर आरके यादव को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपने के बाद स्थगित कर दिया गया। भाकपा माले नेताओं की मांग पर अधिकारियों ने कहा कि पांच अप्रैल को विद्युत उपकेंद्र मनियर पर उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक कर उपभोक्ताओं की समस्याओं पर विचार विमर्श कर निदान किया जाएगा। तब तक के लिए भाकपा माले ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित किया। भाकपा माले के नेता श्रीराम चौधरी ने मांग किया कि दिल्ली व पंजाब की तरह उत्तर प्रदेश में 300 यूनिट मुफ्त बिजली किया जाय। गरीब मजदूर परिवार का पुराना बिल माफ हो, उपभोक्ताओं पर हुए फर्जी मुकदमा वापस हो, भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को चिन्हित कर तत्काल हटाया जाय, वार्ड नं. एक व 14 में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाय। इस मौके पर एसएचओ मनियर प्रवीण कुमार सिंह, जेई कैलाश राव, बसंत कुमार उर्फ मुन्नी सिंह, वशिष्ठ राजभर, मिंटू सिंह, जगदीश प्रसाद रावत, दिनेश राजभर आदि मौजूद रहे।

# आठ को मनेगा मंगल पांडेय का शहादत दिवस



**बलिया।** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं आजाद भारत के ऐतिहासिक अतीत को कुरेदने के इरादे से अमर शहीद मंगल पांडेय का 166वां शहादत दिवस उनके विश्वव्यापी गौरव के अनुरूप मनाया जाएगा। इसके लिए उनकी स्मृति में व्याख्यान माला, स्कूली बच्चों की प्रभातफेरी, गार्ड आफ आनर, झंडातोलन एवं शहीद को नमन का विविध आयोजन 8 अप्रैल, शनिवार को संपन्न होगा।

कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंगलवार को समिति की बैठक कदम चौराहा पर हुई। इसमें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए शहीद मंगल पांडेय स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी ने कहा कि 8 अप्रैल को प्रातः 8 बजे प्रभातफेरी, गार्ड आफ आनर, झंडातोलन, शहीद को नमन तथा माल्यार्पण एवं 4 बजे सर्वदलीय सभा और रात को 9 बजे यूपी और बिहार के मध्य चैता होगा। कार्यक्रम के संयोजक सियाराम यादव तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु ओमप्रकाश पांडेय को संयोजक बनाते हुए जिम्मेदारी दी गई है। संचालक राजकुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर सियाराम यादव, कल्लू माली, प्रेमजी, राजनाथ यादव, रविप्रकाश श्रीवास्तव, श्रीभगवान यादव, श्याम बिहारी पांडे, संतोष तिवारी, छोटे पांडेय आदि मौजूद रहे।

## त्योहार को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बेरुआरबारी।** आगामी नवरात्रि व रमजान के पवित्र महीने के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिख रहा है। सुखपुरा थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक पारसनाथ सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में थाना क्षेत्र में पड़ने वाले दर्जनों गांव के लोगों को संम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक पारस नाथ सिंह ने कहा कि जो भी समस्या अगर दिखे तो आप लोग तुरन्त पुलिस को सूचना दे, ताकि समय रहते निरोधात्मक कार्रवाई किया जा सके। कल से प्रारंभ नवरात्र व गुरुवार से रमजान के पवित्र महीने को ध्यान में रखते हुए आने वाले त्योहारों में किसी को कोई दिक्कत न पैदा हो। क्षेत्र के सभी सूअर वालों को नोटिस के जरिए इन पवित्र महीनों में सूअर बारिश से बाहर निकालने की हिदायत दे दी जा रही है। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर बांक बहादुर सिंह, विश्वदीप सिंह, मुन्ना लाल यादव, अमित सिंह, मुश्ताक अहमद, गुड्डू प्रधान प्रतिनिधि तुषार यादव, अजय राम, जेपी कन्नौजिया, अभय सिंह, सुनील यादव, फजले रहमान अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# साहू समाज ने फूलों से खेली होली

आयोजन

### एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

**बिल्थरारोड।** अखिल भारतीय साहू समाज बेल्थरारोड के तत्वावधान में नगर के साहू मैरेज हाल में सोमवार की शाम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि साहू समाज के वरिष्ठ संरक्षक रमाशंकर साहू (नेता जी) रहे।

वक्ताओं ने होली मिलन समारोह के आयोजन की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुश्मनी पर दोस्ती की जीत ही होली मिलन समारोह का मुख्य अंश है। इसके माध्यम से आपसी सम्बन्धों को प्रगाढ़ करने, आपसी मनमुटाव को दूर कर एक साथ उठने-बैठने का सिलसिला कायम कर समाज के अन्दर एक मजबूत एकजुटता कायम करने का संदेश देते हैं।



समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। अंत में फूलों की होली खेली गयी। साहू समाज के सभी सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गयी। इस दौरान पत्रकारों को ऊऊनी साल प्रदान करके सम्मानित किया गया।

इस मौके पर डीजे पर सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने भोज में अनेक ब्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। समाज के अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद साहू ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर अच्छेलाल साहू, शमशेर प्रसाद साहू, डीएन शर्मा साहू, राम मनोहर गांधी, कांता प्रसाद साहू, गुलाब चंद साहू, परशुराम साहू, ओमप्रकाश साहू, विजेन्द्र प्रसाद साहू, डा. सुरेन्द्र प्रसाद साहू, सुनील साहू, राधेश्याम साहू, सुनील प्रसाद साहू, सुधाकर प्रसाद साहू, धर्मनाथ साहू, अनिल कुमार साहू (एडवोकेट), विंध्याचल प्रसाद साहू, अनिल कुमार साहू, जयनाथ साहू, कन्हैया साहू, उपेंद्र कुमार साहू उर्फ मिंटू, भगवान प्रसाद साहू, पन्नालाल साहू, कन्हैया प्रसाद साहू, बेचन साहू, कमलेश फौजी, शशिकान्त साहू आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राजाराम साहू तथा संचालन अशोक कुमार साहू ने किया।

## संक्षेप

### उद्योग व्यापार मंडल की टीम का गठन



**बलिया।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल की बैठक एक रेस्टोरेंट में हुई। इसमें उप्र युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री अभिजीत सिंह अंकुर एवं जिलाध्यक्ष टुनटुन जी सर्राफ ने टीम गठित कर सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। तत्पश्चात सोनी तिवारी को महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, प्रीति पांडेय को जिला महामंत्री एवं सरोज मौदनवाल को जिला कोषाध्यक्ष का पदभार सौंपा गया। वहीं, अभिषेक सोनी को युवा जिलाध्यक्ष, बृजमोहन गुप्त, प्रशांत पांडेय एवं रोहित गुप्त को जिला उपाध्यक्ष, अनिल सिंह को जिला महामंत्री, अभिमन्यु गुप्त को जिला कोषाध्यक्ष, अजय गिरी, मो. इमरान एवं अतुल कुमार पांडेय को जिला मंत्री का पदभार सौंपा गया। नगर टीम में सुमित साहू को नगर अध्यक्ष, संदीप गुप्त, संदीप सिंह, विशाल विक्रम सिंह को नगर उपाध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल को नगर महामंत्री, राजेश कुमार गुप्त को नगर कोषाध्यक्ष, विजय कुमार गुप्त, अंकित को नगर मंत्री एवं आशीष कुमार शर्मा को नगर मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसी क्रम में हरि नारायण गुप्त को नगर महामंत्री एवं विजय कुमार चौरसिया को नगर कोषाध्यक्ष का पदभार पुनः सौंपा गया।

### शांति समिति की बैठक में दिया आवश्यक निर्देश



**बिल्थरारोड।** स्थानीय पुलिस चौकी परिसर में मंगलवार को शांति सुरक्षा समिति की आवश्यक बैठक एसडीएम अनवर राशिद सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुई। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव मिश्र ने चैत नवरात्रि में महिला पुलिस संग पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की जानकारी दी। अन्य मंदिरों पर भी पुलिस की सुरक्षा ब्यवस्था देने का भरोसा दिया। एसडीएम अनवर राशिद ने नगर पंचायत के प्रशासक की कुर्सी सम्भाल रहे ब्रजेश कुमार गुप्ता को पेयूजल, साफ-सफाई की मुकम्मल ब्यवस्था किये जाने का आदेश दिया। समिति के सदस्य दुर्गा प्रसाद मधु लाला व प्रशान्त कुमार मन्टू संग अनेक सदस्यों ने सीयर-सोनाडीह राजमार्ग को जानलेवा करार देते हुए आगामी मेला के मद्देनजर मार्ग को चलने योग्य बनवाने का जनहित में अनुरोध किया। एसडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को इस कार्य के लिए सूचित करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद मधु लाला, प्रशांत कुमार जायसवाल मंटू, रविशंकर सिंह पिक्कू, सुनील कुमार जायसवाल टिंकू, प्रवीण नारायण गुप्ता, अशोक कुमार मधुर, धर्मेन्द्र सोनी, अवधेश यादव, प्रमोद सिंह, सतीश गुप्ता, परवेज हमजा, सोहराब शेख, मिथिलेश कुमार, राम मनोहर गांधी, लाल चन्द मौर्य, हबीबुल्लाह, राजू जायसवाल, आशीष जायसवाल, संज्जन आर्य, पप्पू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### जेएनसीयू की 22 से 25 मार्च तक होने वाली परीक्षा स्थगित

**बलिया।** जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एस.एल.पाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.इ.पी.) 2020 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत बी.ए., बी.एस.सी, बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर सत्र 2022-23 (नियमित) एवं बी.एड. प्रथम सेमेस्टर सत्र 2022-23 (नियमित) व सत्र 2020-2021 तथा 2021-22 के बैकपेपर/भूतपूर्व/श्रेणी सुधार परीक्षाएं 22 मार्च 2023 से 25 मार्च 2023 तक के अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि परीक्षा कार्यक्रम में यथावर्णित 27 मार्च 2023 से संचालित होने वाले परीक्षा यथा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर घोषित समय सारणी के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। 22 मार्च 2023 से 25 मार्च 2023 तक की स्थगित परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम पृथक से विवि की वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा।

### खड़े आटो से टकरायी बाइक, दो घायल

**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के सरवनपुर गांव में खड़े आटो रिक्शा से बाइक टकरा गई। इससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी नरहीं पहुंचाया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सरवनपुर गांव के सामने एनएच-31 के बगल में आटो रिक्शा खड़ा था। इसी बीच नगवां, जनाड़ी गांव निवासी राकेश कुमार (19) पुत्र सुरेन्द्र एवं आशीष कुमार (21) पुत्र पुरूषोत्तम बाइक से भरौली की तरफ जा रहें थे। इसी बीच बाइक अनियंत्रित होकर खड़े आटो रिक्शा में जा टकरायी। इससे दोनों दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें सीएचसी नरहीं पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों गंभीर हालत गंभीर देखकर दोनों को जिला चिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया।

### विधायक हंसूराम ने निर्वाचन के एक वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्रवासियों का जताया आभार



**बिल्थरारोड।** क्षेत्रीय विधायक हंसूराम ने अपने निर्वाचन के एक वर्ष पूर्ण होने पर विधानसभावासियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आदर्श विधान सभा के रुप में 357 विधानसभा बेल्थरारोड को विकसित करने का मेरा सपना है, उसे पूरा करने का प्रयास करुंगा। महापुरुषों के नाम पर आदर्श विधान सभा की पहचान हेतु सीमा पर चारों तरफ 6 आकर्षक द्वार बनने जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रीय मीडियाकर्मियों को ऊनी साल संग मिष्ठान से सम्मनित करने के बाद बीते एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि गरीब व असहायों के लिए 4 करोड़ 37 लाख रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से धन चिकित्सकीय सुविधा के लिए उपलब्ध कराया है। कुल राज्य सड़क से 5 सड़के 2 करोड़ 93 लाख रुपये, विशेष मरम्मत योजना के अन्तर्गत 30 सड़के 4.50 करोड़ रुपये, सामान्य मरम्मत योजना से 16 सड़के 1.50 करोड़ रुपये, विधायक निधि से 3 करोड़ रुपये में 35 सड़के बनाने के लिए दिया था, जो पूर्ण हो चली है। 11 हाईमास्क लाईट प्रमुख स्थानों पर लगवाया है। बेल्थरारोड के विधानसभा की पहचान के लिए उसके चारों तरफ सीमाओं पर 6 गेट महापुरुषों के नाम स्मृति द्वार के रुप में तुतीर्पार में नरला, गोठवा-गोठाई, नगरा, बरौली तथा अखोप में बनने जा रहा है। घाघरा नदी के किनारें तुतीर्पार श्मशान घाट पर बैठने की व्यवस्था में 100 बाई 63 फीट में बैठने की व्यवस्था होने जा रहा है। प्रकाश व्यवस्था के पक्ष में एक हाई मास्क का फाउण्डेशन बन चुका है। जो अति शीघ्र वह भी लग जायेगा। वहां पर एक वाटर कूलर भी प्रस्तावित है। जो निकट भविष्य में लगेगा। श्मशान घाट पा आने जाने के लिए मार्ग कुछ क्षतिग्रस्त था उसे भी ठीक करवा दिया गया है। आदर्श विधान सभा के रुप में बेल्थरारोड विधानसभा को विकसित करने का मेरा सपना है उसे पूरा करने का प्रयास करुंगा। अंत में कहा कि बेल्थरारोड में सीओ का पद सृजित हो जायेगा तब जाकर सीओ कार्यालय संचालित हो जायेगा। इस मौके पर सुभासपा के कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ विधायक हंसूराम को फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अरबाज खां, जयप्रकाश यादव, उमेश अम्बेडकर, राज बहादुर यादव, मुरली यादव, संदीप यादव, बीरेन्द्र यादव, मिथिलेश राजभर आदि मौजूद रहे।

### भारतीय संस्कृत संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करने की रखती है सामर्थ्य : मनोज कांत

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर में समाजशास्त्र विभाग एवं प्रज्ञा प्रवाह (उन्नमेष) द्वारा सयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसका शीर्षक स्वाधीनता से स्वतंत्रता की तरफ स्वय का जागरण पर आधारित था। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सह प्रचार प्रमुख मनोज कांत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीप्रकाश सिंह ने किया। मुख्य वक्ता मनोज कांत ने कहा कि भारतीय संस्कृत वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा पर संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करने का सामर्थ्य रखती है। उन्होंने कहा कि हम स्वाधीन तो हुए परंतु शासन प्रशासन में स्व. तंत्र का अभी भी अभाव है। समाज को दिशा देने वाली शिक्षा पर बोलते हुए उन्होंने कहाकि वर्तमान शिक्षा प्रशासनिक तंत्र पर आधारित है और हमारी प्राचीन शिक्षा संस्कृति पर आधारित थी, इसलिए उसमें समर्पण था और आज तंत्र पर आधारित है इसलिए समर्पण की इसमें कमी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि वर्तमान समाज के लोगों में स्वतंत्र रहते हुए अपने देश और संस्कृति के प्रति आत्मचिंतन एवं आत्मासात करने की जरूरत है तभी स्वाधीनता से स्वतंत्रता का स्वरूप परिलक्षित होगा।

## संक्षेप

### डीएम ने सरकारी कोटे की दुकान को किया सस्पेंड

**कोपागंज, मऊ।** ब्लॉक क्षेत्र पारा मुबारकपुर में कोटेदार द्वारा पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्ड धारकों को राशन और चीनी निर्धारित मात्रा से कम देने के शिकायत के बाद डीएम ने तत्काल प्रभाव से कोटे की दुकान बगल गांव के सेन्दूराईच गांव की कोटे की दुकान पर अटैच कर दिया। पारा मुबारकपुर गांव के ग्रामीणों ने पिछले दिनों गांव पहुंचे जांच अधिकारी पूर्ति निरीक्षक को कोटेदार द्वारा प्रत्येक राशन कार्ड पर 3 किलो राशन कम देने का आरोप लगाया था जबकि अंत्योदय कार्ड धारकों ने कोटेदार पर धांधली का आरोप लगाते हुए 3 किलो चीनी देने के बजाय मात्र दो किलो चीनी देने का लिखित शिकायत दर्ज कराया था। पूर्ति निरीक्षक के जांच के दौरान कोटे की दुकान बंद पाया गया। जिसे दुकान में रखे राशन का सत्यापन भी नहीं हो सका। जांच के दौरान कार्ड धारकों ने आरोप लगाया कि कोटेदार द्वारा प्रत्येक कार्ड को 3 किलो राशन कम दिया जाता है जबकि अंतोदय कार्ड धारकों ने आरोप लगाया कि कोटेदार 3 किलो चीनी के बदले मात्र 2 किलो देकर भगा देता है। आरोप लगाया गया कि शिकायत करने पर कोटेदार दबंगई और धमकाता है। कोटेदार के खिलाफ के लिखित शिकायत दर्ज करा कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जिसके बाद जांच में सत्य पाए जाने पर डीएम ने तत्काल प्रभाव से कोटे के दुकान का सस्पेंड करते हुए राशन की दुकान बगल के सेन्दूराईच गांव के कोटे की दुकान से अटैच कर दिया।

### एसपी रेलवे ने जीआरपी थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**मऊ।** मंगलवार को एसपी रेलवे गोरखपुर डॉ. अवधेश सिंह द्वारा जीआरपी थाना मऊ का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा गार्द की सलामी ली गई। इसके उपरांत एसपी द्वारा माल खाना का निरीक्षण किया गया साफ-सफाई व सामानों को सुसज्जित व व्यवस्थित ढंग से रखने हेतु माल खाना मुहर्रिर को निर्देशित किया गया। वही थाना कार्यालय के रजिस्टरों के रख-रखाव व रजिस्टरों को अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा शस्त्रागार का निरीक्षण कर पाई गई कमियों हेतु संबंधित को आदेशित किया गया एवं शास्त्रों के रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एसपी द्वारा बैरक का निरीक्षण किया गया। बैरक के निरीक्षण के क्रम में बैरक प्रभारी को बैरक की नियमित साफ सफाई कराने के दृष्टिगत बैरक के बाहर जमी घासों को साफ करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी महोदय द्वारा जीआरपी थाना मऊ में नियुक्त अधिकारियों/कर्मियों की विभागीय व व्यक्तिगत समस्याओं की सुनवाई कर उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया व थाने के सभी अधि./ कर्मचारीगण को अपराध एव अपरधियों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा सभी को निर्देशित किया गया कि सभी लोग रेलयात्रा नियमानुसार करें व रेलयात्रा के दौरान ऐसा कोई आचरण न करें जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो यदि किसी पुलिसकर्मी द्वारा रेल यात्रा के नियमो का उलंघन व रेलकर्मियो के साथ दुर्व्यवहार किया गया तो उसके विरूद्ध नियमानुसार विधिक/विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

### 143 पेटी अंग्रेजी शराब तथा 16 पेटी बीयर बरामद

**मऊ।** थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा सोमवार रात्रि देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर सिकटिया ओवर ब्रिज के पास से घेराबन्दी कर एक पिकअप वाहन (बीआर 06 जीई 3985) में आलू के बोरियों के नीचे छुपाकर बिहार जा रही विभिन्न ब्राण्डों की 143 पेटी अंग्रेजी शराब (1236.96 लीटर) बरामद कर चार अभियुक्तगण सुदेश साहनी सीतामढ़ी बिहार, रजनीश कुमार मिश्र सीतामढ़ी बिहार, संजय कुमार मुजफ्फरपुर बिहार तथा आदिल महमूद मऊ को गिरफ्तार किया गया। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी नगर धनन्जय मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तो के निशानदेही पर मयुर बिहार कालोनी से 16 पेटी किंग फिशर बियर (192 लीटर) बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उक्त गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि यह शराब और बियर हम लोग बिहार लेकर जा रहे थे जहा शराब बंद है इसलिए हमे काफी फायदा होता है। पुलिस से बचने के लिए आलू के बोरो के बीच में हम लोग इसे छुपाये थे। जब शराब और बियर कहा से लाते है इस संबंध में कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि यह शराब और बियर हम लोग थोक विक्रेता गोदाम मालिक अमित झा के यहा से लिये है यह शराब और बियर हमे नवीन सिंह ने दिया है जो अमित झा के यहा रहता है।

### श्रीमती इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज में लोक शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**मऊ।** श्रीमती इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज मर्यादपुर मऊ में खादी ग्रामोद्योग विकास समिति मऊ द्वारा खादी के प्रचार प्रसार हेतु दो दिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड एवं डीएलएड के करीब 100 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खादी पर आत्मनिर्भर भारत में खादी का योगदान पर निबंध लेख एवं नौकरी या रोजगार पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम एवं द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि संजीव राणा सहायक निदेशक खादी ग्राम उद्योग आयोग गोरखपुर के कर कमलों द्वारा क्रमशः प्रथम दो हजार, द्वितीय को 15 सो रुपए एवं तृतीय को 1000 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के यादवेंद्र यादव एवं संस्था से ब्रह्मानंद सिंह, अखिलेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गौतम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# निवेशकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन हर संभव तैयार : डीएम

**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में इन्वेस्टर समिट के दौरान जनपद में औद्योगिक विकास हेतु प्राप्त निवेश प्रस्तावो को असली जामा पहनाने के संबंध में इन्वेस्टर्स एवं अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एक करोड़ से अधिक रुपए की ऐसे निवेश प्रस्तावो पर, जिन्हें अगले 6 महीने के अंदर प्रारंभ किया जा सकता है, उसके संबंध में इन्वेस्टर्स एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।



इस दौरान डीएम ने वहां उपस्थित अधिकारियों व निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि इन्वेस्टर सम्मिट के दौरान जनपद मऊ में 7 हजार करोड़ से भी ज्यादा का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन इन प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए निवेशकों का हरसंभव सहयोग करने के लिए तैयार है। बैठक के दौरान निवेशकों ने निवेश में आने वाली समस्याओं से डीएम को अवगत कराया, जिनमें प्रमुख रूप से जमीन के ऊपर हाईटेंशन तार के गुजरने, जमीन की अनुपलब्धता, बैंकों के साथ समस्या आदि हैं। डीएम ने निवेशकों से विभागों से संबंधित समस्याओं की सूची तैयार कर अगली बैठक में उपलब्ध कराने को कहा, जिससे संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा के उपरांत उन समस्याओं का निराकरण किया जा सके। जिन निवेशो हेतु जमीन की उपलब्धता नहीं है,उन मामलों में डीएम ने संबंधित निवेशकों से 1 महीने के अंदर जमीन की उपलब्धता की सूचना देने को भी कहा, जिससे संबंधित निवेश प्रस्ताव पर आगे की कार्यवाही संभव हो सके। उन्होंने निवेशकों को जिला प्रशासन द्वारा समस्त सुविधाओं का आश्वासन देते हुए कहा कि यथाशीघ्र निवेशो को धरातल पर उतारने का कार्य संपन्न करें, जिससे जनपद में औद्योगिक विकास की प्रगति संभव हो सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन एवं प्रशासन का पूरा प्रयास है कि प्रदेश एवं जनपदों में औद्योगिक विकास के लिए बेहतर माहौल का निर्माण कर जनपद एवं प्रदेश को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सके। ऐसे समय में निवेशकों के लिए एक बेहतर अवसर है।

## पशु आरोग्य मेले में दो दर्जन पशुओं का हुआ इलाज

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना विकास खंड के तवक्कलपुर ग्राम पंचायत में मंगलवार को उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एके सिंह के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेला के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशीष चैधरी ने गो पूजा कर मेला का उद्घाटन किया। मेला में विभिन्न प्रजातियों के दो दर्जन पशुओं का इलाज किया गया और उन्हें आवश्यक दवाई दी गई। पशु मेला में आए पशुपालकों को संबोधित करते हुए डॉ एके सिंह ने कहा कि पशुओं में बीमारियों का इलाज लक्षणों से किया जाता है। ऐसे में सभी पशुपालक अगर अपने पशुओं पर गहरी नजर रखें तो पशुओं की बीमारी का इलाज प्रारंभिक चरण में ही ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पशुओं में होने वाली खतरनाक बीमारी गला घोटू, खुरपका मुंह पका, और मौजूदा समय में लैम्पी स्किन डिजीज सबसे अधिक फैल रही है। इस दौरान रामशरण चैहान, मुन्ना सिंह, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश गौड़, पशु चिकित्सा अधिकारी खुरहट डॉ कन्हैयालाल, फार्मासिस्ट श्यामसुंदर सोनकर, पशुधन प्रसार अधिकारी अजीत सिंह, हरि गोविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक संपन्न

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में फसलों के वित्तमान (स्केल आफ फाइनेंस) के निर्धारण के संबंध में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान फसल उत्पादन हेतु वर्ष 2023-24 हेतु निर्धारण पूरे वर्ष में विभिन्न फसलों, गेहूं, धान, मूंगफली, आलू, प्याज, लहसुन, मत्स्य पालन, पशुपालन, कुक्कुट पालन, आदि हेतु अल्पकालीन ऋण देने के लिए किया जाता है, इसके निर्धारण के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी चाहने पर उप कृषि निदेशक द्वारा फसलों की बुवाई से लेकर कटाई तक उर्वरक से लेकर कृषि रक्षा रसायन व लगने वाले मजदूर आदि पर होने वाले खर्चे की विस्तृत जानकारी दी गई।

इसी प्रकार जिला उद्यान अधिकारी व जिला कृषि अधिकारी द्वारा भी विभिन्न फसलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित रतनपुरा क्षेत्र के कृषक द्वारा भी फसल की विभिन्न क्रियाकलापों पर होने वाले व्यय की जानकारी दी गई।

अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार व उप क्षेत्र प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक प्रणय सिन्हा द्वारा बैंक से संबंधित जानकारी दी गई। सहायक निदेशक मत्स्य डॉक्टर रिचा चैधरी द्वारा मत्स्य पालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं के वित्तमान प्रस्तुत किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक एसपी श्रीवास्तव, सचिव कॉपरेटिव बैंक आशुतोष त्रिपाठी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते साडीओ प्रशांत नागर

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त सदस्या वैष्णवी राय का होगा भव्य स्वागत



**मऊ।** मंगलवार को एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक परदहॉ मिल रोड पर स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त सदस्य पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार, मऊ जनपद के जन्मदाता स्व. कल्पनाथ राय की पुत्री वैष्णवी राय के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य नियुक्ति होने के उपरान्त प्रथम आगमन पर मऊ गाजीपुर बार्डर बढ़ुआगोदाम पर स्थित दुर्गा के मंदिर के पास 23 मार्च को दिन में 2 बजे गाजा बाजा फूल माला द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, फ्रन्टल, संगठनों, विभागों प्रकोष्ठो के सम्मानित पदाधिकारियों, कांग्रेसजनों द्वारा एवं आमजन द्वारा स्वागत किया जायेगा।

तत्पश्चात हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत राहुल गॉधी का पत्र जन जन तक पहुंचाया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता प्रखर वक्ता शिक्षा विद उप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश बहादुर सिंह व संचालन उप्र कांग्रेस कमेटी के सदस्य अनिल कुमार राय उर्फ बब्लू राय ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से माधवेन्द्र बहादुर उर्फ सोनू सिंह, विनय कुमार गौतम, अनिता गौतम, रवि प्रकाश उर्फ गोपाल सिंह, संजय सिंह, अरूण सिह, सुबाष राम, नरसिंग सिंह, प्रदीप सिंह, अवनीश सिंह, लालप्यारे सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे। उधर उप्र कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ के महासचिव उदय प्रताप राय एडवोकेट की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त सदस्य वैष्णवी राय के स्वागत समारोह को सफल बनाने के लिए बैठक की गयी। बैठक में ओम प्रकाश राय, बम्हानन्द पाण्डेय, अनिल जायसवाल, श्रीराम साहनी, अजय कुमार, अजय कुमार, शान्तिभूषण, बीराम, मु.माजिद, उफमन्नू राय, रमेश यादव, बादशाह हुसैन आदि लोग उपस्थित थे व संचालन सुखचैन राम एडवोकेट ने किया। बैठक में सुनील, प्रेमचन्द, रविन्द्र, आदि लोग उपस्थित थे। संचालन सुखराम ने किया।

# चैत्र नवरात्र: आज से होगी शक्ति की आराधना


करहिया स्थित कामाख्या देवी।

### कामाख्या धाम पर चौकन्ना रहेगी पुलिस

सेवराई । मां कामाख्या मंदिर पर चैत्र नवरात्र के मद्देनजर सभी तैयारियां मंदिर समिति द्वारा पूरी कर ली गयी है। मंदिर के चारो ओर रंग रोगन के साथ ही साफ सफाई करके मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। मंदिर परिसर में नारियल,चुनरी एवं प्रसाद की दुकानें सज गयी हैं। मंदिर समिति के अलावा प्रशासन की तरफ से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे है। गहमर कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया की थाने की फोर्स के अलावा 6 सब इंस्पेक्टर, 36 हेड कांस्टेबल,10 महिला आरक्षी,2 ट्रैफिक पुलिस,1 ए पी गार्ड,1 फायर सर्विस गाड़ी, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर,हैंड फ्रेम मेटल डिटेक्टर के अलावा डेढ़ सेक्सन पी ए सी भी लगाई गई है। इसके अलावा एन्टी रोमियो स्क्वायड के तहत 10 महिला एवं पुरुष सिपाही पूरे परिसर का सादे ड्रेस में चक्रमण करते रहेंगे।



कामाख्या धाम पर सफाई करते कर्मचारी।

**आस्था**


### श्रद्धालु घरों में स्थापित करेंगे कलश, नौ रूपों की होगी आराधना

**गाजीपुर।** चैत्र नवरात्र की शुरूआत बुधवार से होगी। इस अवसर पर मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाएगी। नवरात्र के पहले दिन शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्गा मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। नवरात्र पर अधिकांश घरों में कलश की स्थापना कर नौ दिनों तक पूरे मनोयोग से पूजन-अर्चन कर शक्ति की आराधना की जाती है। इसके साथ ही नौ दिनों तक देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। नवरात्र की पूर्व संध्या पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने पूजा से संबंधित सामग्रियों की खरीदारी की नारियल, चुनरी, अगरबत्ती, धूप, दीप, कलश आदि की खरीदारी के चलते पूजन सामग्रियों की दुकानों पर सुबह से देर शाम तक भीड़ बनी रही। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित दुर्गा मंदिरों पर आज से भक्तों का तांता लगेगा। मां के दरबार में मत्था टेककर भक्त उनसे परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इस मौके पर अधिकांश लोग व्रत भी रखते हैं। कई भक्त ऐसे भी होते हैं, जो पूरे नौ दिन तक व्रत रखकर मां की आराधना करते हैं। नवरात्र के मौके पर गहमर स्थित मां कामाख्या धाम पर नौ दिनों तक मेला लगता है। इस धाम में जिले सहित अन्य जिलों के लोग भी मां का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। पूरे नवरात्र भर हवन- पूजन का कार्य होता है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

माता रानी के श्रृंगार की हुई खरीदारी शहर के मिश्र बाजार, स्टेशन रोड, महुआबाग व नख्खास क्षेत्र में भक्त माता रानी के श्रृंगार की खरीदारी करते नजर आए। माता की प्रतिमा को सजाने के लिए चुनरी, पोशाक, सिंदूर, माला आदि खरीदारी होती रही।


माता रानी को मनाने के लिए नौ दिन का उपवास करने की तैयारी कर रही हूँ। माता रानी की कृपा से सब कुछ अच्छा होगा।

**प्रियंका पांडेय फुल्लनपुर।**


चैत्र नवरात्र पर हर साल बड़ी ही धूमधाम से पूजा-अर्चना करती हूँ इस बार भी पूजा अर्चना कर माता रानी से मनौती मांगेंगे।

**रिंकू सिंह, पीरनगर।**

### महंगी पड़ी बिजली की चोरी, 19 पर एफआईआर साढ़े सात लाख का जुर्माना

**गाजीपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के झींगुर पट्टी, तुलसिया का पुल, मिश्रवालिया, चंदनवाहा, खजुरिया,मोहम्मदपुर चट्टी में विद्युत खंड द्वितीय के अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह,एसडीओ सुधीर कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को बिजिलेंस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान 66 घरों में 19 लोग अवैध तरीके से विद्युत उपभोग करते हुए पाएं गए। जिसके बाद विजिलेंस थाना रौजा पर विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। 10 हजार से ऊपर के 21 बकायेदारों का लाइट केबल पोल से खोल दिया गया है। विद्युत टीम ने 26 लोगों से बकाया बिल सात लाख 56 हजार वसूल किया। चेकिंग टीम में अवर अभियंता अमित गुप्ता सहित समस्त मीटर रीडर, संविदा कर्मी, डिस्कनेक्शन गैंग उपस्थित रहे।

## अहिरौली में स्पीड ब्रेकर बना परेशानी का कारण


अहिरौली में बेतरतीब ढंग से बनाएं गए ब्रेकर।

**जनसंदेश न्यूज**

**मुहम्मदाबाद।** गाजीपुर - हाजीपुर मार्ग पर अहिरौली में बने स्पीड ब्रेकर से वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायतें हुईं, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग की ओर से इसे हटाने के बजाए आंखें बंद कर ली गई है। अहिरौली में पांच सौ मीटर के अंदर स्पीड ब्रेकर पिछले वर्ष से बनाए गए।

इसकी वजह से वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर जनसंदेश टाईम्स में प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया। इसके बाद भी विभाग के आलाधिकारियों ने स्पीड ब्रेकर को हटाने की जगह ब्रेकर की लंबाई को बड़ा दिया। इससे वाहनों को निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं विभाग की ओर से इस स्पीड ब्रेकर पर कोई रिफ्लेक्टर भी नहीं लगाया है। जिससे वाहन चालकों को रात के वक्त यह स्पीड ब्रेकर दूर से दिखाई दे। अधिशासी अभियंता का कहना है कि अहिरौली में मार्ग सकरा और घनी आबादी होने की वजह से वाहनों की गति धीमी करने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। जिससे वहां पर हादसे न हों। मालूम हो कि पूर्व में ट्रक की चपेट में आने से सात व्यक्तियों की मौत हो गई थी। तब ग्रामीणों की मांग पर स्पीड ब्रेकर बनाया गया था।

### हाईवे किनारे पौधरोपण के लिए नहीं मिला बजट

**सुहवल।** बिहार को जोड़ने वाले ताड़ीघाट बारा नेशनल हाईवे किनारे पौधरोपण के लिए महकमें के द्वारा शासन को पांच करोड़ का भेंजा गया प्रस्ताव सात साल बाद भी मंजूर नहीं हो सका है। जिसके चलते हाईवे से गुजरते समय राहगीरों को धूप व धूल? के बीच जहाँ सफर करना पड़ता है,वहीं गुजरने वाले वाहनों से निकलने वाला जहरीला धुआं से पर्यावरण दूषित हो रहा है। यही नहीं इन धुओं का असर हाईवे किनारे खेतों में बोई जाने वाली फसलों पर भी इसका विपरीत असर पड़ने से उत्पाद पर भी घट रहा है। मालूम हो कि इस मार्ग का निर्माण 2016 में? 245 करोड़ की लागत से शुरू हुआ,जो तीन साल बाद 2019 जून माह में? बनकर तैयार हो गया। मगर इस दौरान इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण व चौड़ीकरण के नाम पर महकमें के द्वारा उस दौरान विभिन्न प्रजातियों के करीब तीन हजार से अधिक पेड़ काट डाले गये। मगर आज तक वन विभाग ने मार्ग किनारे पौधे लगाने की जरूरत नहीं समझी। जबकि सुप्रीम कोर्ट के द्वाराजारी गाइडलाइन के व दिशानिदेर्शों के मुताबिक जितने पेड़ काटे गये है,उसके दोगूने लगाया जाना आवश्यक है। इस संबंध में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानकीय प्रदीप कुमार ने बताया कि मार्ग किनारे पौधरोपण के लिए शासन को पूर्व में महकमें के द्वारा करोड़ों का प्रस्ताव भेंजा गया है,मंजूर होते ही इस पर तेजी से अमल शुरू कर दिया जायेगा।

## नाबालिग किशोरी को अगवा कर बलात्कार

**शर्मनाक**

### पीड़िता के पिता ने दो लोगों के खिलाफ दी नामजद तहरीर

### कार सवार बदमाश घटना के बाद किशोरी को वाहन से फेक फरार

**बिरनो।** थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग किशोरी के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। कार सवार बदमाशों ने किशोरी को अगवा कर वाहन में घटना को अंजाम दिया है। वहीं इस वारदात के बाद किशोरी को वाहन से फेक कर फरार हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पीड़ित किशोरी के पिता ने दो लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस इस मामले में जांच में जुट गई है। वहीं घटना में शामिल वाहन को बरामद कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी को दो युवकों ने कार में जबरन बैठा लिया। इसके बाद उसे मारपीट कर बलात्कार किया। नाबालिग किशोरी के पिता थाना में तहरीर देकर बताया कि सोमवार को उनकी पुत्री सुबह सात बजे घर से विद्यालय जा रही थी । इस बीच नियाव गांव के पास दो युवकों ने जबरन अपनी कार में बैठा लिया। कार को आगे ले जाकर पुत्री को मारपीट कर उसके साथ बलात्कार किया। इस घटना के बाद लड़की को चलती गाड़ी से फेक कर फरार हो गए। बताया कि घटना के बाद किसी प्रकार किशोरी घर पहुंची। उसने परिवार के लोगो से अपने साथ हुए हादसे की जानकारी दी। किशोरी के पिता ने रसूलपुर तिलेसड़ा गांव निवासी अजित पुत्र चौथी यादव ,सुनील उर्फ सोनू यादव पुत्र स्व भोला यादव के खिलाफ नामजद तहरीर दी है । थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।


किशोरी से दुष्कर्म के बाद पुलिस द्वारा बरामद वाहन।

### अज्ञात वाहन के धक्के से मजदूर की मौत

**मरदह।** अज्ञात चार पहिया वाहन के धक्के से साइकिल सवार मजदूर की गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। गांई गांव निवासी 58 वर्षीय इंद्रजीत सिंह पुत्र स्व.हरिंदर सिंह प्रतिदिन की भांति मंगलवार की सुबह लगभग 8:00 बजे अपनी साइकिल से एक फैक्ट्री मऊ पर मजदूरी करने जा रहे थे। जैसे ही मऊ-गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के मटेहूं चट्टी पर पहुंचे की सामने से मऊ-की तरफ से गाजीपुर जा रहे अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। खून से लथपथ अवस्था देख स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को फोन किया 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर आनन-फानन में मऊ जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल वृद्ध को इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र मनीष सिंह के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया है।

## संक्षेप

### खेतों से मिट्टी निकाल कर बेचने का चल रहा अवैध व्यापार

**सो रहा विभाग, खनन माफियाओं का फल फूल रहा कारोबार**

**गाजीपुर।** सदर क्षेत्र में खनन माफियाओं का बोलबाला है। अवैध रूप से मिट्टी खनन कर किसानों की कमर ही तोड़ दे रहे हैं। शिकायत के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई न होने से किसान बेबश हो गए हैं। माफिया चार फीट का समझौता कर चालीस फीट तक मिट्टी निकाल ले रहे। विरोध करने पर उन्हें धमकी भी देते हैं। डर यह सताने लगा है कि बारिश का पानी भरने से गड्ढे जानलेवा होंगे। किसानों का आरोप है कि विभाग सो रहा है और ऐसे लोगों का धंधा फल फूल रहा है। मिट्टी खनन से उपजाऊ खेत चौपट हो रहे हैं। आरोप है कि इस कृत्य में प्रभावशाली लोग और पुलिस का गठजोड़ हावी है। प्रशासन का अभियान केवल कागजों में चल रहा है। किसान अपने ऊबड़-खाबड़ खेतों को समतल करा रहा है। कुछ स्थानों पर तीन से चार फीट मिट्टी बेच रहे हैं। इस समझौते के बाद खनन माफी समझौते से इतर तीन से चालीस फीट मिट्टी निकाल ले रहे हैं। एक जेसीबी के पीछे 12 से 14 ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी ढोने के लिए लगाई गई हैं। रात में सात घंटे मिट्टी खनन होने से एक जेसीबी से 70-80 ट्राली मिट्टी निकाली जा रही। प्रशासन से कर चुके शिकायत किसानों का कहना है कि जरूरत से ज्यादा मिट्टी निकालने से खेत की उर्वरा शक्ति खत्म हो गई है। जगह-जगह गड्ढों की वजह से वह खेती नहीं कर पा रहे हैं। एसडीएम से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शहर क्षेत्र के बंधवा में इन दिनों गांव के खेतों से मिट्टी निकाल कर बेचने का काम धडल्ले से चल रहा है और जिम्मेदार अपनी आंखें मूंद बैठे हैं। खेतों से जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी निकाली जा रही है। ट्रैक्टर चालक खेतों की मिट्टी को बाजार में अधिक कीमतों में बेच कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। सकरा गांव से मिट्टी लाई जा रही है। गांव के कुछ बिचौलिए मिलकर खेतों से बेखौफ होकर मिट्टी निकलवा रहे हैं और उसको औने पौने दाम में बेच कर अपना जेब भर रहे हैं। मिट्टी खनन माफियाओं के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा है। सदर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि सदर क्षेत्र में मिट्टी खनन की शिकायत नहीं मिली है। अगर शिकायत मिलती हैं तो जांच कराकर कारवाई की जाएगी।

### बिजली कार्यालय में उमड़ी भीड़

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल के बाद मंगलवार को सुबह विद्युत निगम के कार्यालय खुले तो उपभोक्ता जा पहुंचे। जहां बिल जमा करने से लेकर अन्य कार्यों के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। ऐसे में अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। विद्युत निगम कर्मचारियों की ओर से मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार और हड़ताल रही। इस दौरान उपभोक्ता बिल जमा करने से लेकर अन्य कार्यों के लिए कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। सोमवार को कार्यालय खुलने ही रुक रुक कर बारिश शुरू हो गई। जिससे उपभोक्ता नहीं पहुंच पाए। वही दूसरे दिन विद्युत निगम के कार्यालय खुले तो उपभोक्ताओं की भीड़ जमा हो गई। सर्वाधिक भीड़ उपभोक्ताओं की बिल जमा करने वाले काउंटरों पर रही। यहां सुबह से शाम तक बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की भीड़ जमा रही।

### गोशाला से भैंस चोरी

**जमानियाँ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दाउदपुर में सोमवार की देर रात चोरों ने एक भैस को चुराने में सफल हुए वही तीन भैस व एक पडिया को चुराने में असफलता हाथ लगी। जानकारी के अनुसार अयोध्या पाण्डेय अपने घर में सोये हुए थे। देर रात्री चोर उनके मुख्य दरवाजे का कुण्डी बाहर से लगाकर गोशाला में लगा ताला कुण्डी सहित उखाड़ कर उसमें बधी एक भैस व एक पड़िया को लेकर चले गये।

### आम में आए बौर को देख किसान उत्साहित

**मुहम्मदाबाद।** क्षेत्र में आम के बागों में अच्छा बौर आने से किसान खुश हैं। यदि मौसम अनुकूल रहा तो इस सीजन में आम की अच्छी फसल होने की संभावना है। क्षेत्र में 5 हजार हेक्टेयर में आम के बाग हैं। इस बार बढ़िया बौर आने से बागवानों के चेहरे खिले हुए हैं। बौर को देखते हुए बागवानों को बागों से अच्छी आमदनी की उम्मीद है। गत वर्ष आम की उत्पादकता कम रहने से बागवानों को मुनाफा भी कम हुआ था। इस बार उसकी भरपाई होने की उम्मीद है। आम के बागवान अमरनाथ और रियाजुल का कहना है कि इस बार आम के बागों में आए अच्छे बौर को देखते हुए उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद है।

### शाम होते ही शुरू हो जाता है मच्छरों का प्रकोप

**गाजीपुर।** गर्मी के मौसम में शाम होने के बाद लोग राहत महसूस करते हैं, लेकिन राहत भरे क्षणों में मच्छर खलल डाल रहे हैं। हालांकि, नगर पालिका परिषद ने शहर में फॉगिंग की व्यवस्था की है, लेकिन वह मच्छरों के झुंड के आगे नाकाफी नजर आती है।

## सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**आयोजन**

### प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से छात्रों का बढ़ता है मनोबल

**जनसंदेश न्यूज**


सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में छात्रा को पुरस्कृत करते डा.सानंद सिंह व अन्य।

**गाजीपुर।** सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में पैरंट टीचर मीटिंग का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में मेधावी व क्रियात्मक प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया। मुख्य अतिथि सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. सानंद सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने सत्र 2022-23 का परिणाम घोषित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रयोगात्मक तथा विशेष प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों का चौमुखी विकास करने के लिए तत्पर है। बताया कि कम से कम खर्च में विद्यार्थियों को अधिकतम व्यवस्थाएं एवं गुणवत्ता परक शिक्षा दी जाती है। विद्यार्थियों के अंदर प्रतियोगिता परक शिक्षा का विकास करने के लिए समय-समय पर क्रियात्मक प्रतियोगिता का आयोजन होता है। जैसे रंगोली , दिवाली कार्ड , राखी, एस्से राइटिंग, पोएट्री, इत्यादि प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर स्पर्धा पैदा होती है। ऐसी प्रतियोगिता छात्रों को भविष्य के लिए एक मजबूत ताकत ,साहस एवं निर्भयता प्रदान करती है। विजेता विद्यार्थियों को डा. सानंद सिंह ने मेडल और सर्टिफिकेट देकर उनके अभिभावक सहित सभी को सम्मानित किए। स्कूल के मेधावी छात्रों में मुख्य रूप से मानवी उपाध्याय, दीपिका विश्वकर्मा,प्रियांशी चौरसिया, विकास यादव,अब्दुल शमद ,आराध्या राय ,शिवांगी मिश्रा, अंशिका यादव,अंकित यादव, रितिका मौर्या, महिमा यादव, जाग्रति तिवारी,कंदरप तिवारी रहें। इस अवसर पर दिग्विजय उपाध्याय, अमित रघुवंशी,डा. तेज प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## हाई सिक्योरिटी प्लेट बाहर लगवाना पड़ेगा महंगा

**गाजीपुर।** वाहन एजेंसी से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लेकर इसे वहीं लगवाना होगा। बाहर लगवाने पर विभागीय सॉफ्टवेयर पर इसका पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। इससे कितने वाहनों में एचएसआरपी लगा है, कितनों में नहीं इसे लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। परिवहन विभाग ऐसे वाहनों एजेंसियों पर भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के बाद इसे निर्धारित सॉफ्टवेयर पर अपलोड करने को डीलरों के लिए अनिवार्य बनाया गया है। हालांकि, जिले की कुछ एजेंसियां ऐसा नहीं कर रही हैं।

एआरटीओ ने बताया कि विभागीय समीक्षा तथा वाहनों के पत्रावलियों के निस्तारण में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि डीलरों की ओर से वाहनों के हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट जेनरेट कर वाहन स्वामी को भी उपलब्ध करा दी जाती है। जबकि प्लेट में पंच नहीं की जाती है।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों का धरना


सिंचाई विभाग स्थित नलकूप मंडल कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी।

**गाजीपुर।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रव्यापी चरण बद्ध आंदोलन के क्रम में रेलवे एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के सहयोगी कर्मचारी शिक्षक संघों के साथ सिंचाई चौराहा स्थित नलकूप मण्डल कार्यालय परिसर में कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने धरना प्रदर्शन किया। सुरेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि यदि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली नहीं किया तो 2024 में इसका गंभीर परिणाम सरकार को भुगतना होगा। कर्मचारी एवम उनके परिजन सरकार के विरुद्ध मतदान करेंगे। परिषद के जिलाध्यक्ष इं. सुरेंद्र प्रताप ने कहा कि हमे नई और तुम्हे पुरानी ,नही चलेगी यह मनमानी, परिषद के जिलामंत्री बैजनाथ तिवारी ने कहा कि पेंशन हमारा अधिकार है लेकर रहेंगे, हमे नही तो अपनी भी तुम बंद करो। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बालेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि यदि सरकार ने पेंशन बहाल नहीं किया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। धरना में मुक्तेश्वर, संदीप, कृष्णा, बालेंद्र, राम नगीना, बृजकिशोर धीरेंद्र, करुणा शुक्ला, संजय, सुनीता, पुष्पा तिवारी, संजय, मनोज, बबुआ, डा. भास्कर दूबे, प्रवीण, प्रमोद, संतोष आदि रहें। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, संचालन बैजनाथ तिवारी ने किया।

## रोजेदारों पर पड़ेगा महंगाई का असर


नगमा


कीर्ति खान


रूही परवीन


रेहान अहमद


अब्दुल

**अपनी बात**

### खाद्य और पेय पदार्थों में पिछले साल के मुकाबले इस बार 20 से 25 फीसदी का हुआ इजाफा

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** अगले हफ्ते मुकद्दस रमजान का आगाज होगा। रमजान का पवित्र महीना शुरू होते ही इबादतों के साथ ही इफ्तार और सहरी का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सहरी और इफ्तार में इस्तेमाल किए जाने वाले खाद्य और पेय पदार्थों में पिछले साल के मुकाबले इस साल 20 से 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। चांद के मुताबिक 23 या 24 मार्च को रमजान का पाक महीना शुरू हो जाएगा। रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय के अधिकांश लोग रोजे रखकर इबादतों में मशगूल हो जाते हैं। अल्लाह की रजा के लिए रोजेदार सुबह सूर्य निकलने से पहले सहरी करते हैं। और शाम को अस्त होने के बाद इफ्तार करते हैं। रोजे के दरमियान सुबह से शाम तक भूखा और प्यासा रहने के बाद रोजेदार इफ्तार के वक्त पौष्टिक आहार लेना पसंद करते हैं। वर्तमान में महंगाई की वजह से खाद्य सामग्री, खजूर, खिन्नी, फल, मेवा और पेय पदार्थ के दामों में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। जिसका असर रोजेदारों की सहरी और इफ्तार पर भी पड़ेगा। हालांकि रोजेदारों के मुताबिक महंगाई कितनी भी हो लेकिन रोजा तो रखेंगे ही।

आम दिनों के मुकाबले रमजान के महीने में मुस्लिमों के घरों का खर्च अधिक हो जाता है। इस बार हर चीज पर महंगाई है तो खर्च और बढ़ जाएगा।

**खोवा मंडी नगमा**

### माहे रमजान की मस्जिदों में हो रहीं तैयारियां

**मुहम्मदाबाद।** इस्लाम धर्म में रमजान का महीना बेहद पाक माना जाता है। रमजान का हर मुस्लिम को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। रमजान के महीने में मुस्लिम समाज के लोग रोजे रखते हैं। इस दौरान पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं। माहे रमजान बुधवार या गुरुवार से शुरू हो रहा है। इसकी मस्जिदों में तैयारियां की जा रही हैं।शहर की सभी मस्जिदों में विशेष सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा गर्मियों का मौसम आने की वजह से नमाजियों की सुविधा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। मस्जिदों में पंखे व कूलर लगाने का बंदोबस्त किया जा रहा है। शहर के मस्जिदों में तैयारियां की जा रही हैं। इसके अलावा ईदगाह में भी अंतिम दौर की तैयारियां की जा रही हैं। मस्जिदों की रंगाई पुताई का काम चल रहा है।

रोजे हर मोमिन पर फर्ज हैं। कितनी भी महंगाई हो लेकिन रोजा रखने के लिए सहरी और इफ्तार तो करना ही पड़ेगा। रमजान के बजट में कुछ फीसदी की कटौती करना होगी ।अब्दुल ने बताया कि उसके परिवार में सात सदस्य हैं। सभी रोजा रख रहे हैं। मगर महंगाई के चलते सभी के पसंद के खाद्य पदार्थ इफ्तार के समय रखना न मुमकिन हो रहा है। इसकी भरपाई के लिए हर सदस्य की पसंद को एक-एक दिन लाकर पूरा कर रहे हैं।

**रूही परवीन**

महंगाई ने तो हर त्योहार को फीका कर दिया है। खाद्य सामग्री, फल और खजूर के दामों में काफी इजाफा हुआ है। जिसका असर सहरी और इफ्तार पर भी पड़ेगा।

**कीर्ति खान**

## कोयला व्यवसायी ने नहीं ली जीएसटी की नोटिस

**मनमानी**

### बंगाल के कोयला व्यवसाई पर फर्म के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**सेवराई।** गहमर कोतवाली अंतर्गत सेवराई गांव के ईट उद्योग व्यवसाई को जीएसटी चोरी का विभाग ने नोटिस भेज दिया है। जबकि व्यवसाई ने कोई जीएसटी चोरी नहीं किया है। विभाग के नोटिस के बाद व्यवसाई तहसील एवं थाने का चक्कर लगा रहा है। हालांकि, थाना प्रभारी ने अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। जिसके बाद व्यवसाई ने सेल्स टैक्स विभाग के खिलाफ लिखित शिकायत कर जांच की मांग की है। गोल्ड ईंट उद्योग व्यवसाई इन्दु सिंह ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि हमारे ईट उद्योग के ऊपर कोई जीएसटी बकाया नहीं है। आरोप लगाया है कि जीएसटी नंबर के साथ एवं फर्म गोल्डन ईट उद्योग बक्सड़ा के साथ छेड़छाड़ किया गया है। बताया कि गलत तरीके से 257 ट्रक कोयला की निकासी दिखाकर बड़े पैमाने पर जीएसटी टैक्स सरकारी तौर पर गबन हुआ है। जबकि हमने कोई भी कोयला नहीं मंगाया है। बताया कि शांतनु गोस्वामी मेसर्स शांतनु गोस्वामी कार्यालय जमवेदिया उनारा जिला बांकुडा वेस्ट बंगाल द्वारा मेरे फर्म का जीएसटी नंबर लगाकर एवं फर्जी अभिलेख लगाकर मेरे फर्म को बदनाम किया गया है। व्यवसाई इंदु सिंह ने बताया कि 18 दिसंबर 2018 से 18 मई 22 तक कोयला का कोई लेन-देन नहीं हुआ है। इसके बावजूद सेल्स टैक्स विभाग से 23 जुलाई 2022 को मुझे नोटिस दिया गया है। जिससे मुझे पता चला कि आपके द्वारा 257 गाड़ी कोयला जीएसटी टैक्स सरकारी तौर पर गबन किया गया है। वहीं कमिश्नर की जांच में मेरे यहां कोई अवैधानिक या गलत कोयला की निकासी नहीं हुआ है। विभाग की लापरवाही को थाना गहमर में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए गया, परंतु वहां पर मेरा रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित ने एसडीएम सेवराई से जांच की मांग की हैं। उप जिलाधिकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक गहमर को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बतादें, विभाग ने चार करोड़ 68 लाख का कोयला का टर्न ओवर दिखाकर लाखों रूपए पेनाल्टी लगाया है। व्यवसाई वर्षो बाद लगे टैक्स के बाद आश्चर्य में पड़ गया है। व्यवसाई की ईट भट्ठे की भी चेकिंग की गई , जिसमें अधिकारियों को कहीं कोयला नहीं मिला है।


गोल्ड ईंट उद्योग व्यवसाई इन्दु सिंह।

## 'राम की शक्ति पूजा' से

कहकर देखा तूणीर ब्रह्मशर रहा झलक,
ले लिया हस्त, लक-लक करता वह महाफलक।
ले अस्त्र वाम पर, दक्षिण कर दक्षिण लोचन
ले अर्पित करने को उद्यत हो गये सुमन
जिस क्षण बँध गया बेधने को दृग दृढ़ निश्चय,
काँपा ब्रह्माण्ड, हुआ देवी का त्वरित उदय-
'साधु, साधु, साधक धीर, धर्म-धन धन्य राम!'
कह, लिया भगवती ने राघव का हस्त थाम।
देखा राम ने, सामने श्री दुर्गा, भास्वर
वामपद असुर-स्कन्ध पर, रहा दक्षिण हरि पर।
ज्योतिर्मय रूप, हस्त दश विविध अस्त्र सज्जित,
मन्द स्मित मुख, लख हुई विश्व की श्री लज्जित।
हैं दक्षिण में लक्ष्मी, सरस्वती वाम भाग,
दक्षिण गणेश, कार्तिक बायें रणरंग राग,
मस्तक पर शंकर! पदपद्मों पर श्रद्धाभर
श्री राघव हुए प्रणत मन्द स्वर वन्दन कर।
'होगी जय, होगी जय, हे पुरूषोत्तम नवीन।'
कह महाशक्ति राम के वदन में हुई लीन

**– सूर्यकांत त्रिपाठी निराला**


## जनसंपादकीय

# विजय का प्रतीक शक्ति

**हर्षवर्धन पाण्डे**



एक ही परम तत्व परमपुरुष पराशक्ति के रूप में सर्वत्र व्यापक है। श्रुतियों, शास्त्रकारों ने एक ही चिरंतन शक्ति को कभी पुरुष के रूप में तो कभी देवी के रूप में स्वीकारा है। सब के घट में एक समान विराजमान वह दिव्य शक्ति प्रकाश के रूप में हमेशा मौजूद रहती है जिसे 'जीवन शक्ति' कहा जाता है और उसका दर्शन होना ही 'शक्ति ' की आराधना है। दुष्टों का संहार करके भक्तों की रक्षा करने हेतु कभी काली तो कभी दुर्गा या फिर राम और कृष्ण के रूप में उस शक्ति का अवतरण इस धरा पर हुआ है। मां अम्बे की पूजा - अर्चना का विधान वेद, पुराण , उपनिषदों हिन्दुओं के अन्य धर्मशास्त्रों में भी मिलता है। वेद में 'एकोएहं बहुस्याम ' और 'अजाय मानों बहुधा ब्यजायत ' के रूप में और देवी पुराण में 'सा वाणी साच सावित्री विप्राधिष्ठात ' वहां सर्व दुर्गा के रूप में संस्थापित है। मार्कण्डेय पुराण में स्वयं मान जएकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा।



पश्यैता दुष्ट मय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः अर्थात मैं ही दुर्गा हूँ , सर्व शक्ति स्वरूपा हूँ और मुझमें ही पूरी सृष्टि विलीन है। आशय यह है कि यह विशाल सृष्टि उत्पन्न होती है, बढ़ती है, विभिन्न रूपों में परिवर्तित होती है और अंत में विनिष्ट हो जाती है।

देवी पुराण में एक बड़े रोचक कथा प्रसंग की चर्चा की गयी है। अक्सर भ्रम में पड़ जाने वाले देवर्षि नारद को एक बार भ्रम हो गया। ब्रह्मा , विष्णु और महेश तीनों सर्वश्रेष्ठ हैं तो भला ये तीनों किस महाशक्ति का स्मरण करते हैं ? नारद जी अपने सन्देश निवारण हेतु शिव के पास गए और बोले 'मुझे ब्रह्मा , विष्णु और महेश से बढ़कर कोई अन्य देवता नहीं दिखाई देता है फिर आप तीनों से ऊंचा कौन है जिसकी उपासना और स्मरण आप करते हैं ' ? शिव मुस्कुराये और बोले 'हे ऋषिवर ' सूक्ष्म और शूल शरीर से परे जो महाप्राण आदिशक्ति (जगदम्बा ) है वही तो परब्रह्म स्वरुप है - वह केवल अपनी इच्छा मात्र से ही सृष्टि की रचना, पालन और संहार करने में समर्थ है। वस्तुतः वह आदिशक्ति (दुर्गा ) निर्गुण स्वरूप है परन्तु उसे किसी भी रूप मे मन समय -समय पर धर्म की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए साकार होना पड़ता है। इसी समय-समय पर ,पार्वती दुर्गा , काली , चंडी , सरस्वती आदि अवतार धारण किये हैं। इसी जगत जननी का सभी देव स्मरण करते हैं।

वैसे भी आदिशक्ति स्वरुप दुर्गा में सभी देवताओं का कुछ न कुछ अंश शामिल है। दुर्गाशप्तशती के दूसरे अध्याय में देवी स्वरुप का वर्णन करते हुए बतलाया गया है भगवान शंकर के तेज से उस देवी का मुख प्रकट हुआ , यमराज के तेज से मस्तक के केश , विष्णु के तेज से भुजाएं , चन्द्रमा के तेज से स्तन , इंद्रा के तेज से कमर , वरुण के तेज से जंघा , पृथ्वी के तेज से नितम्ब , ब्रह्म के तेज से चरण , सूर्य के तेज से दोनों पैरों की अंगुलियां, वसुओं के तेज से दोनों हाथों की अंगुलियां , प्रजापति के तेज से सम्पूर्ण दांत , अग्नि के तेज से दोनों नेत्र , संध्या के तेज से भौहें , वायु के तेज से कान , अन्य देवताओं के तेज से देवी के भीं- भीं अंग बने। इसी प्रकार सभी अमोघ शक्तियों से दुर्गा के रूप में एक आदिशक्ति का सृजन किया गया इसलिए यह स्वरुप सभी देवताओं के लिए स्मरणीय हो गया।

जो विद्वानों के के लिए स्मरणीय हो वह लोगों के लिए विस्मरणीय भला कैसे हो सकता है। परिणामतः कलियुग में भी आज दो नवरात्रि के रूप में माँ जगदम्बा की पूजा जारी है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र। शारदीय नवरात्र आश्विन मास में और वासंतिक नवरात्र अभी चैत्र माह में होते हैं। इसी चैत्र वर्ष प्रतिपदा से हिन्दुओं का नया संवत्सर शुरू होता है। दोनों नवरात्र का समान महत्व है। नौ दिन और नौ रातों तक मान जगदम्बे भगवती के नौ अलग -अलग रूपों की पूजा की जाती है।

यह आज तक रहस्य बना हुआ है। दुर्गा की पूजा सबसे पहले राम ने की या किसी और ने, लेकिन इतना तय है लंका पर चढ़ाई और रावण वध से पहले राम ने आदिशक्ति स्वरूप मानकर दुर्गा जी की पूजा की। यह स्थान भी रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। नवरात्र महोत्सव आसुरी शक्ति पर दैवीय शक्ति की विजय का प्रतीक है। नवरात्र में प्रथमा से लेकर नवमी तक शक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा -अर्चना होती है। ये नौ शक्तियां बहनों का स्वरुप हैं और इन नौ शक्तियों के विभिन्न नाम रूप के कारण 'शारदीय नवरात्र ' उत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। नवरात्र की पूरे देश में विशेष धूम रहती है। इन 9 दिनों में लोगों की भक्ति भावना, आस्था और शक्ति देखते ही बनती है। दर्जा माता की नौ शक्तियों के नाम हैं - शैलपुत्री , ब्रह्मचारिणी , चंद्रघटा , कुष्मांडा , स्कंदमाता , कात्यायिनी , कालरात्रि , महागौरी और सिद्धदात्री। नवरात्र में अंतिम दिन पर कन्या पूजा का विशेष महत्व है। नौ कुमारी कन्याओं को देवी स्वरुप मानकर लोग उनका विशेष पूजन भोजन , वस्त्रादि, उपहार देकर करते हैं।

कन्या पूजन में दो वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं को पूजा जाता है। दस वर्ष से अधिक वर्ष की कन्याओं का पूजन वर्जित। दो वर्ष की कन्या ' कन्याकुमारी' , तीन वर्ष की 'त्रिमूर्तिनी' , चार वर्ष की 'कल्याणी' , पांच वर्ष की 'रोहिणी' , छह वर्ष की ;'काली', सात वर्ष की 'चंडिका' , आठ वर्ष की ' शम्भवी', नौ वर्ष की 'दुर्गा' और दस वर्ष की 'सुभद्रा' स्वरूपा मानी गयी है।

कोई भी पर्व हो उसके पीछे मकसद होता है सुख, शांति और समृद्धि के साथ परमानन्द की प्राप्ति। नवरात्र में की गई पूजा मानव मन की मलिनता को दूर करके भगवती दुर्गा के चरणों में लीन होकर जीवन में सुख, शांति और ऐश्वर्य की समृद्धि लाती है। यज्ञ - हवन के कारण अनेक व्याधियों से मुक्ति होने की वैज्ञानिक पुष्टि भी होती है। उस शक्ति स्वरूपा का दर्शन करना मानव जीवन का लक्ष्य है और इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु इन नवरात्रों में विशेष प्रयास करना चाहिए। नवरात्र अर्थात शक्ति की आराधना का महापर्व है और इसे सौद्देश्य मनाना चाहिए जिससे सुख शांति , अर्थ ,धर्म , काम , मोक्ष का पुरुषार्थ भी सफल हो।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं )**

# इंटरव्यू बोर्ड में सामाजिक और लैंगिक विविधता

**शिक्षा- परीक्षा**



**एच.एल.दुसाध**

भर्तियों में साक्षात्कार की व्यवस्था काबिल प्रार्थियों तक के लिए आतंक का विषय रही है . कारण, इसे लेकर एक आम धारणा है कि इसके जरिये भर्तियों में धांधली होती है तथा अपात्रों को ज्यादा नंबर देकर परीक्षा उत्तीर्ण करवा दिया जाता है.आरोप यह भी लगते रहे है कि नौकरियों के लिए साक्षात्कार के अंकों में हेरफेर किया जाता और इसकी एवज में बड़ी रकम दी जाती है. इसे लेकर सबसे अधिक शिकायत दलित- बहुजनों की ओर से उठती रही है.इन वर्गों के मन में यह बात गहराई तक समाई हुई है कि साक्षात्कार में उनके साथ भेदभाव किया जाता है.कई चर्चित दलित अधिकारीयों ने लिखा है कि यदि साक्षात्कार में उनके साथ भेदभाव नहीं किया गया होता तो वे टॉप करते. चर्चित पत्रकार दिलीप मंडल के शब्दों में,' सवर्णों का रिजल्ट ओबीसी से खराब है. सिर्फ रिटेन की बात करें तो सवर्णों का रिजल्ट एससी और सती से भी खराब है. इन कम मेरिट वालों को इंटरव्यू में ज्यादा नंबर देकर जबरदस्ती आईएएस और आईपीएस बनाया जाता है.' साक्षात्कार के जरिये दलितों को भेदभाव का शिकार बनाया जाता है , यह सामाजिक न्याय मंत्रालय के दिशा-निर्देश पर किये गए हाल ही के एक अध्ययन में सामने आया है. साक्षात्कार के वक्त दलितों को उपनाम के कारण भेदभाव का शिकार पड़ता है, इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार के निर्देश पर सिविल सेवा में दलितों की भागीदारी बढ़ाने के लिए दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जो एक रिपोर्ट तैयार की है, उससे इस बात पर मोहर लगती है.रिपोर्ट के शोध विभाग से जुड़े पीएसएन मूर्ति ने बताया है कि ह्यदेश में 90 प्रतिशत उपनाम ऐसे हैं,जिनसे जाति उजागर हो जाती है. इसलिए पूरी प्रक्रिया के दौरान इसे गोपनीय रख जाना चाहिए. ऐसा इसलिए कि शोध में पता चला है कि यूपीएससी परीक्षाओं में जिन्होंने जाति-धर्म छिपा रखी थी, वे ज्यादा सफल हुए.' तो यह अप्रिय सचाई है कि साक्षात्कार में दलित-बहुजनों के के साथ भेदभाव होता रहा है,इसलिए वे साक्षात्कार के विरुद्ध हैं. लेकिन सिर्फ बहुजन ही नहीं, साक्षात्कार के कारण नौकरियों/परीक्षाओं का परिणाम आने में बिलम्ब होता है जैसे एकाधिक कारणों से, अन्य वर्गों की ओर से भी लम्बे समय इसके खात्मे की मांग उठती रही है.

संभवतः इस मांग का अनुमान लगाकर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने 2015 में लालकिले से परीक्षाओं से इंटरव्यू हटाने और लिखित परीक्षा के आधार पर ही नौकरी दिए जाने की बात कही थी. पीएम की उस सलाह पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने संज्ञान लेते हुए तीन महीने में केंद्र सरकार की भर्तियों से साक्षात्कार की व्यवस्था हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली. इसे एक जनवरी, 2016 लागू कर दिया गया. संसद में 2020 के अक्तूबर में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा दी गयी एक जानकारी के मुताबिक देश के 28 में से 23 राज्यों और नव गठित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत सभी आठ केंद्र शासित प्रदेशों में सरकारी नौकरियों में इंटरव्यू की व्यवस्था खत्म कर दी गई. इस कड़ी में ताजी घटना उत्तराखंड की है, जहाँ गत 2 मार्च को उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक जनसभा के मध्य तकनीकि पदों समेत ग्रुप ह्यसी' की सभी परीक्षाओं साक्षात्कार की व्यवस्था तत्काल समाप्त करने तथा पीसीएस या अन्य उच्च पदों पर साक्षात्कार का प्रतिशत कुल अंको के 10 प्रतिशत से ज्यादा न रखने की घोषणा की है . उन्होंने कहा ,'ग्रुप सी की कोई परीक्षा, चाहे वह लोक सेवा आयोग से बाहर की हो लोक सेवा द्वारा कराई जा रही हो, सभी परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाएगी. इसमें तकनीकी पद भी सम्मिलित होंगे अर्थात जेई जैसे तकनीकी पदों में भी साक्षात्कार की व्यवस्था पूर्ण रूप से समाप्त कर दी जाएगी.' उन्होंने साक्षात्कार की आवश्यकता वाले सिविल सेवा तथा अन्य उच्च पदों में भी साक्षात्कार का प्रतिशत कुल अंकों के दस प्रतिशत से ज्यादा न रखे जाने की घोषणा करते हुए कहा कि ह्य साक्षात्कार में किसी भी अभ्यर्थी को यदि 40 प्रतिशत से कम और 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक दिए जाते हैं तो साक्षात्कार लेने वाले व्यक्ति या बोर्ड को इसका स्पष्ट कारण बताना होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि कड़ी मेहनत के दम पर परीक्षा देने वाले नौजवानों के हक पर कोई डाका न डाल सके, इसके लिए सरकार कड़े कड़े कानून बना रही है. बहरहाल साक्षात्कार के खात्मे का दो दर्जन से अधिक राज्य सरकारों द्वारा निर्णय लिए जाने के बावजूद यूपीएससी सहित कुछ अन्य उच्च पदों के लिए साक्षात्कार आज भी पूर्व की भांति जारी है, जिसके जरिये कड़ी मेहनत करने वालों वंचित वर्गों के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है, इसका एक नया दृष्टान्त सामने आया है, जिसे लेकर दलित बहुजनों में उच्च पदों की भर्तियों में साक्षात्कार खत्म करने की मांग एक बार फिर उठ रही है. इस घटना की जानकारी देते हुए मेरे फेसबुक पर एक मित्र ने किसी का पोस्ट शेयर किया है,जिसमे लिखा है,' यह बहन बाजना जिला रतलाम की है , जो पिछले 8 वर्ष से तैयारी कर रही है.

आदिवासी वर्ग से सिविल जज एस्पिरेंट महिमा को थ्योरी में 180 मार्क्स चाहिए थे, इनके 192 हैं. इंटरव्यू में 20 नंबर चाहिए थे, इन्हें 18.5 अंक ही मिले और चयन से वंचित रह गईं. कुल 114 पद स्वीकृत थे , मात्र 5 ने क्वालीफाई किया: 109 पद खली रह गए. लगातार 3 साल तक यदि योग्य उम्मेदवार नहीं मिले तो ये पद सामान्य वर्ग से भर दिए जायेंगे. एसटी के लिए न्यूनतम मार्क्स का क्राइटेरिया 45% है. इस हिसाब से 450 में 210 मार्क्स में चयन हो जाना चाहिए था. लेकिन इंटरव्यू में अलग से 59 में से 20 नंबर लाना अनिवार्य था, इसलिए महिमा चयन से वंचित रह गईं.' इस घटना को लेकर ढेरों लोगों पोस्ट डाले हैं, जिनमे एक पोस्ट दलित लेखक संघ के पदाधिकारी रमेश भंगी का है. भंगी जी ने लिखा है,' साक्षात्कार पास करने की नहीं फेल करने की साजिश है. उनके इस पोस्ट को 41 लोगों ने शेयर,जबकि 460 लोगों लाइक किया है ,जबकि 44 ने इस पर कमेन्ट आया है.इस पर सदन राम नाम के एक लेखक व्यक्ति का कमेन्ट है,' भारतीय जाति व्यवस्था और द्रोणाचार्यों के रहते सभी प्रकार की परीक्षाओं में इंटरव्यू समाप्त कर दिया जाय.' चर्चित लेखक नरेंद्र तोमर का कमेन्ट है,' बड़े तौर पर दलितों को जबरन फेल करने और सवर्णों को पास कराने का जरिया है....तोमर साहब के नीचे जिस व्यक्ति का कमेन्ट है, उसका कहना है,' इंटरव्यू बामनों का ब्रह्मास्त्र है, जिससे एकलव्यों के टैलेंट की हत्या की जाती है.' मशहूर दलित साहित्यकार मुसाफिर बैठा का कमेन्ट है,' पास करने(मेरिटधारी वर्ग को)की साजिश भी है, बाय डिफॉल्ट!' विद्वान मित्र महेंद्र सिंह का कमेन्ट है,' सर, इसका एक बड़ा शिकार मैं भी हुआ हूँ. 2002 के साक्षात्कार में जब मात्र 179 सीट थी और हमने ऑप्शनल व निबंध में बहुत अच्छा किया था 300 में मात्र 60 अंक मिले जबकि 2004 में 300 में मात्र 90 मिले, जबकि ऑप्शनल व निबंध में बहुत अच्छे नंबर थे. अगर हमें 40 प्रतिशत भी नंबर मिल जाते तो मैं आईएएस हो जाता.' साक्षात्कार का बुरी तरह शिकार बने मेरे स्नेहपात्र डॉ. आकाश गौतम का कमेन्ट रहा,' जब भारत सरकार क्लास चार और तीन के जॉब्स में, उत्तर प्रदेश में क्लास तीन और चार की जॉब्स में, आंध्र प्रदेश में लोक सेवा आयोग सहित सभी प्रकार के जॉब्स इंटरव्यू खत्म हो सकता है तो फिर देश में संघ लोक सेवा आयोग , सभी राज्यों की राज्य लोक सेवा आयोग की जॉब्स में, यूनिवर्सिटीज और इंस्टीटयूट की भर्ती में भी इंटरव्यू खत्म हो सकता है इंट्री लेवल पर ,किन्तु यह सरकार की मंशा पर निर्भर करता है!'

बहरहाल सरकार की मंशा देश में संघ लोक सेवा आयोग , सभी राज्यों की राज्य लोक सेवा आयोग की जॉब्स में ही नहीं , यूनिवर्सिटीज और इंस्टीटयूट की भर्ती में भी इंटरव्यू खत्म करने की नहीं है; इसे आगे भी जारी रहना है यह मानते हुए रमेश भंगी के पोस्ट पर मेरा कमेन्ट रहा,' जिस तरह हर मानव सृष्ट समस्या का समाधान डाइवर्सिटी में है, उसी तरह इसका भी है. आप साक्षात्कार प्रणाली को खत्म नहीं कर सकते. ऐसे में इसको निर्दोषपूर्ण करने का एक ही उपाय हैः इंटरव्यू बोर्ड सामाजिक और लैंगिक विविधता का प्रतिबिम्बन! यह बात यह लेखक प्रायः एक दशक से रट रहा है,पर ..!' सिविल जज एस्पिरेंट आदिवासी युवती के आघातजनक परिणाम पर केन्द्रित रमेश भंगी के पोस्ट पर जो जो कमेंट्स आये हैं, उससे साफ दिख रहा हैं उच्च पदों की भर्तियों में साक्षात्कार लेकर वंचित वर्गों के बुद्धिजीवियों में भारी आक्रोश है और सभी चाहते हैं कि यह खत्म हो. लेकिन सरकार की मंशा ऐसा करने की नहीं है. इसका एक अन्यतम कारण यह भी हो सकता है कुछ पद ऐसे है ,जिनमे प्रार्थी के व्यक्तित्व और संवाद कौशल का परखना जरुरी है. ऐसे में साक्षात्कार व्यवस्था बनी रहेगी,ऐसा मानकर वंचितों को रणनीति बनानी चाहिए. हाँ! ऐसा हो सकता कि इससे आक्रांत वर्गों के दबाव में आकर सरकारें भविष्य में अधिक से अधिक उत्तराखंड के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कथन का अनुसरण करते हुए साक्षात्कार का अंक प्रतिशत कुल अंकों के दस प्रतिशत से ज्यादा न रखने पर विचार करें. लेकिन यह दस प्रतिशत भी वंचितों की सफलता में एवरेस्ट बनकर खड़ा हो सकता है. कारण, इंटरव्यू बोर्ड में आज की भांति सवर्णों की प्रधानता बनी रहेगी और वे हिन्दू धर्म का प्राणाधार वर्ण-व्यवस्था जनित अपनी सोच के कारण इसमें भी वंचित करने का अवसर निकालने के लिए विविवश रहेंगे.

स्मरण रहे जिस वर्ण-व्यवस्था के तहां सजारों साल से हिन्दू समाज का परिचालन होता रहा है, वह बेसिकली एक वितरण-व्यवस्था है, जिसमें अध्ययन-अध्यापन, पौरोहित्य, राज्य व सैन्य -संचालन, व्यवसाय-वाणिज्य से जुड़े सारे अवसर ब्राह्मण , क्षत्रिय और वैश्यों के लिए जन्मसूत्र से पीढ़ी-दर पीढ़ी निर्दिष्ट रहे. इन पेशों में शुद्रातिशुद्रों का प्रवेश अधर्म व निषिद्ध घोषित रहा.चूँकि वर्ण-व्यवस्था ईश्वर सृष्ट रूप में प्रचारित रही इसलिए उच्चमान के इन पेशों का भोग अपना अदैविक अधिकार समझते हैं. हिन्दू धर्मशास्त्रों द्वारा निर्मित सोच ने डॉ. आंबेडकर के शब्दों में सवर्णों में सामाजिक विवेक का पूरी तरह खात्मा कर दिया हैः उनका जो भी विवेक है वह स्व-जाति/ वर्ण के प्रति है. इसलिए वे गैर-सवर्णों के अधिकार के विरुद्ध कुछ करना अपना धर्म समझते हैं. यही कारण है सवर्ण सलित-बहुजनों के अधिकारों के विरुद्ध सब समय सक्रीय रहते हैं. इनके लिए किसी गैर-सवर्ण का आइएएस ,पीसीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर ,न्यायाधीश बनाना बिलकुल ही असहनीय है,इसलिए वे महिमाओं को हर हाल में रोकने का प्रयास करते हैं. जबतक हिन्दू धर्म का धारा पर वजूद है :हिन्दुओं उर्फ सवर्णों की इस सोच में परिवर्तन आना असंभव है, इसलिए कुछ ऐसा उपाय करना पड़ेगा जिससे वे कड़ी मेहनत करके सफलता के द्वार पर पहुंचे दलित-आदिवासी,पिछड़े,अल्पसंख्यकों और महिलाओं वंचित न कर सकें. इसके लिए बेहतर होगा साक्षात्कार के खात्मे की लड़ाई छोड़कर वंचित वर्गों के लोग इंटरव्यू बोर्ड में सामाजिक और लैंगिक विवधता लागू करवाने की लड़ाई लड़ें. मसलन अगर इंटरव्यू बोर्ड पांच लोगों को लेकर गठित होता है तो उसमे सवर्ण एक ही रहेः बाकी दलित, आदिवासी, ओबीसी और अल्पसंख्यक रहे. कोशिश यह भी हो कि पांच लोगों के बोर्ड में कमसे कम दो महिलाएं भी हो. बिना ऐसा किये गैर-सवर्णों, विशेषकर दलितों को उनकी कड़ी मेहनत का सुफल देना कठिन होगा : सवर्ण उनकी कड़ी मेहनत पर पानी फेरते रहेंगे!

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्क : 9654816191)**

# मणिपुर में फल फूल रहा है ड्रग्स का कारोबार

**प्रसंगवश**



**दिनकर कुमार**

मणिपुर में भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार द्वारा शुरू की गई ड्रग्स के खिलाफ युद्ध विवाद में फंस गया है, और भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर दिया है।

16 जनवरी, 2023 को काकचिंग जिले की एक पुलिस कमांडो टीम ने उसी जिले के पांच पुलिस कमांडो को गिरफ्तार किया और 1.14 किलोग्राम से अधिक वजन की उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन और हजारों 'वर्ल्ड इज योर' नशीली गोलियां बरामद कीं।

गिरफ्तार किए गए पांचों कमांडो पुलिस की वर्दी में थे और सर्विस गन संभाल रहे थे। उन्होंने ड्रग्स के परिवहन के लिए एक पुलिस वाहन का इस्तेमाल किया था। काकिंग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस. वत्स ने इस अभियान का समर्थन किया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने पुलिस को धन्यवाद देते हुए पांचों कमांडो की सेवा समाप्त करने की घोषणा की।

हालांकि, अगले दिन, नाराज एन बीरेन सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता मेघचंद्र सिंह, विधायक और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, एसपी के कार्यालय गए थे और एसपी ने उनके कार्यालय में अनधिकृत प्रवेश और काम में बाधा डालने से संबंधित मामला दर्ज किया था।

एन बीरेन सिंह ने आगे कहा, 'कांग्रेस नेता ने बिना अनुमति के प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। अब कांग्रेस की यूथ विंग को एफआईआर वापस लेने के लिए सौदेबाजी के तौर पर धरना-प्रदर्शन करने के लिए उकसाया गया है.'

हालांकि, मेघचंद्र सिंह ने कहाः 'मैं गिरफ्तारी की सराहना करने के लिए उनके कार्यालय गया था। हालांकि मैंने सुझाव दिया कि वह इस मामले को सीबीआई को सौंप दें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अपराधियों को दंडित किया जा सके और वे बचकर न निकलें। मेरे सुरक्षा कर्मचारी और पुलिस अधिकारी हमारी बैठक और सौहार्दपूर्ण बातचीत के गवाह थे।' उन्होंने कहा कि उन्होंने पत्रकारों को आमंत्रित नहीं किया था, लेकिन वे गिरफ्तारियों को कवर करने के लिए पहले से ही वहां मौजूद थे।

ड्रग्स से संबंधित मामलों के निस्तारण की कम संख्या के कांग्रेस के आरोप पर, भाजपा प्रवक्ता जॉनसन एलांगबाम ने कहाः 'मणिपुर में पिछले भाजपा शासन (2017-22) के दौरान, कुल 1,678 मामले दर्ज किए गए थे और 2,100 लोगों को पकड़ा गया था। ये कांग्रेस शासन के दौरान गिरफ्तारी की तुलना में बहुत अधिक हैं।'

मणिपुर भारत की कुल जनसंख्या का केवल 0.24 प्रतिशत योगदान देता है, लेकिन देश में एचआईवी के कुल मामलों का 8 प्रतिशत है। नशीली दवाओं और अपराधों पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अनुसार, मणिपुर में लगभग 19.8 प्रतिशत नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता एचआईवी पॉजिटिव हैं।

राजधानी शहर इंफाल में स्थित एक सिविल सोसाइटी संगठन कोएलिशन अगेंस्ट ड्रग्स एंड अल्कोहल के महासचिव गीतचंद्र मंगंग ने कहा, 'सरकार अवैध ड्रग्स की आपूर्ति लाइन पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो गोल्डन ट्रैंगल से आ रही है। लेकिन यह एक जमीनी मुद्दे- मणिपुर के भीतर ड्रग्स के उत्पादन को संबोधित करने में विफल रही है। मणिपुर अब अवैध ड्रग्स का पारगमन मार्ग नहीं है, बल्कि यह अवैध ड्रग्स के प्रमुख उत्पादकों में से एक बन रहा है।'

कई मामलों में, राज्य में अवैध ड्रग्स निर्माण इकाइयों का भंडाफोड़ किया गया है, जो एक फलते-फूलते ड्रग कार्टेल का संकेत है। हालांकि, इन फैक्ट्रियों को लगाने के पीछे के प्रमुख सरगना अभी तक प्रशासन के राडार पर नहीं आए हैं।

तथ्य यह है कि मणिपुर अब केवल अवैध ड्रग्स के लिए पारगमन मार्ग नहीं है, मुख्य रूप से उखरुल, सेनापति, कांगपोकपी, कामजोंग, चुराचांदपुर और टेंग्नौपाल जिलों में पहाड़ियों में अफीम की खेती हो रही है। अफीम की खेती के लिए अनुसूचित जनजातियों के पहाड़ी क्षेत्रों का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में 2017-2021 के दौरान 14,315 एकड़ अवैध अफीम खेती को सुरक्षा बलों द्वारा नष्ट कर दिया गया था। 'वॉर ऑन ड्रग्स कैंपेन' के तहत अफीम के पौधों को उखाड़ने और नष्ट करने के लिए प्रत्येक जिले में कम से कम 100 पुलिस कर्मियों की एक टीम भी तैनात की गई है। सीएडीए के अनुसार पिछले 20 वर्षों में मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में अफीम की खेती म्यांमार के ड्रग लॉर्ड्स के संरक्षण में कई गुना बढ़ गई है। इसमें कहा गया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में मणिपुर की पहाड़ियों में म्यांमार के कई अवैध निवासी भी अफीम की खेती कर रहे हैं।

ह्यपूर्वोत्तर में और शेष भारत में हर ड्रग की ढुलाई किसी न किसी तरह से मणिपुर से जुड़ी हुई है जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। 2018 से बड़े पैमाने पर अभियान के बावजूद परिणाम बहुत प्रभावशाली नहीं रहा है। जबकि मादक पदार्थों के तस्करों को सुरक्षा बलों द्वारा पकड़ा जा रहा है, वास्तविक सरगनाओं पर जांच कम हो गई है, जिनमें से अधिकांश म्यांमार में स्थित हैं, 'गीतचंद्र मंगंग ने कहा।

दिसंबर 2021 में मणिपुर और म्यांमार के बीच सीमावर्ती शहर टेंग्नौपाल जिले के मोरेह कस्बे के एक घर से बरामद 500 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन और मेथामफेटामाइन को सबसे बड़ी नशीली दवाओं की खेप के रूप में माना जा सकता है। म्यांमार मूल का एक कथित ड्रग तस्कर था जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार ड्रग्स की तस्करी दुनिया के दूसरे सबसे बड़े अफीम उत्पादक म्यांमार से की गई थी।

सरकार ने अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए नारकोटिक्स एंड अफेयर्स ऑफ बॉर्डर (एनएबी), एंटी-नारकोटिक्स विभाग, मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, सीएडीए जैसे गैर-लाभकारी संगठनों और विभिन्न जनजातीय समूहों को शामिल किया है। एक विशाल बाजार, उच्च प्रतिफल और अफीम उगाने के मौसम की छोटी अवधि जो पारंपरिक खेती से नहीं टकराती है, ने खेती को जोखिम उठाने लायक एक आकर्षक व्यवसाय बना दिया है।

वास्तव में, जबरन उन्मूलन अभियान ने अफीम उत्पादकों को व्यवसाय को फलने-फूलने के लिए उत्पादकों, व्यापारियों और तस्करों के बीच एक और मजबूत नेटवर्किंग प्रणाली के साथ सावधानी से काम करने के लिए प्रेरित किया।

15 दिसंबर 2022 को मणिपुर सरकार ने, सबसे पहले, मणिपुर के नौ पहाड़ी जिलों- चुराचंदपुर, फेरजावल, नोनी, तमेंगलोंग, सेनापति, कांगपोकपी, उखरुल, कामजोंग, टेंग्नौपाल और चंदेल में अफीम की खेती को बदलने के लिए एक वैकल्पिक कृषि प्रणाली शुरू की। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इन पहाड़ी जिलों में 17 पंजीकृत किसान समितियों को रबी फसलों के बीज, नर्सरी सामग्री, औजार और उपकरण वितरित किए। यह देखने में कुछ साल लगेंगे कि वैकल्पिक खेती राज्य के ड्रग परिदृश्य में बदलाव ला रही है या नहीं।

ह्यबर्मी ड्रग लॉर्ड्स भी जनजातीय किसानों को पोस्ता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। जब तक इन नए वृक्षारोपणों को तुरंत नष्ट नहीं किया जाता है और किसानों को लाभकारी कृषि विकल्प प्रदान नहीं किए जाते हैं, भारत-बर्मा सीमा जल्द ही पश्चिमी बर्मा में प्रसंस्करण संयंत्रों को आपूर्ति करने वाले अफीम के खेतों से युक्त होगी।ह्न सुबीर भौमिक ने अपनी किताब ट्रबलड पेरिफेरी- क्राइसिस ऑफ इंडियाज नॉर्थईस्ट में लिखा है कि विद्रोही-ड्रग लॉर्ड-आधिकारिक गठजोड़ भारत के पूर्वोत्तर में कोलंबियाई परिदृश्य की पुनरावृत्ति के रूप में उभर रहा है।


एन. बीरेन सिंह चुनावों के दौरान ड्रग्स के खिलाफ अभियान का चेहरा बन गए, जो समस्या के बारे में मुखर रहे हैं। हालाँकि, मणिपुर के पूर्व पुलिस अधिकारी थौनाओजम बृंदा द्वारा मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पर एक कथित ड्रग लॉर्ड और बीजेपी सदस्य को बचाने के आरोपों ने पलटवार किया गया।

बृंदा राज्य के नारकोटिक्स एंड अफेयर्स ऑफ बॉर्डर ब्यूरो की पहली महिला पुलिस अधिकारी थीं, जिन्हें ड्रग्स की तस्करी और बिक्री के खिलाफ उनके निरंतर प्रयास के लिए 2018 में भाजपा सरकार द्वारा राज्य वीरता पुरस्कार दिया गया था। हालांकि, उन्होंने दिसंबर 2020 में चंदेल स्वायत्त जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष लुखोसी जू और एक भाजपा सदस्य की रिहाई के बाद पदक वापस कर दिया, जिसे उन्होंने दो साल पहले जून 2018 में एक छापे के दौरान गिरफ्तार किया था, जिसे एक स्थानीय अदालत ने बरी कर दिया।

एक अन्य उदाहरण में मणिपुर मानवाधिकार आयोग ने अगस्त 2021 में भाजपा विधायक लोरेम्बम रामेश्वर मीतेई के एक बयान के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामला दर्ज किया, जिसमें कथित रूप से मंत्रियों, विधायकों और पुलिस अधिकारियों पर ड्रग तस्करों का समर्थन करने का आरोप लगाया गया था।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

**व्यंग्य**



## सदन में हंगामा है

**अरविंद तिवारी**

कवि को कविता सुनाने में,चित्रकार को चित्र बनाने में, टीवी पर सियासी दलों के प्रवक्ताओं को लड़ने और लड़ाने में जो मजा आता है,वही मजा कभी कभी जनता के नुमाइंदों को हंगामा करने में आता है।इधर इस मामले में नया ट्रेंड चल पड़ा है।मंत्री जी सदन में जवाब दे रहे हैं और सत्तापक्ष के सदस्य खूब हंगामा कर रहे हैं!मंत्री जी किंचित भी शिकायत नहीं करते अध्यक्ष से,कृपया शोर करने वालों को रोकें।उधर विपक्ष भी हतप्रभ है।हमारा सारा काम यह सत्तापक्ष खुद ही करे दे रहा है।मतलब अब विपक्ष की कोई आवश्यकता ही नहीं रही!विपक्ष ने भी चूंकि चूड़ियां नहीं पहनी हैं,इसलिए वह भी हंगामा करने लगता है।अध्यक्ष जी के सामने समस्या पैदा हो जाती है,किसके हंगामे को श्रेष्ठ मानें? वह सदन को स्थगित कर देते हैं।

जो नेता सदन में नींद लेने के आदी होते हैं,उनके सामने समस्या पैदा हो जाती है।वे जानते हैं दो बजे बाद भी पक्ष विपक्ष के सदस्य उसकी नींद में खलल डालेंगे।सदन फिर स्थगित हो जाएगा।इसलिए वे पहली बार सदन स्थगित होते ही अपने घर चले जाते हैं।विपक्ष गांधी जी की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठ जाता है।गांधी जी की प्रतिमा को राहत मिलती है।इतनी गहमा गहमी रहती है कि कोई कबूतर आकर उस पर बीट नहीं कर पाता!गांधी जी अपनी प्रतिमा के जरिए सब देख रहे हैं।सब सुन रहे हैं।किसी चौराहे पर होते तो कोई प्रदर्शन नहीं करता।साफ सफाई भी नहीं होती।यहां सदन के बाहर स्थापित हैं,इसलिए अच्छी मेंटिनेंस रखी जाती है।सब जानते हैं,सत्ता आती जाती है,पर यह प्रतिमा स्थिर रहती है।आज जो यहां धरना दे रहे हैं,कल सत्ता में भी हो सकते हैं।आज जो सत्ता में हैं,कल गांधी जी के सान्निध्य में धरना दे सकते हैं।धूप छांव वाला मामला है।

जनप्रतिनिधि की पत्नी फोन करती है, लंच वहीं लोगे या घर आकर लोगे।विपक्ष का जनप्रतिनिधि है तो कहेगा,यहीं लूंगा।घर नहीं आ पाऊंगा।इधर गांधी जी के सान्निध्य में बैठकर लोकतंत्र बचाना भी है।पक्ष का सदस्य होगा तो वह भी केंटीन का ही लंच लेगा।उसे विपक्षी दलों के खिलाफ रणनीति जो बनानी है।उधर पब्लिक भी खुश है सदन के स्थगित होने से।ज्यादा देर तक उसे हंगामा नहीं झेलना पड़ेगा।इसी तरह हंगामे होते रहे तो कई नए सदस्य भूल ही जाएंगे,सदन की कार्रवाई वास्तव में होती क्या है।जो धरना प्रदर्शन सड़क पर होता है,वही संसद में हो रहा है।शायद यही सोचकर धूमिल जी ने अपने कविता संग्रह का नाम‘संसद से सड़क तक’रखा होगा।कवि भविष्य द्रष्टा होता है।वह जानता है,सदन में अभी और क्या क्या होना है।

पक्ष और विपक्ष दोनों के पास एक दूसरे के खिलाफ हंगामा करने के ठोस कारण हैं।दोनों ही विशेष रणनीति के तहत हंगामा कर रहे हैं।कुछ नेताओं की तो कोशिश है कि इतना हंगामा करो कि लोकतंत्र का कोई अवशेष,शेष ही न रहे!मीडिया से हर कोई बतिया लेता है।विरोधियों पर लोकतंत्र खत्म करने का आरोप लगा देता है।सदन में नींद लेने का आदी नेता भी तख्तियां उठाए खड़ा मिलता है।सदन चले तो उसे आराम है,न चले तो पल्लेदारी वाला काम है।जिनको नींद आती है,उनको तो कम से कम सोने देना चाहिए।पर अपनी अनिद्रा की बीमारी कुछ नेता स्वस्थ नेताओं पर थोप रहे हैं।सब जानते हैं कि कुछ दिनों बाद फिर सामान्य स्थिति हो जाएगी,गो कि इन दिनों कुछ नेता प्राइमरी स्कूलों से ज्यादा शोर कर रहे हैं।

इधर लोकतंत्र को शोर ज्यादा रास आ रहा है।दोनों तरफ से 'पुष्पा ... मैं झुकेगा नहीं साला' वाला एक डायलॉग बोला जा रहा है।फिर झुकेगा कौन,इस प्रश्न पर संसद है मौन।मुझे एक मंच के कवि की दो पंक्तियां याद आती हैं।

'मेरे भैया देखो,ये कैसी अनहोनी हो गई राजनीति की सूरत,और घिनौनी हो गई!'

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# लेखपाल के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**आक्रोश**

**आवास के लिए पैसा मांगने का लगाया आरोप**


दशवंतपुर गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** विकास खंड कोयलसा के दशवंतपुर के ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल के खिलाफ गांव में ही विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का लेखपाल हरिनाथ मौर्य द्वारा ग्रामीणों से धन उगाही की जा रही है। हमारी ग्रामसभा में 32 लोगो को प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास प्राप्त है। आवास निर्माण के लिए बालू गिट्टी सीमेंट सरिया खरीद कर आवास का निर्माण करने जा रहे लोगो से 30 हजार रुपया की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जो लोग पैसा नहीं दे रहे हैं उन्हे जमीन खाली करने की नोटिस लेखपाल द्वारा दी जा रही है। अगर आवास का निर्माण कराना चाहते हैं तो पैसा दिए बिना हम निर्माण नहीं होने देंगे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस जमीन पर हमारे बाप दादा लगभग सैकड़ों वर्षों से रहते है। इस अवसर पर रामजीत पन्नालाल गेना निशा बजरंगी बाबूलाल जी निषाद हीरा राजकुमार प्रकाश हरकेश सहदेव महादेव सूर्यभान मेवाती सुदामी आशा रीता श्याम प्यारी केवली चंद्रमुखी निषाद लालती देवी आदि मौजूद रहीं। इस संबंध में तहसीलदार अभिषेक सिंह ने बताया कि यदि ग्रामीणों का आरोप सही पाया जाता है तो हल्का लेखपाल के विरुद्ध जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## लोकतंत्र रक्षक दिवस पर याद किये गये मेवालाल गोस्वामी

**आजमगढ़।** लोकतंत्र रक्षक सेनानी सेवा संस्थान की बैठक संगठन के अध्यक्ष कन्हैया लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यालय रोडवेज स्थित गांधी भवन पर हुई। बैठक में 21 मार्च 1977 को लोकतंत्र रक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। डा.ज्ञान प्रकाश दूबे ने कहा कि हमारे बहुत से साथी दिवंगत हो गये हैं। उनका स्मरण न करना हम सबकी कृतघ्नता होगी क्योंकि आपात काल में हम सबसे बढ़ चढ़कर उन लोगों ने भी सहभागिता की। ऐसे लोगों में स्व.मेवा लाल गोस्वामी, त्रिवेणी पांडेय, रामचीज राम जैसे लोगों से हम अलग हो गये हैं। अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर पतिराम यादव, सभा नारायण राय, सच्चिदानन्द बर्नवाल, स्वतंत्र कुमार गुप्त, डा.नागेंद्र राय, रामफेर कांदू, इंद्रपाल, गुलाब सिंह, महेंद्र राय, सुभाष राय, सूर्यनाथ राय, हनुमान प्रसाद, रामकुमार मौर्य, प्रेमचंद, जवाहर आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग को अगवा करने वाले चार अभियुक्त धराये


कप्तानगंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कप्तानगंज पुलिस ने नाबालिग को अगवा करने वाले 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

पीड़ित द्वारा कप्तानगंज थाने पर शिकायत किया गया था कि सोमवार को मेरी नाबालिग पुत्री को घर से कोचिंग खलीफतपुर जाते समय हेतुगंज बाजार से पहले दिलदारगंज पुलिया के पास से सौरभ कुशवाहा पुत्र अनिल कुशवाहा निवासी झुलन टाली थाना अनपरा जनपद सोनभद्र व उनके साथी मिथिलेश राय पुत्र अज्ञात, देवेन्द्र शर्मा पुत्र अज्ञात, मिथिलेश ठाकुर पुत्र अज्ञात द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गये। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी थी इसी दौरान खलिफतपुर पुलिया से चोरों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।


## संक्षेप

### मनाया गया विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** कैलाशी महिला विकास समिति द्वारा संचालित आवासीय मानसिक दिव्यांग विद्यालय, ध्यानीपुर, लोहरा में मंगलवार को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया गया। आवासीय मानसिक विद्यालय के संचालक योगेन्द्र ने बताया कि डाउन सिंड्रोम गुण सूत्र की अनियमितता के कारण होता है। डाउन सिंड्रोम वाले व्यक्ति का कद वयस्क होने पर भी 4 फिट 10 इंच अर्थात 147 सेंटीमीटर या इससे कम होता है। ऐसे लोगों में अक्सर चपटा चेहरा, चपटी नाक, मोटी जीभ, मोटी भौहें इत्यादि लक्षण देखने को मिलते हैं। उपस्थित सभी लोगों को बताया गया कि डाउन सिंड्रोम भी दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं। हमें ऐसे लोगों एवं उनके माता पिता को यह बताना चाहिए और ऐसे लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर मानसिक दिव्यांग बच्चों ने डांस व पेन्टिंग का कार्यक्रम भी किया। इस अवसर पर प्रबन्धक सुनीता देवी, गंगा प्रसाद, प्रियंका, विजय मणि, सुमित, विनीता, रेनू, अंशिका, नीलम, लीलावती, प्रवीन कुमार गिरी आदि उपस्थित रहे।

### डीएवी में लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी



**आजमगढ़।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, आजमगढ़ द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, आजमगढ़ की ओर से डीएवी पीजी कॉलेज, आजमगढ़ परिसर में आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम में ह्यह्नआठ साल–सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण विषय पर एक दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में नई शिक्षा नीति, कौशल विकास, जीएसटी, दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण, अस्सी करोड़ भारतीयों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सिचाई योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम फसल बीमा योजना, नारी सशक्तिकरण, मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया आदि के बारे में रोचक जानकारियां दी गयी। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी तारिक अजीज ने बताया कि बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी संजीव सिंह, क्षेत्रीय प्रचार सहायक राम खेलावन सहित बड़ी संख्या में कॉलज के विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

### उमाप्रकाश पाण्डेय निर्विरोध निर्वाचित



**बिलरियागंज (सृष्टिमीडिया)।** प्रदेश सरकार द्वारा घोषित साधन सहकारी समिति का चुनाव जिले के सभी इकाइयों पर संपन्न किया गया। इसी क्रम में महाराजगंज विकासखंड के भैंसहाँ बालम साधन सहकारी समिति का चुनाव सरकार द्वारा नामित निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें समिति के सदस्यों ने उमा प्रकाश पाण्डेय को निर्विरोध सभापति चुना। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वही क्षेत्र के लोगों द्वारा सभापति को बधाई देने का ताता लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि हम यह जिम्मेदारी पूरी इमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक पूरा करेंगे। किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता शैलेंद्र तिवारी, अमित पांडे, नवनीत, रविंद्र, राम दुलारे, घनश्याम, कालिका, भूपेंद्र, रमाकांत, शिव वचन राम आदि लोग उपस्थित रहे।

### शॉर्ट सर्किट से मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तेजापुर स्थित एक मोटर साइकिल रिपेयरिंग की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गयी जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पवन यादव पुत्र स्व.श्रीराम यादव की मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान सड़क के किनारे स्थित है। सोमवार की रात शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पहुंचकर किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक चार खुली गाड़ियों का इंजन 30 से 40 बैटरी समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकान में आग लगभग रात को 12 बजे के आसपास लगी जिसमें दुकान संचालक का भारी नुकसान हुआ। पीड़ित पवन यादव ने बताया कि रात में खाना खाकर सभी लोग सो रहे थे कि इसी बीच अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई और सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया तब तक काफी सामान जलकर चुका था।

### एनएसएस छात्राओं ने सफाई कर किया जागरूक

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भरौली स्थित मां श्रृंगारी स्मारक महिला पीजी कालेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.बीके यादव ने किया उन्होंने छात्राओं को एनएसएस के बारे में जानकारियां दी। छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत कोयलसा एकडंगी सहित अनेक मलिन बस्तियों की सफाई की गई। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी अजीत यादव ने बताया कि शिविर के माध्यम से छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया। पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। महाविद्यालय के व्यवस्थापक आशू यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत छात्राओं में देश प्रेम एवं सामाजिक सरोकार करने की भावना उत्पन्न होती है। इस अवसर पर प्रेमलता यादव, डॉ.गिरिजेश कुमार, विनोद कुमार, ओम प्रकाश चैबे आदि मौजूद रहे।



### चक मार्ग पर दबंगों का कब्जा

**संजरपुर (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील अंतर्गत चांदपुर खालसा गांव में दबंगों द्वारा चक मार्ग काट कर खेत में मिला लिया गया है। उसी चक मार्ग के नंबर पर पक्का निर्माण कराया जा रहा है जबकि पीड़ित पक्ष तहसील का चक्कर लगाकर थक हार चुका है। उसी चकमार्ग की पैमाइश राजस्व टीम द्वारा कई बार कर चुकी है लेकिन दबंगों के ऊपर कोई असर नहीं पड़ रहा है। गांव के रामकेश यादव पुत्र भुवाल यादव ने एसडीएम निजामाबाद कुंदन राजकपूर सिंह को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। दिये गये प्रार्थना पत्र में रामकेश ने बताया कि दबंगों द्वारा चक मार्ग पर कब्जा कर लिया गया है और जल निगम के ठेकेदार व गांव के दबंगो द्वारा मेरे खेत के नंबर में जल निगम की पाईप बिछाई जा रही है जिससे मेरा लगभग 5 लाख का नुकसान होगा। पाइप लाइन मेरे खेत में ही बिछाई जा रही है जिस जगह पर चक मार्ग है उसको गांव के दबंगों द्वारा काटकर खेत में मिला लिया गया है और उसी पर पक्का निर्माण कराया जा रहा है जिससे आने जाने में परेशानी हो रही है। यदि उस रास्ते से गांव के लोग पशु लेकर आ रहे हैं तो दबंग मारपीट करने पर आमादा हो जा रहे हैं। मामले को देखते हुए उप जिलाधिकारी निजामाबाद कुंदन राज कपूर सिंह ने खेत में अवैध रूप से बिछाई जा रही जल निगम की पाइप लाइन पर रोक लगाते हुए राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल को आदेशित किया कि चक मार्ग की नापी कराकर रास्ते को खाली कराया जाए और उक्त व्यक्ति के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए।

### राष्ट्रपति के भाषण कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

**संजरपुर (आजमगढ़)।** भाजपा लालगंज के मंडल सरायमीर में शक्ति के केंद्र का कार्यक्रम ग्राम अचलपुर में माननीय राष्ट्रपति के अभिभाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अनुपम पांडे ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में मुख्य अतिथि लालगंज के जिला महामंत्री श्री सूरज प्रकाश श्रीवास्तव रहे उपस्थित होकर क्षेत्रवासियों से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा किये। इस अवसर पर जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा शैलेश प्रजापति, चंद्रेश गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक संदीप अस्थाना, केशव सिंह, सत्यपाल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### फ्री मेडिकल कैंप में 720 लोग हुए लाभान्वित



**संजरपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के नंदाव मोड़ सरायमीर स्थित चश्मा महल पर वेदांता हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 720 लोग लाभान्वित हुए। वेदांता हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों द्वारा लोगों का आखिरी में मेडिकल चेकअप किया गया। कुछ लोगों को अपने पास से एक सप्ताह की दवा भी दी गई। डॉक्टरों द्वारा मेडिकल चेकअप करके उनको उचित सलाह दिया गया। पांच डॉक्टरों की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमें डॉ.आशुतोष तिवारी गैस्ट्रो डा. मोजीशान काडीयो, डा.जेएन सिंह ईएनटी, डा. अंकित राज सिंह आई सर्जन डा.हातिफ सिद्दीकी शामिल रहे। चश्मा महल के डॉ.उजैर आलम ने बताया कि फ्री मेडिकल कैंप में काडीयो के दो सौ मरीज पाए गये। मेडिकल कैंप में लोगों की काफी भीड़ रही लोग अपने नंबर का इंतजार करते रहे। डा.उजैर आलम ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।

## नवरात्र आज से, सजाया गया मां शीतला मंदिर

**जनसंदेश न्यूज**


निजामाबाद मंदिर में स्थापित शीतला माता की प्रतिमा

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक शीतलता माता मंदिर में नवरात्र कि तैयारी जोरो पर चल रही हैं और स्थानीय क्षेत्र के समस्त देवी मंदिरों पर नवरात्र मास भगवती दुर्गा की आराधना के महापर्व चैत्र नवरात्र को लेकर साफ सफाई का कार्य जोरों पर रहा। क्षेत्र में राम जानकी मंदिर छित्तुपट्टी, देवी मंदिर दरीखां, मां दुर्गा जी मंदिर पवई लाडपुर, राम जानकी मंदिर कोलपुर कूसहां, माता दुर्गा मंदिर सरायमीर मवेशी खाना, देवी मंदिर खानपुर आदि मंदिरों पर भक्तों ने साफ सफाई किया। निजामाबाद शीतलता माता मंदिर पर नौ दिन तक लगातार मेला लगता है जिसमें देश के कोने से लोग अपने बच्चों का मुंडन संस्कार चैत मास के नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में करवाते हैं। माला फूल फल मिष्ठान प्रसाद आदि के दुकानदार अपने अपने स्थान पर बनी दुकानों में समान रखकर सजा रहे हैं। मंदिर में चारो तरफ नगर पालिका निजामाबाद के ईओ प्रहलाद पांडेय द्वारा सफाई कर्मचारियों को लगाकर सफाई कराया गया। खराब हुई लाइटों के मरम्मत का कार्य चल रहा है।

## हड़ताल में बिजली आपूर्ति शुरू करना पड़ा भारी

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला के रेडहा विद्युत उपकेंद्र से हड़ताल के समय बाधित विद्युत आपूर्ति शुरू करना एक प्राइवेट विद्युत कर्मी को भारी पड़ गया है। वहां के अवर अधिशासी अभियंता और एसएसओ द्वारा लगातार फोन पर धमकी दी जा रही है जिससे आजिज आकर उसने सोमवार देर शाम अहरौला थाने में तहरीर दे कर कार्यवाही की मांग की है। अहरौला थाना क्षेत्र के बनकट गांव निवासी रणविजय सिंह निजी तौर पर विद्युत से संबंधी कार्य करते हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने कहा कि विद्युत कर्मियों की हड़ताल के कारण रेडहा विद्युत उपकेंद्र से क्षेत्र में बिजली बाधित थी। क्षेत्र के महाप्रधान पिंकू सिंह के कहने पर उसने रेडहा उपकेंद्र पर पहुंच कर नायब तहसीलदार बूढ़नपुर की उपस्थिति में बाधित विद्युत आपूर्ति को शुरू कराया। तभी से अवर अभियंता शोभनाथ राम और एसएसओ ओम प्रकाश यादव द्वारा फोन पर उसे जान माल की धमकी दी जा रही है। रणविजय सिंह ने जेई और एसएसओ पर कार्यवाही की मांग की है।

## नकब लगाकर टेंट की दुकान से लाखों की चोरी

**बेखौफ**

**लगातार हो रही चोरियों से आमजन दहशत में**

**घटनाओं का अनावरण करने में विफल है पुलिस**


चोरों द्वारा दुकान में काटा गया नकब

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चतुरपुर मधई पट्टी निवासी दयाराम तिवारी पुत्र स्व.बृजराज की टेंट व गिट्टी मोरंग की दुकान जोगीपुर में पुलिया के पास स्थित है। सोमवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा मकान के पक्की दीवार में पीछे से नकब काटकर लगभग 40 लोहे के पावे और सेलिंग का 70 सामान उठा ले गए, जिसकी कीमत पीड़ित ने लगभग एक से डेढ़ लाख रुपए बताया।

क्षेत्र में इस समय लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ी है अज्ञात चोरों द्वारा लोगो के घरों को निशाना बनाया जा रहा है। अभी तक किसी भी चोरी की घटना का अनावरण करने में पुलिस पूरी तरह नाकाम है। ऐसे में चोरों द्वारा प्रतिदिन पुलिस को एक नई चुनौती दी जा रही है। सोमवार की रात भी अज्ञात चोरों ने हाथीपुर गांव में एक सेवानिवृत्त अध्यापक के घर से लाखों रुपए के गहने व नगदी उठा ले गए थे। चोरी की घटनाओं से पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है वही चोरों के हौसले बुलंद है। बीती रात टेंट की दुकान में पीछे से नकब काटकर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया और बड़े ही आसानी से लाखों का सामान लेकर फरार हो गए जबकि पीड़ित दुकानदार उसी मकान में अंदर सो रहा था और उसे चोरी की भनक तक नहीं लगी। हालांकि पीड़ित दयाराम तिवारी द्वारा स्थानीय थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# पुरानी पेंशन व्यवस्था कर्मचारी सुरक्षा प्रदान करती थी:बृजेंद्र

**मांग**

**पुरानी पेंशन योजना बहाली को लेकर एक दिवसीय धरना**

**जनसंदेश न्यूज**


धरने को सम्बोधित करती वक्ता

**आजमगढ़।** प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देशन में पुरानी पेंशन योजना बहाली सुयुक्त मंच के बैनर तले मंगलवार को केन्द्रीय और राज्य कर्मचारियों के साझा कार्यक्रम के तहत कर्मचारियों व शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली के लिए रिक्शा स्टैण्ड, पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त मंच के संयोजक बृजेन्द्र सिंह ब्रांच उपाध्यक्ष रेलवे मजदूर संघ ने किया।

धरने को सम्बोधित करते हुए बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना का आधार पूर्णतया वैज्ञानिक एवं सामाजिक था जो कर्मचारी के अस्तित्व से जुड़ा था। संयुक्त मंच के सह संयोजक रवीन्द्र प्रताप श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में पुरानी पेंशन व्यवस्था को कर्मचारी हित में हर तरह से उपयोगी बताया, उन्होंने कहा कि नवीन पेंशन योजना एक कर्मचारी में असुरक्षा की भावना पैदा करती है जबकि पुरानी पेंशन व्यवस्था कर्मचारी को भविष्य के प्रति निश्चितता एवं सुरक्षा प्रदान करती थी। संयुक्त मंच के संयोजक संतोष कुमार यादव ने युवा कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवीन पेंशन योजना बाजारवाद पर आधारित है।

जिस तरह से बाजार के प्रवृत्ति बदलती रहती है उसके आधार पर एक कर्मचारी के रिटायरमेंट के बाद का भविष्य सुरक्षित नहीं माना जा सकता। इसी कड़ी में धरने को श्रवण कुमार सिंह कार्यालय अध्यक्ष रेलवे मजदूर संघ, ज्योति स्वरूप श्रीवास्तव जिलामंत्री कलेक्ट्रेट संघ, सुशील कुमार श्रीवास्तव कार्यालय सचिव राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद् और सुरेन्द्रलाल श्रीवास्तव जिलामंत्री संग्रह अमीन, अखिलेश सिंह जिलाध्यक्ष संग्रह अमीन अवलेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष संग्रह अमीन अनिल सिंह अमीन संघ हरिहर सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष संग्रह अमीन, पंकज कुमार अस्थाना पूर्व जिलामंत्री लेखपाल संघ संजय पाण्डेय अध्यक्ष महासंघ, रविन्द्र यादव अध्यक्ष डिप्लोमा इलोनि, शेषनाथ सिंह जनपद सचिव डिप्लोम इजिप दुर्गा राय अध्यक्ष ग्राम्य विकास आदि ने धरने को सम्बोधित किया। धरना पूर्व निर्धारित चरणबद्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत था। राष्ट्रगान के साथ धरने का समापन कर दिया गया।

## सरपंच पद पर निर्विरोध चुनी गयीं सविता

**जनसंदेश न्यूज**


नवनिर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य

**पटवध (आजमगढ़)।** साधन सहकारी समिति श्रीनगर सियरहां पर अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए निर्विरोध चुनाव हुआ संपन्न। शासन के निदेर्शानुसार पूरे प्रदेश में साधन सहकारी समितियों पर अध्यक्ष सरपंच के चुनाव की तिथि 19 मार्च 2023 के लिए घोषणा की गई थी। जिसके तहत साधन सहकारी समिति श्रीनगर सियरहां पर अध्यक्ष सरपंच पद के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध सविता देवी पत्नी संतोष पासवान सेठारी को बनाया गया। इसी कड़ी में अवधेश राय पुत्र राजनाथ को उपाध्यक्ष तथा सदस्यों के लिए उदय राज राय पुत्र शिवनाथ, सुधाकर पुत्र बृजेश, लोचन पुत्र वासुदेव, रामसनेही पुत्र इंद्रमणि को सहर्ष निर्विरोध माला पहना कर पद आसीन किया गया। बिलरियागंज विकास खंड द्वारा निर्वाचित अधिकारी के रूप में वीरेंद्र खरवार लेखपाल को नामित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोनू सिंह साधन सहकारी समिति के सचिव तथा सूर्य प्रकाश राय, अदालती पासवान, अवधेश राय, जय प्रकाश राय, सुनीता देवी, सरिता, रीना सरोज, शकुंतला देवी, अभिषेक पासवान, अरविंद पाल, पंकज राय आदि उपस्थित रहे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**


महिला की आंख की जांच करते चिकित्सक

**आजमगढ़।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वारा पल्हनी में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आजमगढ़ के होम्योपैथिक चिकित्सकों ने विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया।

शिविर का उद्घाटन श्रीदुगार्जी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र राजपूत द्वारा हमाई के अध्यक्ष डॉ देवेश दुबे सचिव डॉ रणधीर सिंह द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। दंत चिकित्सक डॉ एके पांडे जी के द्वारा दांतो का परीक्षण कर दवा दी गई। आंखों की जांच डॉ अफजल जी के द्वारा जांच कर दवा दी गयी।

शिविर में 510 मरीजों की जांच कर दवा दी गयी। शिविर में डॉ नीरज सिंह, डॉ नेहा दुबे, डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव, डॉ चमनलाल सिंह, डॉ सी जी मौर्या, डॉ बी पांडे डॉ ए के राय , डॉ राजेश तिवारी, डॉ अनुतोष वत्सल, डॉ एच पी त्यागी, आदि चिकित्सक उपस्थित रहे। कैम्प में एडविन बायोटेक, व्हीजल, बीटी, रेडिएंट फार्मा आदि कंपनियों ने अपनी सेवाएं दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ सीजी मौर्या ने किया। डॉक्टर एचपी यादव को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया।

### रक्षामंत्री ने किया शैलेश राय को सम्मानित

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री शैलेश राय ने कहा कि पिछले 19 मार्च को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा जिस तरह से महान स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों का अंगवस्त्रम तथा माटी के महायोद्धा नामक पुस्तक देकर सम्मान किया गया वह यह दशार्ता है कि भारत में आज भी लोकतंत्र के प्रति सरकार समर्पित है तथा उसके मूल्यों का संरक्षण कर रही है। इस मौके पर पूर्वांचल के गांधी बाबू विश्राम राय के वंशज शैलेश राय को राजनाथ सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

### जेनेटिक डिसआर्डर होता है डाउन सिंड्रोम

**आजमगढ़।** पूर्वांचल शिक्षा समिति के तत्वाधान में वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम धूमधाम से मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि डाउन सिंड्रोम एक जेनेटिक डिसआर्डर होता है जो बच्चों की जन्म से ही प्रभावित करता है और पूरी जिन्दगी उन्हें किसी न किसी अक्षमता के साथ जूझना पड़ता है। इस अक्षमता से जूझने वाले लोगों को अन्य सभी की तरह सम्मान और अधिकार मिले इस बाबत चर्चा की गयी। इस अवसर पर सूर्य प्रताप सिंह, डायरेक्टर रास बिहारी, प्रबंधक अरविन्द, अनिल कुमार, दिनेश, अंकित, राम विनय आदि मौजूद रहे।

## मदरसे के सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई


सेवानिवृत्त शिक्षक को विदाई देते प्रबंधक व अन्य

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर नगर पंचायत में स्थित मदरसा अरबिया अनवारुल ओलूम में मंगलवार को सेवा निवृत्त होने वाले दो शिक्षकों को मदरसा परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गयी। सेवा निवृत्त शिक्षक सेराज अहमद व फिरोज अहदम को माल्यार्पण कर उनकी हौसला अफजाई की गई। सेराज अहमद वर्ष 1995 से तो फिरोज अहमद 2003 से मदरसे में कार्यरत थे। सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षकों ने अपनी सेवा काल का जिक्र करते हुए मदरसा के सभी शिक्षकों से अपील किया कि आप लोग मदरसा की तरक्की और इसकी भलाई के लिए हर सम्भव कोशिश करते रहें। उन्होंने कहा कि आदमी गलतियों का पुतला है, अगर जाने अनजाने में हम लोगों से कोई गलती हुई हो तो आप सभी लोग माफ कर देंगे। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य मौलाना अब्दुल मुस्तफा कादरी ने कहा कि आप लोगों की खिदमत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आप लोग जहां कहीं भी रहें अल्लाह व उसके रसूल का जिक्र करते रहें। प्रबंधक जुल्फेकार अहमद ने बताया कि हम लोग सेवा निवृत्त शिक्षकों के मदरसे के प्रति किए गये मेहनतों को नजर अंदाज नहीं कर सकते। उन्होंने कहा शिक्षक कभी रिटार्यड नहीं होता है। उसका जबतक जीवन होता है, वह तबतक शिक्षा देने का कार्य करता है।इस अवसर पर प्रिंसिपल अब्दुल मुस्तफा कादरी, मौलाना अली अफसर, शाह आलम, मौलाना साबिर, मौलाना शोएब आजमी, कमलेश यादव, सैफुर रहमान, हाफिज इरशाद, फैसल खान, सूफियान, नूर मोहम्मद, अतीक अहमद, बबलू खान, साबिर खान, सेगार, कुतुब रजा, हशमतुल्लाह, तालिब अहमद, आफताब अहदम आदि उपस्थित रहे।

# मां विंध्यवासिनी के जयकारे के साथ मेले का शुभारंभ

**चैत्र नवरात्र**

## बड़ी संख्या में विंध्याचल धाम में श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

**जनसंदेश न्यूज**


भव्य रूप से सजाया गया मां का मंदिर

**मीरजापुर।** विन्ध्य धाम में चैत्र नवरात्र मेला का शुभारंभ हो गया। पहले दिन विंध्याचल धाम में स्थित मां विंध्यवासिनी माता दरबार मां अष्टभुजा देवी एवं काली खोह मंदिर में सुबह से ही आस्थावानों कि दूर दूर तक कतार लग गई। मंगलवार की आधी रात के बाद ही बड़ी संख्या में भक्तों ने लंबी कतार में लगने के बाद भोर में मंगला आरती के बाद मां विंध्यवासिनी माता का दर्शन पूजन का दौर शुरू हुआ जो अनवरत 9 दिनों तक दर्शन पूजन का दौर जारी रहेंगे।

नवरात्र के पहले दिन गंगा स्नान करने के बाद बड़ी संख्या में विंध्याचल धाम पहुंचे भक्तों ने मां विंध्यवासिनी माता के चरणों में शीश नवाया। मंदिर की छत पर जगह-जगह आसन वादे साधक मंत्र जाप में तल्लीन दिखाई दिए। मां विंध्यवासिनी माता के चरणों में शीश नवाया मां के दर्शन पूजन करने के उपरांत भक्त जनों ने मंदिर परिसर में विराजमान देवी देवताओं के मंदिर में मत्था टेका। घंटा घड़ियाल शंख नगाड़ा शहनाई एवं मां के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। तरह-तरह के देशी विदेशी पुष्पा चुनरी रंग-बिरंगे झालरों से की गई। मंदिर की सजावट एक और अलौकिक छटा बिखेर रही थी। धाम में पहुंचे भक्तों ने मंदिर के गुंबद वह हवन कुंड की परिक्रमा की। इसी क्रम में विंध्य पर्वत पर विराजमान मां अष्टभुजी देवी मां काली खोह स्थित महाकाली सहित पहाड़ों पर 9 दिनों तक पूजन अनुष्ठान व संत महात्माओं ने भी अपना डेरा डाल दिया है। देवी धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए है। विंध्याचल मंदिर परिसर में मेटल डिटेक्टर सीसीटीवी कैमरे एवं डोन कैमरे से भी निगरानी में श्रद्धालु दर्शन पूजन करते नजर आए।

### बस को हरी झंडी दिखाने के दौरान नाराज हुए नगर विधायक

**मीरजापुर।** विंध्याचल रोडवेज परिसर में त्रिकोण यात्रियों के सुविधा हेतु इलेक्ट्रॉनिक बस और ई रिक्शा को कैबिनेट मंत्री अनुप्रिया पटेल ने हरी झंडी दिखाई। झंडी दिखाने के पूर्व कैबिनेट मंत्री ने नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा को अपने साथ आने को कहा तब उन्होंने कहा कि मैं नहीं आऊंगा। मंत्री द्वारा कारण पूछे जाने पर विधायक ने कहा कि आपके साथ के लोग मुझे नही पहचानते, आपके सुरक्षाकर्मी मुझे दो बार हाथ लगाकर रोक दिए। फिर मंत्री ने उनका परिचय अपने सुरक्षाकर्मी से कराई, जिसके बाद विधायक के स्वभाव में नरमी देखी गई तथा हंसते हुए पूरे कार्यक्रम में सम्मिलित दिखाई दिए।

### भक्तों के लिए 24 घंटे मां के दर्शन को खुले रहेंगे कपाट आरती पूजन के समय बंद होंगे कपाट

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्र मेले के दौरान मां विंध्यवासिनी माता की होने वाली चारों आरती का समय भी परिवर्तन किया गया है। भोर में मंगला आरती 3:00 से 4:00 तक दोपहर मध्यमान आरती 12 बजे से लेकर 1 बजे तक, सायं काल संध्या आरती 7:15 से 8:15 तक एवं बड़ी आरती 9:30 बजे से लेकर 10:30 बजे तक इसके उपरांत मां के कपाट 24 घंटे कपाट खुले रहेंगे।

# अव्यवस्थाओं के बीच गड़बड़ा धाम में दर्शन-पूजन करेंगे श्रद्धालु

**हलिया।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में मां शीतला के दर्शन मात्र से ही भक्तों की अभिलाषा पूरी हो जाती है। यही कारण है कि धाम तक पहुंचने में आने वाली तमाम परेशानियों को दरकिनार कर श्रद्धालु पूरी आस्था से मां का दर्शन-पूजन करने के लिए आते हैं। जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर विंध्य पर्वत की तलहटी में सेक्टी नदी के किनारे गड़बड़ा धाम में मां शीतला का प्राचीन मंदिर स्थित है। मेला क्षेत्र में न तो कोई यात्री शेड है और न ही कोई धर्मशाला। यहां तक कि महिला दर्शनार्थियों के वस्त्र बदलने तथा शौचालय आदि की व्यवस्था नही की जा सकी है। दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं से बुनियादी सुविधाओं के लिए ऊंचे दाम वसूल जाते हैं लेकिन प्रशासन इन सबके बावजूद मूकदर्शक बना रहता है। पूरी व्यवस्था को हथिया कर चंद लोग दर्शनार्थियों से रूपए ऐंठने में लगे रहते हैं। सोमवार की देर शाम एसडीएम लालगंज भरत लाल सरोज ने थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह के साथ गड़बड़ा धाम मेला परिसर का निरीक्षण कर ब्लॉक अधिकारियों को मेला में दर्शनार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया था। इसके बावजूद ब्लॉक प्रशासन व ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते मेला की संपूर्ण तैयारी नही की जा सकी है, जिसके चलते दर्शनार्थी अव्यस्था के बीच दर्शन पूजन करेंगे। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया कि गड़बड़ा धाम मेला में 70 सफाई कर्मियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है व दो मोबाइल टॉयलेट, पेयजल के लिए दो टैंकर, नदी के किनारे दो जगह महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु पर्दे की व्यवस्था की जाएगी। वहीं थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि मेला में सुरक्षा व्यवस्था हेतु मेला प्रभारी एसआई विजय यादव को बनाया गया है। 7 दरोगा, 25 हेड कांस्टेबल, 13 कांस्टेबल, 9 महिला कांस्टेबल, एक प्लाटून पीएसी तथा 10 पीआरडी व होमगार्डों की ड्यूटी लगाई गई है।

### दर्शन पूजन के बाद रवाना हुए स्वंतत्र देव सिंह

**जमालपुर।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह अपने पैतृक गांव तालाब स्थित हनुमान मंदिर और गांव के मुख्य द्वार पर विराजमान गिरजा माता मंदिर में दर्शन पूजन के साथ शीश नवा कर मंगलवार को लखनऊ के लिए रवाना हो गए। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह अपनी मां रामा देवी के निधन के बाद आठ मार्च को अपने पैतृक गांव ओडी आए थे, जहां दिवंगत माता की तेरहवीं संस्कार समापन होने के बाद सपरिवार लखनऊ के लिए निकल गए और माता जी के तेरहवीं संस्कार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को धन्यवाद दिया। इस दौरान उनके बड़े भाई दद्दन सिंह, श्रीपति सिंह, चंद्रभान सिंह, संजय सिंह, अंकित सिंह पटेल, अभिषेक सिंह राजा, गौरव पटेल, राकेश सिंह, सुशील सिंह बांचा, पिंटू सिंह, राहुल द्विवेदी, जोशी पटेल राजेंद्र सिंह, सुरेश सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# बुढ़ापे का सहारा पेंशन पर है अधिकार हमारा : चंद्र शेखर

**मांग**

## पेंशन दो या गद्दी छोड़ो के नारे को कर्मचारियों ने किया बुलन्द

**जनसंदेश न्यूज**


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कर्मचारी

**मीरजापुर।** पुरानी पेंशन बहाली मंच के बैनर तले मीरजापुर के विभिन्न संगठन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा मीरजापुर व उनके घटक संघ के समस्त पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों द्वारा पीडब्लूडी कार्यालय से पुरानी पेंशन बहाली का नारा बुलन्द करते हुए रैली निकाली गई। रास्ते में जनता को समझाने के उद्देश्य से जगह-जगह रैली को रोककर संक्षिप्त सभा भी की गई। वक्ताओं ने कहा कि बुढ़ापे का सहारा पेंशन हमारा, पेंशन कोई भीख नहीं यह अधिकार हमारा है।

पेंशन दो या गद्दी छोड़ो के नारे को बुलन्द किया तथा यह संकल्प दोहराया कि पुरानी पेंशन बहाली तक आन्दोलनरत रहेगें तथा जनजागरण भी करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि नेताओं को एक तरफ एक से अधिक पेंशन व कर्मचारियों को एक भी पेंशन नहीं, यह अव्यवस्था नहीं चलेगी। मोटर साईकिल रैली के रूप में आन्दोलनरत कर्मचारी डीएम कार्यालय पर इकट्ठा हुए, जहाँ पुनः एक सभा सभी कर्मचारी साथियों ने हुंकार भरी व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर नारा बुलन्द किया। इस दौरान चन्द्रशेखर मिश्रा (मण्डल अध्यक्ष) यू.पी.एस.ई.जे.सी., विनोद तिवारी, पवन तिवारी, राकेश तिवारी, राजाराम, उमाकान्त, अखिलेश श्रीवास्तव, ,अनूप दूबे, अमर बहादुर सिंह, अक्षैवरनाथ यादव, (ग्राम विकास व पंचायतीराज), स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, पीडब्लूडी, चकबंदी, कलेक्ट्रेट, कोषागार पाषाण, आपूर्ति विभाग, खाद्य रसद विभाग, राजस्व, आर.टी.ओ. कार्यालय, विक्री कर, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, आवयुक्त कार्यालय, समाज कल्याण, लघु सिंचाई, ग्रामीण अभियन्त्रण, पशुपालन सहकारिता, ड्यूब बेल लघुडाल, कनहर, बाणसागर, आईटी आई. केन्द्रीय कार्यालय से रेलवे यूनियन के साथी यथा मनीष कुमार, शशीधर दुबे, विशाल सोनकर, अरुण तिवारी, अवनीश पाण्डेय, सुनील कुमार, संजय पाण्डेय, प्रशांत मिश्रा, ज्ञानचन्द्र, संतोष कनौजिया, सुरेश कुमार (अध्यक्ष), लव सिंह, विजय यादव, कृष्णशंकर मिश्र, धर्मेन्द्र कुमार, इं. नरसिंह मौर्या, रामलेस त्रिपाठी, सी०के० पाण्डेय, रमेश कुमार प्रजापति (रेलवे), अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

## पीड़ित किसान ने सीएम पोर्टल पर लगाई न्याय की गुहार

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी रामबली मौर्य ने गांव के ही मनबढ़ किस्म के लोगों द्वारा बोई गई फसल को काट ले जाने पर मनबढ़ो के विरुद्ध पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही किए जाने को लेकर सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर मनबढ़ो के विरुद्ध कार्रवाइ करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने बताया कि अदवा बांध से विस्थापित किसान है, जिसकी सात बीघा भूमिधरी भूमि अदवा जलाशय से सटी हुई है।

उक्त जमीन से खेतीबारी कर परिवार का भरण-पोषण करता चला आ रहा हूं, लेकिन रबी की बुवाई के समय गांव के सरहंग किस्म के लोग गोलबंदी कर जोतने का प्रयास किए। पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस और राजस्व टीम ने मौके पर पहुंच कर पैमाईश करवाने के बाद सीमांकन कर दिया। जिसमें मसूर, सरसों तथा गेहूं की फसल की बुवाई किया, लेकिन फसल पकने के बाद गांव के ही दर्जनभर मनबढ़ किस्म के लोग पकी फसल को काटकर उठा ले गए।

# ग्राम सभा की भूमि पर हो रहा पत्थर खनन, स्थानीय प्रशासन मौन


खनन किया गया क्षेत्र

**हलिया।** थाना क्षेत्र के हलिया ग्राम पंचायत के हलिया पहाड़ी पर काफी दिनों से पत्थर खनन का कार्य किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। खननकर्ताओं द्वारा स्थानीय मजदूरों को दुगुनी मजदूरी का लालच देकर पत्थर खनन करवा रहे हैं। निकाले जा रहे पत्थरों से गिट्टी तुड़वाने के बाद क्षेत्र में बन रही आरसीसी सड़कों, इंटरलाकिंग, तथा पक्के मकान के निर्माण कार्य में खपाया जा रहा है।

ठेकेदार भी स्थानीय स्तर पर कम दामों पर गिट्टी मिलने से खनन माफियाओं से साठ-गांठ कर खरीद लेते हैं। जिस जगह पर पत्थर खनन का कार्य किया जा रहा है, उसी के बगल में हलिया वन सेंचुरी क्षेत्र की सीमा शुरू हो जाती है। पत्थर खनन से पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है। स्थानीय लोगों ने सरकारी भूमि पर करवाए जा रहे पत्थर खनन कार्य पर अंकुश लगाने तथा खननकताओं के विरुद्ध कार्रवाई हेतु जिला प्रशासन से मांग की है। इस संबंध में एसडीएम लालगंज भरतलाल सरोज का कहना है कि मामले की जानकारी नही है यदि सरकारी भूमि पर पत्थर खनन हो रहा है तो मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम न्यायालय संचालित करने को लेकर अधिवक्ताओं ने की मांग

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला के अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में एक बैठक कर ग्राम न्यायालय संचालित किए जाने को लेकर चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि ग्राम न्यायालय संचालित किया जाए। बैठक के माध्यम से पत्रक तैयार कर एसडीएम भरत लाल सरोज को सौंपा गया।

अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज को पत्रक देते हुए अवगत कराते हुए कहा गया कि लालगंज में ग्राम न्यायालय संचालित न किया जाना यह लालगंज के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। कहा कि जनपद के अन्य तहसील मड़िहान, चुनार आदि तहसीलों में ग्राम न्यायालय संचालित कराया जा रहा है, किंतु लालगंज में संचालित नहीं हो पा रहा है। मध्य प्रदेश बॉर्डर से अपने मुकदमें की पैरवी के लिए एक दिन पहले जाना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने कहा कि ग्राम न्यायालय संचालित किए जाने के लिए बिल्डिंग से लेकर कक्ष तैयार है।

# डीआईजी की पहल पर लगातार काम कर रहा है पुलिस विभाग

**उपलब्धि**

## पुनः एक दूसरे के साथ रहने को राजी हुए 47 बिछड़े दम्पत्ति

**जनसंदेश न्यूज**


डीआईजी आर पी सिंह

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर0 पी0 सिंह के निर्देशन में परिक्षेत्र के जनपदों में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा माह फरवरी में 47 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। टूटे परिवार को जोड़ने का काम कर रहा परिवार परामर्श केन्द्र, पति-पत्नी के सम्बन्धों को सुधारने के लिए की जा रही काउंसलिंग शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में जनपदों में स्थापित वैवाहिक विवादों में मध्यस्थता हेतु उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के अनुश्रवण का कार्य महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा किया जा रहा है। एवं परामर्श केन्द्र द्वारा आये हुए दम्पत्तियों की पारिवारिक संबंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने को प्रेरणा दी गयी। जिससे दोनों जोड़े राजी-खुशी के साथ में रहने हेतु तैयार हो गये। माह फरवरी में मीरजापुर के माध्यम से कुल-24, जनपद सोनभद्र में कुल 13 तथा जनपद भदोही में कुल-10 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर कुल-47 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा अथक प्रयास से मिलाया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल के निर्देशन में रेंज के तीनों जनपदों में परिवार परामर्श केन्द्र मे प्रतिदिन अनेकों दम्पत्तियों को महिला पुलिस व समाज सेवीजनों द्वारा काउंसलिंग की जा रही है। उनके आपसी मतभेदों को दूर कर आपस मे मिलवाया जा रहा है।

# अभिभावकों के साथ मिलकर मनाया कन्या जन्मोत्सव


कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल लोग

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला महिला चिकित्सालय परिसर में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी की अध्यक्षता में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे की धर्मपत्नी व समाज सेवी अनीता वर्मा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में जन्म ली हुई बच्चियों का अभिभावकों के साथ केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही 25 बच्चियों के अभिभावकों को बेबी किट, फल व बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अभिभावकों को कन्या जन्म की बधाई देते हुए बच्चियों के स्वास्थ्य व शिक्षा पर बल दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी द्वारा सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में बच्चियों का आवेदन कराने हेतु कहा गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी डॉ मंजू यादव, जिला समन्वयक शालिनी, दिव्या महिला शक्ति केंद्र, वन स्टॉप सेंटर से राधिका,महिला हॉस्पिटल से डॉक्टर व नर्स सहित आमजन उपस्थित रहे।

## युवक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट, मीरजापुर में सोमवार को थाना अदलहाट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिशेषपुर निवासी मनीष कुमार गुप्ता पुत्र श्यामु प्रसाद गुप्ता द्वारा लिखित तहरीर बावत के भाई मनोज कुमार गुप्ता को नामजद आरोपी द्वारा चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अदलहाट पर धारा 307,504 भादवि बनाम शमसेर अली पंजीकृत विवेचना प्रारम्भ की गई।

उक्त निर्देश के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार को उ0नि0 राकेश राय मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से नामजद आरोपी शमशेर अली पुत्र शमशुदीन निवासी परोरा थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद किया गया। धारा 307,504 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी जेल भेजा गया।

# देश को विश्व गुरु के पायदान पर पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी

**आयोजन**

## वृहद पथ संचलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**


कार्यक्रम में शामिल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग

**मीरजापुर।** भारतीय नव वर्ष की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में बृहद पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र प्रचारक अनिल का पाथेय स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। स्वयंसेवकों के बीच उद्बोधन में मुख्य वक्ता ने डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार के जीवन संघर्षों की चर्चा करते हुए राष्ट्र कल्पना की सचेत भावना के साथ भारत राष्ट्र को विश्व गुरु बनाना तथा समाज के नैतिक मूल्य का निर्वहन करते हुए अपने राष्ट्र समाज के लिए गरीब निस्सहाय की मदद कर अपने देश को विश्व गुरु के पायदान पर पहुंचाएं।

पथ संचलन लायंस स्कूल से प्रारंभ होकर दीनदयाल उपाध्याय चौराहा, से होते हुए गणेश गंज चौराहा सँकीर्तन भवन, मुकेरि बाजार धुंधीकटरा, नाबालक का तबेला त्रिमुहानी, नार घाट काली जी मंदिर होते हुए नवीन सिनेमा से लालडिग्गी पुनः लायंस स्कूल में समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्ण गणवेश धारी स्वयं सेवकों ने 5000 से अधिक संख्या में स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजकुमार भारती ने किया। मंच पर विभाग संघचालक तिलकधारी एवं जिला संघचालक शरदचंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामचंद्र प्रांत प्रचारक प्रमुख, डॉ कुलदीप प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, विभाग प्रचारक प्रतोष, जिला प्रचारक धीरज, नगर प्रचारक पवन जिला कार्यवाह चंद्र मोहन, बृजभूषण, रमाशंकर पटेल, श्याम सुंदर, भवेश, मनोज जायसवाल, रामचंद्र शुक्ला, मनोज श्रीवास्तव, माता सहाय, विवेक बनवाल इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### कुएं में लगा समरसेबुल उठाले गये चोर

**जिगना।** जिगना थाना क्षेत्र के काजी चौरा गांव निवासी पत्रकार शारदा सिंह के घर पर लगा समरसेबुल चोरों ने सोमवार की रात में कुए से निकाल कर चोरी कर लिया गया। जब परिजनों ने सुबह देखा तो कुएं से समरसेबुल गायब था। उन्होंने इसकी सूचना तहरीर के माध्यम से जिगना थाना प्रभारी को दिया। घर के कुछ दूर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखने पर र दो बजे रात में कुछ संदिग्ध दिखाई पड़े हैं। जिसके आधार पर पुलिस ने 2 लोगों को थाने पर बैठा कर मामले की छानबीन कर रही है। वहीं क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों क्षेत्र की जनता का जीना हराम हो गया है। चोरी की घटना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है।

### इलेक्ट्रिक बस एवं सेल्फी प्वाइंट का किया उद्घाटन


बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करती सांसद व नगर विधायक

**मीरजापुर।** विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद की ओर से इलेक्ट्रिक बस गोल्फ कार्ट का उद्घाटन मंगलवार की सायं काल पांच बजे केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल एवं नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इलेक्ट्रिक बस रोडवेज परिसर में काली खोह मंदिर, अष्टभुजा मंदिर विंध्याचल दर्शन पूजन करने के उपरांत त्रिकोण परीक्षा के लिए निशुल्क लगाए गए हैं। सुबह 10 बजे दोपहर 12 दोपहर दो सायं काल 4:00 बजे रात्रि 8:00 बजे तक सेवाएं निशुल्क दी जाएंगे। इस दौरान कमिश्नर मुथु कुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय पैटर्न अधिकारी नवीन कुमार सिंह, एसडीएम सदर चंद्रभान सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति सहित पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे।

### मारपीट के अभियोग से सम्बंधित 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना पड़री, मीरजापुर पर सोमवार को वादी अभिषेक पुत्र सरोज निवासी भरपुरा थाना पड़री मीरजापुर द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध एक लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पड़री पर धारा 323,504,341,506 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु थानाध्यक्ष पड़री को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उ0नि0 विजय कुमार सरोज मय टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में थाना पड़री क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित 04 आरोपियों राजाराम पुत्र स्व0 गुदरी, गुल्लु पुत्र स्व0 जगरनाथ, फूलचन्द पुत्र स्व0 बाबूनन्दन व धर्मराज पुत्र छोटेलाल निवासीगण भरपुरा थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### बोर्ड परीक्षाओं का शुरु हुआ मूल्यांकन : राजेद्र तिवारी

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने मूल्यांकन बहिष्कार आंदोलन वापस ले लिया है। आज से सभी शिक्षक मूल्यांकन कार्य में लग गए। संगठन के प्रदेश मंत्री राजेन्द्र तिवारी एवं जिलाध्यक्ष विनय सिंह की संयुक्त विज्ञप्ति में बताया गया कि शिक्षकों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई वार्ता के क्रम में प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व राजबहादुर सिंह चंदेल चेतनारायण सिंह व देवेन्द्र सिंह लाल बिहारी यादव आदि के साथ सोमवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख सचिव शिक्षा को निर्देशित किया है कि शीघ्र मांगों पर विचार कर त्वरित कार्यवाई करें। श्री तिवारी ने बताया कि केन्द्रीय नेतृत्व ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया है। अतः आज से सभी आंदोलनकारी शिक्षक मूल्यांकन केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरु कर दिया है।

### पंचायत भवन में रखे कंप्यूटर व प्रिंटर पर चोरों ने किया हाथ साफ

**अहरौरा।** क्षेत्र के जसवा ग्राम सभा के पंचायत भवन में लगे कंप्यूटर और प्रिंटर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। ग्राम प्रधान बेबी कुमारी ने तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें लगे कंप्यूटर व प्रिंटर को उठा ले गए। चोरों द्वारा पंचायत भवन में लगे कूलर पंखा इनवर्टर बैटरी समेत अन्य सामान पंचायत भवन से खोल कर ऊसे उठाकर लेकर जाने की तैयारी थी। किसी कारण वश चोर उसे पंचायत भवन के बाहर ही छोड़ कर चले गए। ग्राम प्रधान बेबी कुमारी ने तहरीर के माध्यम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

### किसी भी प्रकार की नहीं होनी चाहिए लापरवाही : एसडीएम

**लालगंज।** तहसील सभागार में मंगलवार को उपजिलाधिकारी भरतलाल सरोज संचारी रोग की बैठक में कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं लोक कल्याणकारी हैं। जिसके लिए गठित टीम डोर टू डोर जाकर लक्ष्य तक ले जाने का कार्य करेगी। कहा कि दोनों विकास खंडों के चिकित्सक आशा, आंगनबाड़ी अपने दायित्व का निर्वहन करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य को पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य के केंद्र के अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने बताया कि विकासखंड के 53 ग्राम सभा में यह अभियान व्यवस्थित तरीके से चलेगी क्योंकि प्रत्येक गांव के लिए टीम को बना दिया गया है। इसी प्रकार हलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ अभिषेक जायसवाल ने कहा संचारी रोग अभियान को सफल करने के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। यूनिसेफ के बीएमसी अंकित शुक्ला ने बताया कि योजना की लगातार मानिटरिंग की जा रही है। बैठक में डब्ल्यूएचओ के अखिलेश पाठक, प्रवीण द्विवेदी, पशुपालन विभाग के कमाल अहमद आदि मौजूद रहे।

### साइबर फ्रॉड के आरोपियों के घर चस्पा की गई नोटिस

**मीरजापुर।** सोनभद्र के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के खाते से 9 फरवरी 2021 को डिजिटल सिग्नेचर लगाकर 77 लाख 60 हजार रुपये का साइबर अपराध किया गया था। इस मामले में पुलिस के द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था, जहां मुकदमा दर्ज करने के बाद से ही विनीत कुमार पुत्र शंभु प्रसाद निवासी इरशीपुर बराहट जनपद भागलपुर व मोहम्मद अलीफ रहमान पुत्र मो० साजिम निवासी पहाड़पुर मेहरमा झारखंड फरार चल चल था। पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा था, लेकिन गिरफ्तारी न होने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा धारा 82 सीआरपीसी के तहत कार्यवाई को लेकर निर्देश दिया गया था, जिसके बाद साइबर थाना में तैनात दरोगा चन्द्रशेखर यादव व हेड कांस्टेबल अमित कुमार पटेल झारखंड बिहार रवाना हुए, जहां पर उन्होंने विनीत कुमार व मोहम्मद अली के घर पर डुगडुगी बजाकर सीआरपीसी के तहत नोटिस चिपकाया।

### प्रथम मल व गाद शोधन संयंत्र का जलशक्ति मंत्री ने किया उद्घाटन


श्रमिक को प्रमाण पत्र देते जलशक्ति मंत्री

**चुनार।** नगर क्षेत्र में नमामि गंगे द्वारा वित्त पोषित प्रथम मल एवं गाद शोधन संयंत्र का उद्घाटन मंगलवार को स्वतंत्र देव सिंह जल शक्ति मंत्री ने किया। इस प्लांट की कुल लागत 2 करोड़ 73 लाख है जो कि 10 हजार लीटर प्रति दिन शोधन की क्षमता का है। घरों के सेप्टिक टैंकों से मल एवं गाद यहां लाकर शोधन किया जायेगा। इस प्रोजेक्ट की कार्यदाई संस्था गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई उत्तर प्रदेश जल निगम है। इस कार्य में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट ने नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभाई। उद्घाटन समारोह में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट से मनीष मिश्रा ने शोधन संयंत्र के विषय में तकनीकि प्रस्तुतिकरण किया। मंत्री ने जनमानस को सम्बोधित करते हुए मल एवं गाद प्रबन्धन के लिये जागरूक किया और नगर पालिका परिषद चुनार को शुभकामनयें दी। मौके पर सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट दिल्ली से सुमिता सिंघल ने भी अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई और अतिथियों का सम्मान किया। मौके पर राज्य स्वछ गंगा मिशन से अपर कार्यक्रम निदेशक प्रवीण मिश्रा, कु शेफाली एवं नीरज पांडेय अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, जेई सौरभ प्रकाश सिंह, सफाई निरीक्षक लालमणि आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### पति की मौत पर विलाप कर रही पत्नी की मौत

**जिगना।** विंध्याचल थाना के अंतर्गत सरवरिया का पुरा दुगरहां गांव में सोमवार की सुबह 9:00 बजे हरी प्रसाद पांडे उम्र 70 वर्ष की मृत्यु हो जाने के कारण परिवार में मातम और गम का माहौल था। उनकी पत्नी अपने पति के शव के पास बैठ कर रो रही थी। उसी दौरान उनकी भी तबीयत गड़बड़ हुई और उनका भी देहावसान पति के मृत्यु के 1 घंटे बाद हो गया। यह ह्रदय विदारक घटना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। चारों तरफ से लोग उनके घर पर पहुंचे लगे। उन लोगों का दाह संस्कार एक ही चिता पर गंगा घाट पर दाह संस्कार देख कर लोग भाव विभोर हो गए। उनके पुत्र महेंद्र पांडेय ने बताया कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि मेरे सर से माता पिता का साया एक दिन में ही हट गया।

### पर्यावरण को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी : दिलीप सिंह गरहवार

**मीरजापुर।** जनपद में नेशनल हाकर फेडरेशन के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सभागार में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया। जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र त्रिपाठी, मनीष सिंह, स्मृति गुप्ता के देखरेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट बार के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि इस समय पर्यावरण को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है अब अधिवक्ता समाज को जागना होगा और अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होगा।

# विद्या के मंदिर में छात्रों ने अश्लील गानों पर लगाये जमकर ठुमके

**मांग**

**महाविद्यालय में अश्लील नृत्य को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग**

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय की गरिमा गिराने वाले छात्र नेताओं व कार्यक्रम अधिकारी पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई किए जाने की मांग किया है। इस दौरान छात्र नेता अभिषेक अग्रहरी ने बताया कि बीते 19 मार्च को महाविद्यालय द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था।

उत्सव के द्वितीय चरण में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होना तय था वहां अश्लील गानों के साथ एक पार्टी विशेष का गमछा लेकर कॉलेज प्रशासन के सम्मुख नृत्य किया गया।


अश्लील गानों पर ठुमके लगाते छात्र

उच्च शिक्षा के मंदिर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के नाम पर अश्लील गानों पर कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं के सामने डांस होने से महाविद्यालय की छवि धूमिल हुई। यह किसी भी महाविद्यालय के लिए पूरी तरह से अशोभनीय है। इस तरह के कृत्य करने पर कालेज प्रशासन और कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किसी तरह की पाबंदी नहीं लगायी गयी। वहीं अश्लील गानों पर डांस करने वालों पर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया।

कहा कि यह अब तक के इतिहास में पहली बार हुआ है कि महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के चल रहे कार्यक्रम में अश्लील गानों पर नृत्य हुआ हो, यह पूरी तरह से महाविद्यालय प्रबंधन के गलत मानसिकता को दर्शाता है। विद्यार्थी परिषद ने मांग किया है कि अश्लील नृत्य को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर कार्यवाही की जाय। अन्यथा की स्थिति में अभाविप के कार्यकर्ता एक सप्ताह के पश्चात आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने में अनुज सिंह, अनमोल सेठ, राज प्रताप, ऋषभ राज आदि शामिल रहे।

## शिवानी तथा अर्पित करेंगे सोनभद्र का प्रतिनिधित्व

**ओबरा।** भारत सरकार द्वारा जी-20 कार्यक्रम के अंतर्गत यूथ-20 का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य देशभर के युवाओं को एक साथ लाना और बेहतर कल के लिए विचारों पर चर्चा करना तथा भविष्य के कार्यों के लिए एक एजेंडा तैयार करना है। भारत की अध्यक्षता के दौरान यूथ- 20 द्वारा की जाने वाली गतिविधियां वैश्विक युवा नेतृत्व एवं साझेदारी पर केंद्रित होंगी। यह आधिकारिक युवा समूह एक मंच प्रदान करता है जो युवाओं को वाई-20 प्राथमिकताओं पर अपनी दृष्टि व विचार व्यक्त करने की अनुमति देता है। वाई-20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से देशभर के विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से चयनित युवाओं द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिए गए विषयों पर चर्चा की जाएगी। उत्तर प्रदेश में 24 मार्च को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में हेल्थ वेल बीइंग एंड स्पोर्ट्स एजेंडा फॉर यूथ थीम पर वाई-20 के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के कुल 150 युवा प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगी।

# चैत्र नवरात्र आज से, सजे मंदिर व बाजार

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र/चोपन।** जिले में चैत्र नवरात्र 22 मार्च से शुरू हो रहा है। इसकी तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। बाजार में नारियल चुनरी की दुकानें सज गई हैं। मंदिरों की साफ-सफाई और सजावट में समिति के लोग तैयारी को लेकर जी जान से जुटे हैं। आस्थावान भी कलश स्थापना के लिए आवश्यक सामान खरीद रहे हैं। पूजन से जुड़े कई सामानों के भाव चढ़े हैं तो कुछ के दाम में गिरावट भी आई है। दुकानदार इसे बाजार में मंदी का असर मान रहे हैं। हालांकि दुकानदारों ने पर्व पर खरीदारों की भीड़ में अच्छा इजाफा होने की संभावना जताई है। फलाहार से जुड़ी सामग्रियों के दामों में भी महंगाई देखी जा रही है।

चोपन संवाददाता के अनुसार- शैली जनरल स्टोर के संचालक अमित गर्ग ने कई खाद्य सामग्री के दामों में कमी बताया है। नवरात्र में व्रत रखने वाले लोग मुख्य रूप से फलाहार में साबूदाना, सिंघाड़ा, कुट्टू का आटा और मेवे से बनने वाली खाद्य सामग्री का सेवन करते हैं। आलू और मौसमी फलों की मांग भी बढ़ जाती है। गौरतलब है कि नगर के काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, कैलाश मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव पराम्बा शक्ति पीठ, हनुमान मंदिर सहित जुगैल क्षेत्र में विराजमान कुंडवासिनी देवी, जिरही देवी, बंसरा देवी आदि मंदिरों में नवरात्रि को लेकर तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। बताते चलें कि यहां नवरात्रि के दिनों में हजारों भक्त आते हैं।


डाला में सजा मां वैष्णो शक्तिपीठ धाम

## संक्षेप

### अजीबोगरीब जानवर को वन विभाग ने पकड़ा

**बभनी।** विकास खण्ड के घघरा गांव में एक दुकान से अजीबोगरीब जानवर पकड़ा गया। बाद में इसकी पहचान पैंगोलिन जीव के रूप में की गयी। इसके शरीर पर केराटिन के बने शल्क स्केल नुमा संरचना होती है, जिससे यह अन्य प्राणियों से अपनी रक्षा करता है। पैंगोलिन ऐसे शल्कों वाला अकेला ज्ञात स्तनधारी है। यह अफ़्रीका और एशिया में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। इसे भारत में सल्लू सांप भी कहते हैं। इसके निवास वाले वन शीघ्रता से काटे जा रहे हैं और अंधविश्वासी प्रथाओं के कारण इनका अक्सर शिकार भी करा जाता है, जिसकी वजह से पैंगोलिन की सभी जातिया अब संकटग्रस्त मानी जाती हैं और उन सब पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। वन क्षेत्रधिकारी अवधनारायण मिश्रा ने बताया कि पकड़े गये जीव पेंगोलिन घघरा के जंगल से सटे एक दुकान में घुस गया था, जिसे रेस्क्यू कर पकड़ा गया। पकड़ने के बाद दिन भर उसे रेंज आफिस में रखा गया और बजिया के जंगल में सोमवार की सायं छोड़ दिया गया। टीम में अभिषेक चंद्र गुप्ता उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, मुकुंद लाल मिश्रा वन दरोगा, ठेगु राम समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे।


पकड़ा गया जानवर

### पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक

**सोनभद्र।** बार एसोसिएशन सभागार में अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एडवोकेट की अध्यक्षता व महामंत्री आनंद कुमार मिश्र के संचालन में शोक सभा की गई शोक सभा में एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवानंद मिश्र के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रहकर मृतक की आत्मा को शांति व परिवार को इस चीर दुख की बेला में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई शोक सभा में निर्णय लिया गया। शोकाकुल स्थित में अधिवक्ता गण बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर अमरनाथ मिश्र, रमेश राम पाठक, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, सुरेंद्र कुमार पांडे, ओम प्रकाश राय, राजेंद्र प्रसाद चौधरी, संजय श्रीवास्तव, अरुण मिश्रा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### गैंगेस्टर एक्ट की आरोपी मौसी समेत तीन गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी मौसी समेत तीन को रेलवे स्टेशन के पास जंगल से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में रावर्ट्सगंज काशीराम आवास निवासिनी आरती उर्फ मौसी पत्नी दिनेश कुमार, नीलू पत्नी राजा निवासिनी हाईडिल कालोनी रावर्ट्सगंज व रेनू उर्फ जस देवी पत्नी रमेश हरिजन निवासिनी दलित बस्ती रावर्ट्सगंज शामिल हैं। टीम में एसआई बालेंद्र यादव, उर्मिला देवी समेत हमराही शामिल रहे।

### रोजगार मेले में 18 अभ्यथियों का हुआ चयन

**दुद्धी।** व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एवं सेवायोजन विभाग के सौजन्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को कैम्पस प्लेसमेन्ट डे आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की 6 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया। जिसमें लगभग 80 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं कम्पनियों द्वारा प्रथम दृष्टया 18 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर नोडल संस्थान के प्रधानाचार्य, जिला सेवायोजन अधिकारी, कम्पनियों के प्रतिनिधि, आईटीआई के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण शिविर आज से

**सोनभद्र।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी का प्रशिक्षण व चिंतन शिविर बुधवार को कोन ब्लाक के रामगढ़ में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा होंगे। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चकिया विधायक जितेंद्र प्रसाद रहेंगे। साथ ही शिविर को पूर्व सपा जिलाध्यक्ष विजय यादव, जिपं सदस्य आनंद खरवार, छविंद्र चेरो भी प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करेंगे। अध्यक्षता अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजनारायण भारती करेंगे।

## बूथ सशक्त होगा तभी मिलेगी चुनाव में जीत

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी संगठन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम बूथ सशक्तिकरण अभियान में कार्यकताओं ने ईमानदारी से मेहनत करके सही बूथ अध्यक्षों का चयन कर लिया तो चुना में परचम लगा देगा। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार ने जनता के बीच हित में अनगिनत ऐतिहासिक कार्य किए हैं जनता बार बार भाजपा सरकार को बनाने के लिए कमर कस चुकी है।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर के ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया जनपद बूथ नंबर 409 बरकरा में गठन किया गया। इस कार्यक्रम में गौरीशंकर मंडल के मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह पटेल बूथ अध्यक्ष राजू भारती और आशीष सारस्वत, मोहित, विजय नारायण, गोपाल नीरज आदि उपस्थित रहे।

# आधार नामांकन के लिए चलायें विशेष अभियान: सीडीओ


बैठक को संबोधित करते सीडीओ

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सीडीओ सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इस दौरान सीडीओ ने बताया कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है, इसलिए इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक है, अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

आधार की एक विशेषता है कि आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते हैं। अपना पता और मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखें। उन्होंने आमजनों को सलाह दी कि कि अगर आपका आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गए हैं, तो अपना आधार अपडेट जरूर करायें। उन्होंने बताया कि सोनभद्र में आधार नामांकन और अपडेट करने के लिए लगभग 132 आधार नामांकन और अपडेट मशीन कार्यरत हैं, इन आधार नामांकन और अपडेट मशीनों ने पिछले एक महीने के दौरान लगभग 6 हजार नए आधार नामांकन और लगभग 15 हजार आधार अपडेट किए हैं। उन्होंने जनपद में बच्चों के शत-प्रतिशत आधार नामांकन के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एसडीएम सदर रमेश कुमार, लीड बैंक प्रबन्धक इलाहाबाद बैंक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डाक सर्वेक्षक, सहायक प्रबन्धक इण्डिया पोस्ट पेमेण्ट्स, जिला समन्वयक सीएससी, सहायक प्रबन्धक, यूआईडीएआई समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने पोषण पखवाड़ा अभियान का किया शुभारंभ की गोदभराई

**सोनभद्र।** जिले में 20 मार्च से शुरू हुआ पोषण पाखवाड़ा तीन अप्रैल तक चलेगा। पखवाड़ा का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार और जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने मंगलवार को अन्नप्राशन एवं गोदभराई कर किया। यह आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र जैत में किया गया। इस दौरान 6 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की गई। साथ ही 6 धात्री माताओं के 6 माह पूर्ण किये गये बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए पोषाहार वितरण किया गया। सीडीओ ने लाभार्थियों से वार्ता के दौरान पोषण युक्त खान पान, स्वच्छता एवं ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध पोषण सामग्री के बारे में चर्चा की। जिला कृषि अधिकारी हरी कृष्णा मिश्रा ने ग्रामीणों को लैगिंक भेदभाव समाप्त करने एवं कुपोषण से मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि पोषण पाखवाड़ा के अंतर्गत पूरे जनपद मे अनेक तरह के पोषण कार्यक्रमों को करने के साथ ही जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, जिससे सोनभद्र को कुपोषण मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर बाल सुजीत कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार पाण्डेय, कुमकुम कुशवाहा, उर्मिला, रीता, अनीता, उर्मिला, संगीता, सुनीता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# हाइवे पर चलते हुए स्वतः चार्ज हो जाएंगे इलेक्ट्रिक वाहन

**पहल**

**सोनभद्र इंजीनियरिंग कालेज का मॉडल मीरजापुर मंडल में अव्वल**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** आने वाला वक्त इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का है, लेकिन इनके लिए देश भर में चार्जिंग स्टेशन का व्यापक नेटवर्क तैयार करना बहुत कठिन है. ऐसे में के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र में छात्रों ने एक रिसर्च के बाद सड़कों पर दौड़ने वाली इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए एक ऐसा हाइब्रिड वायरलेस चार्जिंग सिस्टम डेवलप किया गया है, जिससे ये गाड़ियां चलते-चलते अपने-आप चार्ज हो जायेंगी। उन्हें किसी चार्जिंग स्टेशन पर रुकने की जरूरत नहीं होगी और वे लगातार लंबी दूरी तय कर सकेंगी।

विद्युत विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर विजय प्रताप सिंह ने अवगत कराया की इस सिस्टम के तहत हाईवे में एक अलग लेन तैयार करना होगा। इस लेन में इलेक्ट्रिक क्वायल लगा होगा, जो गाड़ी के इलेक्ट्रिक क्वायल के संपर्क में आकर उसे चार्ज करता रहेगा। इस लेन से गुजरने वाली गाड़ियां स्वतः चार्ज हो जायेंगी। खास बात यह है कि यह चार्जिंग सिस्टम दिन में सोलर और विंड एनर्जी और रात में इलेक्ट्रिक ग्रिड के जरिए काम करेगा। इतना ही नहीं, इस सिस्टम से अतिरिक्त सोलर एनर्जी जेनरेट होने पर उसे ग्रिड में ट्रांसफर किया जा सकेगा। विन्ध्याचल मंडल मिजार्पुर का मंडल स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।इस कार्यक्रम का उदघाटन मंडलायुक्त डॉक्टर मुथु कुमार स्वामी वी एवम सन्युक्त शिक्षा निदेशक विंध्या चल मंडल कामता राम पाल वम राजकीय इंटर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य महेंद्र नाथ ने डीप प्रज्वलित कर किया।

मंडलायुक्त ने प्रतियोगिता का उद्घाटन फीता काटकर किया। मंडलायुक्त ने सभी मॉडलो का गहनता पूर्वक निरीक्षण करते हुए 45 मॉडलो को देखा तथा इनको आगे बढ़ाने एवम पेटेंट के लिए भी जिला समन्यवक को निर्देशित किया तथा इसमे बाल वैज्ञानिको को उनकी मदद के लिए पूरा भरोसा भी दिया। इस प्रतियोगिता में मूल्यांकन समिति के सदस्य डॉक्टर जे पी रॉय कृषि वैज्ञानिक एवम एसोसिएट प्रोफेसर बी एच यू बरकछा, डॉक्टर यस के गोयल वैज्ञानिक एवम प्रोफेसर कृषि अभियांत्रिकी बी यच यू बरकछा, मुकेश कुमार प्रवक्ता राजकीय पॉलीटेक्निक मिजार्पुर, प्रिंसी पांडेय प्रवक्ता राजकीय पॉलीटेक्निक मिजार्पुर ने किया। इस कर्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 10 छात्रों का चयन किया गया। इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्युत विभाग के छात्रों ने डॉक्टर विजय प्रताप सिंह के सुपरविजन में सोलर वेस्ड वायरलेस डायनमिक वेहिकल चार्जिंग सिस्टम का मॉडल विकसित किया,जिसे मिजार्पुर मंडल स्तर पर प्रथम स्थान मिला। अब ये मॉडल राज्य स्तर पे प्रतिभाग करेगा। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो जी एस तोमर ने छात्रों को बधाई दी।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

**वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के रिटायरमेंट के बाद नहीं मिलेगी पेंशन**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मंगलवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। परिषद के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार हर हाल में कर्मचारियों के पुरानी पेंशन को बहाल करे। कई राज्य सरकार ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन को बहाल कर दिया है।

पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर कर्मचारी पिछले लंबे समय से आंदोलनरत हैं। बता दें कि वर्ष 2004 में केंद्रीय सरकार ने यह निर्णय लिया कि अब से जो भी नियुक्ति होंगी उन कर्मचारियों को पेंशन नहीं दिया जाएगा। उसके बाद धीरे धीरे राज्य सरकारों ने भी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन को बंद कर दिया। पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर कर्मचारी पिछले लंबे समय से आंदोलनरत हैं। कई राज्य सरकारों द्वारा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली के तोहफे ने इस मुद्दे को और गर्म कर दिया है। इस अवसर पर राममनी सारस्वत, सलाहुद्दीन, वीरेंद्र कुमार, मनोज दूबे, रमेश तिवारी, प्रेमशिला, मीरा जायसवाल, रवि प्रकाश सिंह मौर्य, अरुण कुमार, प्रेमनाथ, बृज बिहारी मौर्य, सुनील यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



प्रदर्शन करते कर्मचारी

# कलश यात्रा के साथ संगीतमय राम कथा का हुआ शुभारंभ

**बीजपुर।** आदिशक्ति दूधइया देवी प्रांगण में चैत नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले संगीतमयी रामकथा का शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा निकाल कर की गई। कलश यात्रा का नेतृत्व हिमाचल से आये राम मोहन दास रामायणी, महंत बेड़िया हनुमान मंदिर के मदन गोपाल दास व अयोध्या से आये सन्त महात्मा कर रहे थे। महंत मदन गोपाल दास ने बताया कि इस चैत नवरात्रि में मां दूधइया मंदिर प्रांगण में संगीतमयी राम कथा सन्त राम मोहन दास रामायणी के मुखारबिंद से होगा। वहीं गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा रिहन्द जलाशय से 451 श्रद्धालुओं द्वारा कलश में जल भरकर उत्साह के साथ मन्दिर पहुंची। कलश मां दूधइया मंदिर परिसर में रखा गया।

कलश यात्रा में उमड़े आस्था के जनसैलाब को देखते हुए अनुमान है कि क्षेत्र के हजारों भक्त जुटेंगे। नवरात्रि के अनुष्ठान को लेकर भी भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस बल भी मुस्तेदी के साथ डटी रहेगी, जो अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखेगी। कार्यक्रम में गणेश शर्मा, संजय यादव, सन्दीप गुप्ता, आचार्य सुदर्शन, जय राम शर्मा, संजय गुप्ता समेत तमाम श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। सुरक्षा ब्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक विनोद यादव मय पुलिस बल के साथ डटे रहे।



### धूमधाम से निकली दक्षिणेश्वर काली की कलश शोभायात्रा

**सोनभद्र।** नगर स्थित दंडईत बाबा प्रांगण से चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में मां दक्षिणेश्वरी काली की भव्य कलश शोभा यात्रा मंगलवार को निकाली गयी। महंत पंडित मृत्युंजय त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर परिसर से नगर भ्रमण के लिए कलश यात्रा निकाली जाती है। श्रद्धालुओं द्वारा सुबह शाम आरती, भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर विनोद मिश्रा, रवि नाथ मिश्रा, सत्यम पाण्डेय, राधे प्रजापति, अनुराग पाण्डेय, आंनद शुक्ला, गणेश पाण्डेय, मंटू पाण्डेय, विशाल पाण्डेय, पप्पू शुक्ला, संध्या त्रिपाठी, सावित्री, अतुल मिश्रा, ममता आदि मौजूद रहे।

# फ्लाई ऐश की 100वीं रेक भेजने के साथ एनटीपीसी रिहंद ने बनाया कीर्तिमान


हरी झंडी दिखाकर रेक को रवाना करते एनटीपीसी के अधिकारी

**बीजपुर।** राख उपयोगिता को बढ़ाने के लिए एनटीपीसी रिहंद सदैव ही राख उपयोगिता की नई विधाओं के विकास एवं परियोजना में उसके कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में एनटीपीसी रिहंद ने बीटीएपी रेल डब्बों के माध्यम से विभिन सीमेंट संयंत्रों को राख की 100 वीं रेक भेजकर राज उपयोगिता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

एनटीपीसी रिहंद और भारतीय रेलवे के संयुक्त प्रयासों से बीटीएपी वैगन की 100 वीं रेक 17 मार्च को भेजी गयी। गौरवततब है कि विगत महीनों में एनटीपीसी रिहंद ने बीटीएपी रेल डिब्बों के माध्यम से देश के विभिन्न सीमेंट सायंत्रों को भेजी है और यह क्रम आगे भी बना रहे इसके लिए एनटीपीसी रिहंद सदैव प्रयासरत है।

एनटीपीसी रिहंद ने अब तक एमपी बिड़ला सीमेंट मैहर को 92 बीटीएपी रेक, अल्ट्राटेक सीमेंट दादरी को 6 रेक और प्रिज्म सीमेंट सतना को 2 रेक भेजे हैं। मुख्य अतिथि कमल किशोर सिन्हा ने एनटीपीसी रिहंद की पहल बीटीएपी वैगनों के माध्यम से फ्लाई ऐश परिवहन के लिए एनटीपीसी रिहंद की प्रशंसा की और आश्वासन दिया कि रेलवे निकट भविष्य में भी वैगनों के माध्यम से राख की उपयोगिता को बढ़ाने के लिए एनटीपीसी को आवश्यक समर्थन देगा। कार्यक्रम में डीआरएम ईसीआर धनबाद, आई आर अपने सह अतिथियों प्रवीण सक्सेना आरईडी उत्तर, संदीप घोष एमडी एवं सीईओ, आशीष कुमार झा, अभिषेक विशाल समेत वरिष्ठ अधिकारीगणों के साथ हरी झंडी दिखाकर एनटीपीसी रिहंद से 100वें बीटीएपी रैक को रवाना किया। संयोजन अमित धीमान ने किया।

# निःशुल्क होगा ज्वालामुखी चैत नवरात्र मेला: एसडीएम

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** शक्तिपीठ ज्वालामुखी चैत्र नवरात्र मेला की नीलामी नहीं की जाएगी। पिछले वर्ष की भांति मेला पूर्णता निःशुल्क होगा। यह आदेश उपजिला अधिकारी दुद्धी द्वारा जारी किया गया है। बता दें कि मंदिर के प्राधिकृत पुजारी हेमंत मिश्र द्वारा मेला निलामी प्रक्रिया को चुनौती देते हुए ग्राम सभा द्वारा कराए जाने वाले नीलामी पर रोक लगाए जाने हेतु याचिका उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या-10996/2019- हेमंत मिश्र बनाम उत्तर प्रदेश राज्य दायर किया गया था।

जिसके संज्ञान में न्यायालय ने मेला नीलामी को अवैध करार देते हुए रोक लगा दी गई थी। याचिका के अनुपालन में नीलामी पर रोक होगी, मेला में आने वाले दुकानदारों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेला समिति की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दुद्धी करेंगे। मेला में पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, सफाई, विद्युत आदि जिला पंचायत राज अधिकारी एवं एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना प्रबंधन के माध्यम से कराया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था सीओ पिपरी एवं प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर द्वारा कराए जाने को निर्देशित किया गया है।

**नेक पहल**

**उच्च न्यायालय के आदेश पर नीलामी प्रक्रिया पर रोक**

# खोर मामले में 18 नामजद सहित 30 अज्ञात पर केस

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के खोर गांव में सोमवार की देर शाम दो समुदाय के बीच मामूली बात को लेकर बवाल मच गया। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी और मारपीट हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था के लिये पुलिस और पीएसी तैनात कर दिया है। इस मामले में दोनों समुदाय के 18 नामजद और 30 अज्ञात महिला पुरूष के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। चार लोगों को पकड़कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से गांव में खलबली मची हुई है।

खोर गांव में कब्रिस्तार की दिवाल मरम्मत की बात को लेकर पिछले दो तीन दिन से कहासुनी हो रही थी। सोमवार की देर शाम इसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच गाली गल्लौज होते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए विवाद कर लिये।

इतने में दोनों पक्षों के बीच ईंट पत्थर चलने से धड़ा धड़ आसपास की दुकाने बंद होने लगी अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना मिलते ही एसपी अंकुर अग्रवाल, एएसपी विनय कुमार सिंह, सीओ राजेश कुमार राय, सकलडीहा कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य सहित धानापुर की फोर्स मौके पर पहुंचकर तत्काल शांति व्यवस्था बनाया। इस घटना में शामिल चार लोगों को पकड़कर थाने ले आयी। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि इस मामले में 18 नामजद सहित बीस तीस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। चार को न्यायालय से जेल भेज दिया गया है।

## चौकी पुलिस अलर्ट रहती तो नहीं होता बवाल

**सकलडीहा।** ग्रामीणों के अनुसार कब्रिस्तान की भूमि पर दोनों पक्ष के लोग आते जाते है। पिछले दो तीन दिनों से कब्रिस्तान की टूटी दीवार की मरम्मत को लेकर कहा सुनी हो रही थी। एक पक्ष बनवाने की बात कह रहा था। दूसरी पक्ष पैसा नही होने की बात कहता था। मामूली सी बात इतना बड़ा बबाल हो जायेगा। चौकी पुलिस को भी पता नही हो पाया।

## मौसम में आया बदलाव बच्चों और बुजुर्गों का रखें ध्यानः डा.शैलेन्द्र

**कंदवा।** मार्च के महीने में पश्चिमी विछोभ के कारण मौसम में अचानक आया परिवर्तन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में सावधान रहें और बच्चों एवं बुजुर्गों का रखे ख्याल। उक्त बातें बरहनी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कही। बताया कि मार्च के महीना गर्मी अपना रुप ले रही थी कि अचानक मौसम ठंडा और बारिश के वजह से वातावरण भी नमीनुमा हो गया और बारिश के वजह से कुछ दिन सुबह शाम नमी तो दिन मे तपती धूप निकलेगी जिसके कारण मच्छरों की भी उत्पत्ति में इजाफा हुआ है। ऐसे में बुखार खाँसी जुकाम नाक से पानी गिरना और शरीर पर दिदोरा होना खजुली होना गैस बनना मौसम के वजह से स्वाभाविक है। सलाह दिया कि साफ-सफाई का ध्यान रखें। बिना हाथ धोये बच्चों एवं बुजुर्गों को न छुए। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। सावधानी से बीमारी से बचा जा सकता है।

# लोहिया का योगदान व भगत सिंह का बलिदान पूजनीय

बोले अरविंद सिंह

### 23 मार्च को जन समागम में याद किए जाएंगे भगत सिंह सुखदेव व राजगुरु



23 मार्च को आयोजित जन समागम कार्यक्रम की जानकारी देते पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह।

**चंदौली।** आज की युवा पीढ़ी समाजवादी आंदोलन के प्रणेता डा. राममनोहर लोहिया व वीर क्रांतिकारी राजगुरु, भगत सिंह व सुखदेव की शहादत को ना भूले इसके लिए इन महान विभूतियों हमें अपने विचारों में जिंदा रखना होगा। भिन्न-भिन्न माध्यमों से इन्हें अपनी स्मृतियों व विचारों में स्थान देकर इनके बलिदान व योगदान को सम्मान व श्रद्धांजलि अर्पित करनी होगी। इसी कड़ी में 23 मार्च को समाजवादी पुरोधा डा. लोहिया की जयंती व शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की पुण्यतिथि अवसर पर चंदौली जन समागम कार्यक्रम रखा गया है। उक्त बातें मंगलवार को नूर पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह ने कही।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जन समागम में उन तमाम लोगों का स्वागत है जिनके विचारों में डा. लोहिया के साथ-साथ सुखदेव, राजगुरु और भगत सिंह बसते हैं। जनसमागम में चंदौली और आसपास के जनपद के वे लोग हिस्सा ले रहे हैं जो भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित धर्मनिरपेक्षता, समानता और लोकतंत्र के पक्षधर हैं। बताया कि एक दिवसीय कार्यक्रम में देश और समाज की मौजूदा स्थिति पर विमर्श कर सभी वर्गों के विकास और उत्थान के अभियान को गति और ऊर्जा प्रदान करने का प्रयास होगा। कहा कि डा. लोहिया, भगत सिंह, राजगुरु और भगत सिंह जैसी महान विभूतियों के संघर्ष और त्याग से परिपूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व को याद कर उससे प्रेरणा प्राप्त करने की आज जरूरत महसूस की जा रही है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए चंदौली की धरा को चुना गया है। कहा कि चंदौली एक ओर जहां स्वतंत्रता संग्राम में अपनी आहुति देने वाले आजादी के दीवानों की जन्म और कर्मस्थली रही, वहीं आजादी के बाद स्वतंत्रता आंदोलन के गर्भ से उपजी राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक चेतना के अनुरूप भारत के नवनिर्माण की प्रयोगशाला भी रही। जनपद चंदौली किसानों, मजदूरों और शोषित पीड़ितों के अधिकारों की लड़ाई के मामले में भी सदैव अग्रणी रहा है। समय-समय पर यहां होने वाले जन आंदोलन इसके गवाह है। बताया कि जनसमागम के जरिए देश व जनपद की महान विभूतियों को याद करने के साथ ही उनके संघर्ष और विचार यात्रा से नई पीढ़ी को अवगत कराना है। अंत में उन्होंने सभी से जनसमागम में शामिल होकर उसे विराटता प्रदान करने का आह्वान किया। इस दौरान सुरेंद्र सिंह, सुनील यादव गुड्डू, संजीव सिंह, महेंद्र यादव, सुदामा यादव आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### डिप्टी कमिश्नर ने की मनरेगा कार्यो की अभिलेखी जांच



ब्लॉक मुख्यालय पर मनरेगा कार्यों के संदर्भ में जानकारी लेते डीसी मनरेगा आरके चतुवेर्दी व बीडीओ अरूण पांडेय।

**सकलडीहा।** शासन के निर्देश पर मनरेगा कार्यों को 31 मार्च तक पूरा करने का निर्देश है। इस क्रम में मंगलवार को डिप्टी कमिश्न मनरेगा आरके चतुवेर्दी ने ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ और ब्लॉक कर्मियों से विस्तार से जानकारी लिया। डीसी मनरेगा रविन्द्र कुमार चतुवेर्दी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास के मजदूरों का मस्टरोल से लेकर अमृत सरोवरों की मनरेगा कार्यों की अभिलेखी जांच किया। इस दौरान मनरेगा स्टॉप और एकाउंटेंट से हर हाल में 31 मार्च तक वित्तीय वर्ष के मनरेगा कार्य को पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गांव में अमृत सरोवर का निर्माण होना है। पूर्व में चयनित अमृत सरोवरों का कार्य को समय से पूरा कराने पर बल दिया। साथ ही मनरेगा मजदूरों की समय से भुगतान कराने का निर्देश दिया। अंत में ब्लॉक में मनरेगा पोर्टल पर कार्यो की सत्यापन की जांच किया। इस मौके पर बीडीओ अरूण कुमार पांडेय, ज्वाइंट बीडीओ केके सिंह, एकाउंटेंड विजय कुमार, सचिव अरविंद कुमार गौतम, संजय यादव, महेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### पठन-पाठन की नई विधाएं बनी विद्यार्थियों की मददगार

**सकलडीहा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सकलडीहा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जनपद स्तरीय कला उत्सव, अभिनव पर्व (नवाचार एवं टीएलएम) का दूसरा दिन विभिन्न कॉलेजों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह के साथ मंगलवार को संपन्न हुआ। मुख्य कोषाधिकारी चंदौली पवन कुमार दुबे एवं डॉयट प्राचार्या डॉ. माया सिंह के द्वारा संयुक्त रूप स दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा किसी पेड़ की जड़ के समान होती है, जो व्यक्ति को जीवन में आने वाले बड़े से बड़े झंझावात का भी सामना करने का साहस देती है। विशिष्ट अतिथि मुख्य कोषाधिकारी चंदौली पवन कुमार द्विवेदी ने कहा कि आज शिक्षा में पठन पाठन हेतु नई नई विधाएं आ गई हैं, जो विद्यार्थियों को आधुनिक बनाने में मदद कर रही हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राजेश सिंह, प्रिया पांडेय, डॉ. रोशम सिंह, डॉ. बैजनाथ पांडेय, डा.राजर्षि सिंह, डा. नवनीत तिवारी, अमरजीत यादव, लिली श्रीवास्तव, रमाशंकर यादव, मनोज पांडेय, जयंत कुमार सिंह, प्रवीण राय, डा.रामानंद, डा.जितेंद्र, हरिवंश आदि लोग मौजूद रहे। संचालन मीनाक्षी दीक्षित और अजहर सईद, अध्यक्षता व धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. माया सिंह ने किया।

### पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

**चंदौली।** पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर संयुक्त मंच व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आंदोलन मंगलवार को जारी रहा। दूसरे चरण में धरनास्थल चंदौली पर कर्मचारियों ने धरना दिया, जिसमें केंद्रीय कर्मचारियों व राज्य कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया और पुरानी पेंशन की बहाली की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक है जिसे देने में सरकारें हीलाहवाली कर रही है। सरकार को कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल कर देना चाहिए। यदि सरकार ऐसा नहीं करती है तो कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन व धरना-प्रदर्शन को जारी रखने के लिए विवश हो जाएंगे। कहा कि पुरानी पेंशन सेवानिवृत्त के बाद कर्मचारियों को सम्मान से जीने का एक मजबूत सहारा है, जिसे सरकार ने छिन लिया है। कहा कि पुरानी पेंशन के लिए समय-समय पर आंदोलन होते आए हैं। कई राज्यों में सरकार ने कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने का काम किया है। यूपी सरकार को भी पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने में विलंब नहीं करना चाहिए। इस दौरान पुरानी पेंशन के लिए कृषि विभाग, पंचायत विभाग, लोक निर्माण, डाकघर, सिंचाई विभाग, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, अमीन संघ, लेखपाल संघ आदि घटक भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अमरनाथ सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अंजेश पटेल, केदार प्रसाद, श्रीराम सिंह, सुल्तान अहमद, मोहम्मद जफर अली, जफर अहमद, धीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया।

# आरएसएस के पथ संचलन की भव्यता से चमक उठी चंदौली



चंदौली में आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता।


**चंदौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मंगलवार को पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का आगाज महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज के मैदान से हुआ, जहां जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए लोग पथ संचलन का हिस्सा बने और इसे विराटता प्रदान की। इस दौरान प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि प्रतिपदा की तिथि भारतीय संस्कृति व परम्परा के लिए बहुत ही शुभ, तार्किक व वैज्ञानिक है।

इसी तिथि को भगवान श्रीराम चन्द्र व युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ और आर्य समाज की स्थापना भी हुई। इसके साथ ही आरएसएस संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार का अवतरण हुआ। कहा कि यह पथ संचलन किसी में भय पैदा करने के लिए नहीं, बल्कि हिन्दू समाज में ऊर्जा और चेतना जागृत करने के लिए किया जाता है। पूर्व कार्यक्रम के अनुसार स्वयंसेवक महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज में एकत्रित हुए। जहां से घोष के साथ पथ संचलन प्रारंभ हुआ। पथ संचलन सकलडीहा रोड से होते हुए इलिया मोड़ से पुरानी बाजार में भ्रमण किया इस दौरान बाजार में लोगों ने संघ सेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। पथ संचलन के मद्देनजर नगर में साफ-सफाई का बंदोबस्त किया गया था। इसके साथ ही जगह-जगह भवनों, विद्युत पोल व रास्तों के किनारे ध्वज लगाए गए थे, जिससे नगर की भव्यता देखते ही बन रही थी। नगर भ्रमण करने के उपरांत पुनः महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज पहुंचकर पथ संचलन संपन्न हुआ। पथ संचलन में जिला प्रचारक जगदीश, गुलाब, पोद्दार, डा. विवेक सिंह, दिलीप सोनकर आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता डा. कृपाचार्य सिंह ने किया

## पूजा पाठ व त्यौहार पर खलल डालने पर होगी कार्रवाईः एसडीएम

**सकलडीहा।** नवरात्रि और रमजान माह व झूलेलाल जयंती को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो गयी है। मंगलवार को एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय कोतवाली में धर्मगुरूओं व प्रधान और संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान त्यौहार पर खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकेत दिया। सकलडीहा क्षेत्र के सभी काली माता मंदिर और दुर्गा मंदिर पर पूजा पाठ व भजन कीर्तन का आयोजन बासंतिक नवरात्र में किया जाता है। इसके साथ ही आगामी 23 मार्च से रमजान माह शुरू हो रहा है। 30 मार्च को रामनवमी है। पूजा पाठ व रमजान माह को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। एसडीएम मनोज पाठक व सीओ राजेश कुमार राय ने धर्मगुरूओं को शासन के निर्देश से अवगत कराते हुए नियमानुसार बाजा बजाने व धार्मिक तौर त्योहार मनाने का अपील किया। किसी प्रकार की अफवाह से दूर रहने को बताया। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार, दरोगा मोहन प्रसाद, चौकी प्रभारी शिवमणि त्रिपाठी, सुरेश सिंह, मनेश शंकर द्विवेदी, महफूज अहमद, राजेश सेठ, सतीशचन्द्र, शौकत चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# बारिश व कोहरे से गेंदा के फूलों की खेती प्रभावित



कंदवा क्षेत्र में किसानों के खेत में खड़ी गेंदा फूल की खेती।

**कन्दवा।** पश्चिमी बिछोभ एक बार फिर सक्रिय होने से रविवार की रात और सोमवार को दिन में रुक रुककर बारीश हुई तो वही मंगलवार कोहरा पड़ा, जिसको देखकर गेंदा फुल की खेती करने वाले किसान चिन्तित नजर आए, कयोंकि इनके जीविनोपार्जन का मुख्य साधन माला बनाना और उसकी कमाई से अपने परिवार का भरण पोषण करते है। लेकिन बेमौसम बारिश ने इनके फसल को ही नुकसान पहुंचाया है। बेचू, सेचू व सुक्खू व छोटू माली का कहना है कि हम लोग किसी तरह से कुछ पैसों का जुगाड़ करके किसानों का खेत लेकर गेदा फुल की खेती किये थे और खेतों मे चार महीने से बहुत मेहनत किये थे कि अप्रैल, मई के महीने में जब शादी विवाह का लग्न चलेगी तो एक अच्छी कमाई हो, जिससे खेती का खर्च और परिवार के भरण-पोषण का खर्च निकल आएगा, जिससे आगे का काम चलता रहेगा। जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अनुरोध करते हैं हम लोगों के फुल की खेती का भी सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने का कष्ट करें।

# होमियोपैथिक रिसर्च समिट में सम्मानित हुए डा. अभिमन्यु




नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त करते होम्योपैथिक चिकित्सक डा. अभिमन्यु पाण्डेय।

**चंदौली।** सुरेश भट्ट आडिटोरियम नागपुर में आल इंडिया होमियोपैथिक रिसर्च समिट का आयोजन मंगलवार को हुआ जिसमें चंदौली के अलीनगर निवासी डॉ अभिमन्यु पाण्डेय को आल इंडिया होमियोपैथीक यूथ आइकॉन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पांच हजार चिकित्सक शामिल हुए थे। अवार्ड मिलते ही जनपद में होमियोपैथीक चिकित्सकों में खुशी की लहर दौड़ गयी वही अवार्ड मिलने पर डा.अभिमन्यु पाण्डेय ने कहा कि इसका श्रेय वह अपने माता पिता-गुरुजनों को दिया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, आरएसएस चीफ मोहन भागवत शामिल हुए।

## खराब पड़े हैण्डपम्पों को दुरूस्त करें जिम्मेदारः डीएम

**चंदौली।** ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल से संबंधित प्रगति विवरण की समीक्षा डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने कलक्ट्रेट सभागार में किया। इस दौरान उन्होंने जिले में रिबोर व मरम्मत के लिए चिह्नित हैंडपम्पों को तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। वहीं निष्प्रयोज्य हो चुके हैंडपम्पों को हटाकर गड्ढे को मिट्टी से भरने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग की ओर से पिछले वर्ष की अपेक्षा इस साल अधिक गर्मी पड़ने के अनुमान लगाये जा रहे हैं। इसलिए अभी से पूरी तैयारी कर ली जाए, ताकि जनपद में कही भी पेयजल संकट न होने पाए। कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में जल स्तर जल्दी ही नीचे चला जाता है। इस कारण हैंडपम्प पानी छोड़ देते हैं। इन इलाकों के लिए टैंकरों की व्यवस्था समय रहते कर लिया जाए। साथ ही सभी सार्वजनिक स्थानों पर पानी के स्त्रोतो को ठीक कराया जाए। जल स्तर नीचे चले जाने के कारण हैंडपम्प पानी छोड़ संभावित इलाकों को चिह्नित पहले से करा लिया जाए। बैठक में सीडीओ एसएन श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी पवन द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# देश के विकास को गति दे रही भाजपा सरकारः सूर्यमुनि



रघुनाथपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी

**बबुरी।** भाजपा चंदौली पश्चिमी मंडल के रघुनाथपुर में बूथ सशक्तिकरण अभियान व भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म के अभिभाषण पर संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। संगोष्ठी की शुरूवात भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके की गई। इसकी अध्यक्षता शक्तिकेंद्र संयोजक धन्नू प्रसाद केशरी व संचालन मंडल महामंत्री आलोक सिंह ने किया, संगोष्ठी में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की गई, बूथ सशक्तिकरण अभियान लोकसभा चुनाव 2024 व सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस में बताया गया।

भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि देश में मोदी व प्रदेश में योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रही है सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, हर घर जल नल योजना, आयुष्मान भारत योजना, सड़को का जाल, किसानों को मुफ्त बिजली आदि लोककल्याणकारी योजना चलाकर आम जनमानस को लाभवंतित कर रही हैं आज भारत में एक स्थिर, निडर, निर्णायक और बड़े सपनों के लिए काम करने वाली सरकार है। इस मौके पर गोवर्धन प्रसाद मौर्या, विजय प्रकाश तिवारी, श्यामू भारद्वाज, रामकिशुन पाल, मजीद अंसारी, लालता राम, फागू विश्वकर्मा, लोचन राम, रामाज्ञा, बुल्लू, विनय तिवारी, जोखू गोंड सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता, समानता व न्याय बंधुत्व मानव हित में जरूरीः डा.प्रेमचंद



प्रमसपा कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**नियामताबाद।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. प्रेमचंद बिंद जनपद भ्रमण पर पार्टी कार्यालय पांडेपुर पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष भोला बिंद के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन के मद्देनजर पार्टी कार्यालय पर सुबह से ही कार्यकर्ता पहुंचने लगे थे। ज्यों ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला पांडेपुर बाजार पहुंचा कार्यकताओं ने नारा लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.प्रेमचंद बिंद ने कहा कि 2024 लोकसभा की तैयारी के लिए अभी से कमर कस लें। झंडा अभियान सदस्यता को बढ़ावा दे जगह-जगह दीवारों पर बाल राइटिंग किया जाए, जिससे कि हम आम लोगों के बीच में मानवता का संदेश दे सके और सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन करने का काम कर सकें जिससे स्वतंत्रता समानता मानवता एवं न्याय बंधुत्व कायम हो सके जो मानव हित के लिए जरूरी है। कहा कि मानवता की क्या पहचान मानव मानव एक समान जय मानव का नारा गूंजेगा भारत के कोने कोने में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई है भाई भाई। आरक्षण भीख नहीं है हमारा अधिकार है। प्रदेश अध्यक्ष भोला बिंद ने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है आगामी लोकसभा 2024 को देखते हुए सभी कार्यकर्ता जी-जान से जुट जाए समय रहते ही प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों से आमजन को अवगत कराएं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भोला बिंद, सद्दाम हुसैन, रमेश पासवान, मुन्ना बागी, मोती बिंद, लालचंद बिंद, कन्हैया कनौजिया, मुरारी लाल बिंद, नंदन बिंद, रमेश बिंद, तपस्या बिंद, श्यामू बिंद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आपस में मिलकर साझा करें होली त्योहार की खुशियां

जनसंदेश न्यूज

बोले राजीव

### अखिल भारतीय अग्रहरि वैश्य समाज का होली मिलन समारोह आयोजित



होली मिलन समारोह में उपस्थित अग्रहरि समाज के लोग।

**चंदौली।** अखिल भारतीय अग्रहरि वैश्य समाज नगर इकाई की ओर से सोमवार की शाम को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कोतवाल राजीव कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष प्यारेलाल अग्रहरी, गोरखनाथ अग्रहरि, दीक्षा अग्रहरि महिला कल्याण अधिकारी ने महाराजा अग्रसेन के चलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

इस दौरान राजीव कुमार सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम व सहवाग का प्रतीक है पर्व को सभी लोगों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। प्यारेलाल अग्रहरी ने कहा कि रंगों का पर्व होली समाज के लोगों को एक-दूसरे से मिलकर खुशियां साझा करनी चाहिए। आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को गले लगाने की परंपरा होली पर्व पर नजर आती है। कहा कि समाज की एकजुटता ही संगठन की पहचान है।

गोरखनाथ अग्रहरि ने कहा कि समाज को संगठित रखने ने युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है युवा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पूरे समाज को एक माला में पिरोने का काम करें इससे संगठन को मजबूती मिलेगी। नगर अध्यक्ष विवेक कुमार अग्रहरि उर्फ पिंकू ने कहा कि समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार प्रदान करें समाज को संगठित बनाए रखना हम सभी का दायित्व है लक्ष्मीकांत अग्रहरि ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम व भाईचारे का प्रतीक है समाज की एकजुटता से संगठन को बल मिलता है हमारा समाज आज भी पूरी तरह से संगठित ना होने के कारण अपनी पहचान बनाने में असफल साबित हो रहा है समाज के लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ ही अन्य क्षेत्र में भी प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें ताकि समाज के बच्चे प्रत्येक क्षेत्र में अपने समाज परिवार वरतेज का नाम रोशन करें इस अवसर पर समाज के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया आए हुए अतिथियों का स्वागत नगर अध्यक्ष विवेक कुमार अग्रहरी ने अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह वह माल्यार्पण करके किया अध्यक्षता शशिकांत अग्रहरी व संचालन अनिल कुमार ने किया इस मौके पर अखिलेश अग्रहरि, काशीनाथ अग्रहरी, विमलेश, विनोद, संजय, मनोज, प्रदीप, पवन अग्रहरि, अर्जुन अग्रहरि, बबलू, अनिल उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## मिताली राज ने कहा– अच्छे खिलाड़ियों को खोने से टीम संयोजन बिगड़ा




**मुंबई।** गुजरात जाइंट्स की मेंटर मिताली राज और मुख्य कोच रशेल हैंस ने टीम के महिला प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद कहा कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही प्रमुख खिलाड़ियों को खोने से टीम संयोजन बिगड़ा। कप्तान और स्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी पहले ही दिन चोटिल हो गई और बाकी मैच नहीं खेल सकी। मिताली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमारी टीम अच्छी थी लेकिन नतीजे हमारे पक्ष में नहीं रहे। हमने प्रमुख खिलाड़ियों को शुरू में गंवा दिया जिससे टीम संयोजन बिगड़ गया। इसके बावजूद टीम ने जीत की ललक दिखाई। अपने आखिरी मैच में यूपी वारियर्स से हारकर गुजरात जाइंट्स बाहर हो गई।

# भारतीय बल्लेबाजों को पार करनी होगी मिशेल स्टार्क की चुनौती, फोकस सूर्यकुमार पर

## स्टार्क यदि बल्लेबाजों के लिए सिरदर्द बना हुआ है तो मिशेल मार्श ने भारतीय गेंदबाजों की नींदें उड़ा रखी हैं



**चेन्नई।** मिचेल स्टार्क की अगुवाई में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की चुनौती का सामना करने के लिये भारतीय बल्लेबाजों को बुधवार को तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और नजरें सूर्यकुमार यादव पर लगी होंगी। स्टार्क यदि बल्लेबाजों के लिए सिरदर्द बना हुआ है तो मिशेल मार्श ने भारतीय गेंदबाजों की नींदें उड़ा रखी हैं। दो मैचों में वह करीब एक दर्जन छक्के लगा चुके हैं। भारतीय टीम का सबसे पहला एजेंडा 'मिचेल द्वय चुनौती' से पार पाना होगा। श्रृंखला इस समय 1 . 1 से बराबर है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव की सितारा चौकड़ी को स्टार्क का सामना करने के लिये अपने पूरे अनुभव का उपयोग करना होगा। तकनीक में बदलाव के साथ मानसिक मजबूती के साथ भारतीय बल्लेबाजों को खेलना होगा। भारत में सीमित ओवरों का क्रिकेट सपाट पिचों पर खेला जाता है जिन पर बहुत अधिक फुटवर्क की जरूरत नहीं होती। फ्रंटफुट पर खेलकर बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। लेकिन स्टार्क ने सारे समीकरण बदल दिये। उनकी गेंद या तो मिडिल स्टम्प पर पड़ रही है या लेग मिडिल की तरफ। भारतीय बल्लेबाज पिछले दोनों मैचों में उसकी गेंदों की थाह पाने में नाकाम रहे। मुंबई में स्टार्क को पिच से मदद मिली तो विशाखापत्तनम समुद्र के किनारे होने से हवा में नमी थी।

चेपॉक पर काफी समय बाद अंतरराष्ट्रीय मैच हो रहा है और नयी पिच पर सभी का ध्यान है। आम तौर पर चेपॉक पर धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच होती है और बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल होता है। इस बार हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स की ताकत को ध्यान में रखकर पिच बनाई गई है और शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। पिछले दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव खाता भी नहीं खोल सके जबकि टी20 क्रिकेट में वह जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे थे। टीम में श्रेयस अय्यर नहीं है और सूर्य के पास वनडे विश्व कप के लिये टीम में जगह पक्की करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन वह इसके साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। कप्तान रोहित ने पिछले मैच के बाद कहा था, हमने देखा है कि वह वनडे में भी अच्छा खेल सकता है। उसे भी यह पता है।

मेरा मानना है कि क्षमतावान खिलाड़ियों को कभी यह नहीं लगना चाहिये कि उन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिले। उन्होंने कहा, सूर्य पिछले दोनों मैचों में नहीं चल सका लेकिन उसे लगातार मौके देने की जरूरत है ताकि वह सहज महसूस कर सके। भारतीय गेंदबाजों को पिछले दो मैचों में 47 ओवर (36 और 11) ही डालने पड़े। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज चाहेंगे कि टॉस जीतने पर रोहित गेंदबाजी करें। देखना यह है कि शार्दुल ठाकुर या जयदेव उनादकट को मौका मिलता है या रविंद्र जडेजा के साथ कुलदीप यादव और अक्षर पटेल दोनों खेलते हैं।

**टीमें :**

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, लोकेश राहुल(विकेटकीपर), ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शारदुल ठाकुर , अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

## म्यांमार के खिलाफ भारत के मुकाबले से मणिपुर में होगा अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का आगाज



**इम्फाल।** भारतीय फुटबॉल के कई बेहतरीन खिलाड़ी देने वाला मणिपुर बुधवार से यहां शुरू होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट के जरिये पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी करेगा। यहां के खुमान लैंपक स्टेडियम में भारत और म्यांमार के बीच बुधवार को पहला मुकाबला खेला जायेगा। इस टूर्नामेंट में तीसरी टीम किर्गिस्तान की है। इंडियन सुपर लीग के फाइनल में बेंगलुरू एफसी को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री पिछले 11 मैचों में से नौ में हार का सामना करने वाली टीम के खिलाफ भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। एशियाई कप 2023 को ध्यान में रखते हुए, भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक नहीं चाहेंगे कि उनकी टीम किसी भी चीज को हल्के में ले।म्यांमार के बाद घरेलू टीम 28 मार्च को इसी मैदान पर किर्गिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम के कई खिलाड़ी मणिपुर से है पर अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी से राज्य में फुटबॉल का जुनून चरम पर है। भारतीय खिलाड़ी चिंगलेसना कोनशाम ने कहा, मेरे घर में स्वागत है। रक्षापंक्ति के इस खिलाड़ी ने कहा, जब से यह घोषणा की गई कि इम्फाल तीन देशों की टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, तब से मुझे राज्य के लोगों से बहुत सारे कॉल और संदेश मिल रहे हैं। मिडफील्डर सुरेश वांगजम ने कहा, यह सिर्फ फुटबॉल के बारे में नहीं है। मणिपुर के लोग मुक्केबाजी, बैडमिंटन, हॉकी, भारोत्तोलन और कई अन्य तरह के खेल खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, हम इस मैदान में खेलते हुए बड़े हुए है। यहां लोग आई-लीग के मैचों में हमें खेलते हुए देखने आते रहे हैं।

# रानी रामपाल के नाम पर होगा रायबरेली का स्टेडियम

## यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी स्टार रानी रामपाल के नाम पर रायबरेली में स्टेडियम बनाया गया है और वह सम्मान पाने वाली वह पहली महिला खिलाड़ी बन गई। एमसीएफ रायबरेली का नाम अब 'रानीस गर्ल्स हॉकी टर्फ' रखा गया है। रानी ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें साझा की जिसमें उन्हें खिलाड़ियों से बात करते और स्टेडियम का उद्घाटन करते देखा जा सकता है। रानी ने ट्वीट किया, अपनी खुशी मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। एमसीएफ रायबरेली हॉकी स्टेडियम का नाम खेल में मेरे योगदान को देखते हुए रानीस गर्ल्स हॉकी टर्फ रखा गया है। उसने कहा, मेरे लिए यह भावुक और गर्व करने वाला पल है। अपने नाम पर हॉकी स्टेडियम वाली मैं पहली महिला हॉकी खिलाड़ी हूं। मैं इसे भारतीय महिला हॉकी टीम को समर्पित करती हूं और उम्मीद करती हूं कि यह अगली पीढी को प्रेरित करेगा।




रानी ने इस साल की शुरुआत में भारतीय टीम में वापसी की। इससे पहल उन्होंने 2021 . 22 में एफआईएच प्रो लीग खेला था जिसमें उन्होंने 250 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए। टोक्यो ओलंपिक के बाद से चोटों से जूझ रही रानी विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में नहीं थी।

# आरसीबी आखिरी लीग मैच में भी हारी, मुंबई इंडियंस ने चार विकेट से हराकर हासिल किए दो अंक

## स्मृति मंधाना की टीम आरसीबी जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग में अपने अभियान को समाप्त नहीं कर पाई



**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग के 19वें मैच में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को चार विकेट से हरा दिया। इस मैच में जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसे दो अंक मिले और उसके खाते में अब कुल 12 अंक हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के 10 अंक हैं। उसे यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेलना है। अगर दिल्ली अगला मैच जीत जाती है तो बेहतर नेट रनरेट वाली टीम शीर्ष पर रहेगी। स्मृति मंधाना की टीम आरसीबी जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग में अपने अभियान को समाप्त नहीं कर पाई। उसे अपने आखिरी लीग मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट से हार मिली। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। उनकी टीम ने आरसीबी को 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बनाने दिया। मुंबई को बीच के ओवरों में झटके लगे, लेकिन उसने खुद को संभालते हुए 16.3 ओवर में छह विकेट पर 129 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस मैच में जीत के बाद मुंबई इंडियंस की टीम शीर्ष पर तो पहुंच गई है, लेकिन वह सीधे फाइनल में पहुंचेगी या नहीं, इसका फैसला दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स के बीच होने वाले मैच से होगा।मुंबई को दो अंक मिले और उसके खाते में अब कुल 12 अंक हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के 10 अंक हैं। उसे यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेलना है। अगर दिल्ली अगला मैच जीत जाती है तो बेहतर नेट रनरेट वाली टीम शीर्ष पर रहेगी।

मुंबई इंडियंस को ओपनर हीली मैथ्यूज और यास्तिका भाटिया ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। यास्तिका 30 और मैथ्यूज 24 रन बनाकर आउट हुईं। इन दोनों के आउट होने के बाद टीम को लगातार झटके लगे। नताली सीवर ब्रंट 13 और कप्तान हरमनप्रीत कौर दो रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।

यहां से ऐसा लगा कि मैच पलट सकता है, लेकिन अमेलिया केर और पूजा वस्त्राकर ने ऐसा नहीं होने दिया। पूजा 18 गेंद पर 19 रन बनाकर आउट हुईं, लेकिन तब तक उन्होंने टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया था। इस्सी वोंग खाता नहीं खोल सकीं। अमेलिया केर ने 27 गेंद पर नाबाद 31 रन बनाकर मैच में मुंबई को जीत दिला दी। आरसीबी के लिए मेगन शुट, श्रेयंका पाटिल, एलिस पेरी और आशा शोभना ने एक-एक विकेट लिए हैं।

## बॉलीवुड न्यूज

### सलमान खान की फिल्म का गाना 'जी रहे थे हम' रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड के मेगास्टार सलमान खान पिछले 3 दशकों से लोगों के दिलों पर छाए हुए हैं। सलमान की ऑन और ऑफ स्क्रीन प्रेजेंस की एक झलक भर पाने को उनके फैन्स हमेशा बेकरार रहते है। ऐसे में अब जब सलमान खान की फिल्म ईद के खास मौके पर आ रही है तो सभी सलमान फैन्स की एक्साइटमेंट का लेवल तेजी से बढ़ रहा है जिसे सलमान खान और बढ़ाने में कोई कसर बाकी नही छोड़े रहें और अब उन्होंने अपनी ईद रिलीज से फिल्म का एक और नया गाना जारी कर दिया है जिसे उन्होंने अपनी आवाज दी है। लगभग आठ साल पहले 'मैं हूं हीरो तेरा' के साथ सलमान खान ने अपनी शानदार सिंगिंग का प्रदर्शन किया था और एक ब्लॉकबस्टर गाना देने के बाद अब सलमान खान, अमाल मलिक के साथ एक बार फिर से एक गाने के लिए साथ आए हैं, जोकि उनकी आने वाली फिल्म किसी का भाई, किसी की जान का है। इस गाने के बोल है 'जी रहे थे हम', जिसका टीजर हाल में रिलीज हुआ था। सलमान खान द्वारा निर्मित, सलमान खान फिल्म्स प्रोडक्शन किसी का भाई किसी की जान फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर हैं। ये फिल्म ईद 2023 पर रिलीज होने वाली है और यह दुनिया भर में जी स्टूडियोज की रिलीज होगी।

### इमली और अथर्व के जीवन में आएगा नया ड्रामा



**मुंबई।** सीरीयल इमली टीवी की दुनिया का एक बेहद जाना माना शो है जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। दर्शक इमली और अथर्व पर प्यार बरसा रहे हैं। लीप के बाद इस शो में एक बड़ा मोड़ आया है। इस शो के मेघा चक्रवर्ती और करण वोहरा प्रोटागोनिस्ट की भूमिका में हैं जबकि सीरत कपूर नेगेटिव रोल में हैं। यह शो फिलहाल चीनी के इर्द-गिर्द घूम रहा है जो इमली और अथर्व को अलग करने की कोशिश कर रही है। शो का मौजूदा ट्रैक चीनी के परिवार के सामने बेनकाब होने के इर्द-गिर्द घूम रहा है, जहां उसने अपने गुनाहों और कर्मों को कबूल किया है, पर फिर भी वह अथर्व से शादी करना चाहती थी। अथर्व को जीतने और उससे शादी करने के लिए, चीनी परिवारों का किडनैप कर लेती है और उन्हें बंधक बना लेती है, जहां यह देखा जा सकता है कि चीनी, अथर्व को उससे शादी करने के लिए मजबूर करती है। इस सब के बीच, इमली आती है और अथर्व और परिवार को बचाती है। अथर्व और इमली मिलकर गुंडों से लड़ते हैं और अपनी शादी के कसमें-वादें लेते हैं, जिससे उनकी शादी को एक और मौका मिलता है। लेकिन टीवी की रंगीन दुनिया में हर हैप्पी प्लॉट एक दिलचस्प मोड़ के साथ आता है। यहां भी कुछ ऐसा ही हुआ है। जोहेब सिद्दीकी ने इमली में धैर्य के रूप में एंट्री की है।

### मैं ज्यादातर अपने स्टंट्स खुद करता हूं अभिषेक निगम



**इंदौर।** सोनी सब का अलीबाबा एक अंदाज अनदेखा एक फैमिली एन्टरटेनर है, जिसमें दुष्ट ताकतों से अपने लोगों की सुरक्षा के लिये सफर पर निकले अली (अभिषेक निगम) के विभिन्न कारनामों को दिखाया गया है। अभिषेक की एंट्री के बाद से, इस शो में एक नये अध्याय की शुरुआत हुई है और अली के लिये यह सफर और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। इन थोड़े पेचीदा दृश्यों को करने के लिये, कलाकारों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने की जरूरत होती है कि उनके परफॉर्मेंस में कोई कसर नहीं छूटे। खुद को फिटनेस उत्साही मानने वाले अभिषेक निगम अपने स्टंट्स खुद करते हैं और इन चुनौतियों को पूरे जोश से निभाते हैं। वर्कआउट को लेकर उनका प्यार उनके ऐक्शन सीक्वेंस में साफ नजर आता है और उन्हें अपने स्टंट्स को बेहतर तरीके से निभाने में मदद करता है।

# रेल, सड़क व सेतु परियोजनाओं को समय से करें पूर्ण

**चंदौली।** डीएम की अध्यक्षता में जनपद में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के कार्यों को समय के अंतर्गत पूर्ण कराने, रेलवे ऊपरगामी सेतुओं, एनएच2, रिंग रोड, एनएच 29, भारत माला, एनएच 24 आदि परियोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण एवं विभिन्न विभागीय परियोजनाओं हेतु जमीन उपलब्धता के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में विभिन्न परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। काश्तकारों को मुआवजों का भुगतान नियमानुसार तेजी से कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं हेतु भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है उन पर तत्काल कार्य प्रारंभ करा दिया जाए। जहां कहीं भी कार्य करने में किसी प्रकार की बाधा या अवरोध हो तत्काल संज्ञान में लाते हुए अविलंब समाधान कराकर कार्य में आवश्यक प्रगति सुनिश्चित करें। जिन परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है उन पर तेजी से कार्य कराते हुए तय समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जहां आवश्यकता हो अधिकारीगण आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें एवं परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन परियोजना के अंतर्गत जिन ग्राम पंचायतों में अभी जमीन नहीं मिली है वहां अविलंब भूमि उपलब्ध कराने हेतु संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्ध कराए जाने के पश्चात कार्यदाई एजेंसी तत्काल कार्य प्रारंभ कर दें। इसी प्रकार अन्य विभागों की परियोजनाओं हेतु आवश्यक जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्र उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

# श्रीराम चरित मानस नदी के समान पावन व पवित्र : अखिलानंद

**नियामताबाद।** श्रीराम कथा महोत्सव रामबाग ख्यालगढ़ लौंदा में मां भगवती कालिका के पावन सानिध्य में कथा का आयोजन किया गया। कथा के द्वितीय दिवस की कथा श्रवण मानस मर्मज्ञ अखिलानंद महाराज ने रामचरितमानस की महिमा का वर्णन किये। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस भवरोग के लिए औषधि के समान है। मानस हमें कलि के दोषों से बचाता है। श्रीराम चरित मानस को गोस्वामी ने नदी के समान बताया और वह गंगा के समान पावन, पवित्र एवं पापनाशिनी है। सकल लोक जग पावनी गंगा मानस मंदाकिनी में जो भी प्राणी गोता लगाता है उसके समस्त लोकों को यह कथा पावन कर देती है।

महाराज ने रामचरितमानस को भगवान का नामस्वरुप बताया। कहा कि कलिकाल में नाम का बड़ा महत्व है राम से बड़ा राम का नाम है। कलियुग केवल नाम अधारा सुनकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। कथा में मुख्य रूप से दीनानाथ सिंह, परमहंस सिंह राजपूत, संतोष पाठक, हरिवंश सिंह, विजय यादव, सतवंत सिंह, बिक्की, अविनाश, धन्नू चौबे, जोगिंदर सिंह, विकास चौबे, जितेन्द्र पाण्डेय मौजूद रहे।



ख्यालगढ़ लौंदा में कथा कहते कथावाचक।

# परम्परागत कारीगारों को प्रशिक्षण देकर कुशल बना रही सरकार



**चंदौली।** राजकीय आईटीआई कालेज रेवसा में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का द्वितीय चरण का उद्घाटन बीके कौशल उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र चंदौली द्वारा किया गया। जिसमें दर्जी, कुम्हार, लोहार, बढ़ई, नाई, हलवाई, राजमिस्त्री का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 मार्च तक प्रशिक्षण चलेगा। भिन्न-भिन्न ट्रेड के मास्टर ट्रेनर तथा डिजाइनर द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दौरान सहायक आयुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र विनिता सिंह द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उद्यमिता विकास से सम्बधित विस्तृत बताया। बीके कौशल, उपायुक्त उद्योग द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कहा कि परंपरागत रुप से कार्य कर रहे कारीगरों को प्रशिक्षण के जरिए उनके कौशल को आधुनिक बनाकर आर्थिक उन्नती हो सके। युवाओं को छह दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न ट्रेड अनुसार प्रशिक्षण कराकर विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराया जायेगा। विनिता सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग उप आईडीआर संस्थान के डिजाइनर गजेन्द्र सिंह, अमित कुमार, शत्रुघ्न शर्मा तथा सोनू मौर्या द्वारा प्रशिक्षण की निगरानी तथा प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम में आईटीआई के सभी अधिकारी व कर्मचारी का सहयोग रहा तथा नामित संस्था के प्रबन्धक रामचन्द्र, आनन्द, अवधेश, श्रीकान्त, सुनील, रविन्द्र, राहुल तिवारी, रोहन, सतीश, ललित कुमार, अनीता शर्मा, रिंकी, शना, मान्यति, शिखा, हेमलता आदि का सहयोग रहा।

# जुलूस के रास्ते पर विद्युत तार लटकते न मिलें : डीएम

**निर्देश**

**त्याहारों के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक आयोजित**


शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** चैत्र नवरात्रि, रामनवमी और रमजान त्योहार को शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने जुलूस के रूट की सड़कों को ठीक कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर साफ-सफाई और पेयजल की भी समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिया। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जुलूस के रूट पर तार लटकते न मिले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि एम्बुलेंस व अन्य आवश्यक तैयारी कर लें। जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से कहा कि सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि जिले में शाति पूर्ण सौहार्द तरीके से राम नवमी एवं अन्य त्योहार भाई चारे के साथ सम्पन्न कराये और मिशाल पेश करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी प्रकार से सहयोग करेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग के द्वारा सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल अधिकारियों को अवगत करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, सभी क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं जिला शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## रोट्रैक्ट क्लब ने बेसहारा मजदूर की रक्तदान कर बचाई जान

**जौनपुर।** युवाओं की सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब ने खून की कमी से पीड़ित गरीब बेसहारा मजदूर को दो युनिट रक्त देकर उसकी जान बचाई। जनपद के कादीपुर रामदयालगंज निवासी ओमप्रकाश गौतम पेशे से एक मजदूर हैं, मजदूरी कर-के किसी तरह दो वक्त की रोटी की व्यवस्था कर पाते हैं। हाल ही में जांच से उन्हें पता चला कि उन्हें पथरी है जो मूत्रनली में फंस गयी है जिससे पेशाब के रास्ते बहुत ज्यादा खून निकल जाने की वजह से उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज समाज सेवियों की मदद से सिद्धार्थ हास्पिटल में डॉ. सिद्धार्थ की देखरेख में चल रहा है। अत्यधिक कमजोर होने के कारण को चार यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी जिनमें दो यूनिट ब्लड की आपूर्ति रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता द्वारा रक्तदान में एकत्रित रक्त से किया गया। उन्होंने बताया कि रोट्रैक्ट क्लब रक्तयोद्धा संस्था के साथ मिलकर ऐसे ही गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों के सहायता के लिए व्यापक रूप से सात दिवसीय रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया था जिसमें सैकड़ों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर आम जनमानस के रक्षा के लिए संकल्प लिया है तथा क्लब सचिव कुलदीप योगी ने बताया कि रोट्रैक्ट क्लब द्वारा प्रतिदिन पांच से दस युनिट रक्त विभिन्न जरूरतमंदों के आकस्मिक चिकित्सा के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे कर्मचारी


कलेक्ट्रेट में धरने के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी

**जौनपुर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच जौनपुर के संयोजक एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को पुरानी पेंशन बहाली की एक सूत्रीय मांग हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में केंद्र एवं राज्य कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से विशाल धरना दिया।

आज के संयुक्त धरने में रेलवे, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के साथ-साथ शिक्षा, कृषि, राजस्व, नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग, उद्यान, सिंचाई, आईटीआई, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, विकास भवन, आंगनबाड़ी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, पेंशनर आदि विभिन्न संगठन शामिल रहे। धरने की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि एनपीएस हमारे लिए एक विनाशकारी योजना है इसलिए केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी एवं शिक्षक पीएफआरडीए के काले कानून को निरस्त करने हेतु सतत संघर्षरत है। एनपीएस प्राप्त कर रहे सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिले इसके लिए अब आर पार का संघर्ष करना होगा।

धरने के संयोजक एवं नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन के जिला सचिव सीपी सिंह ने कहा कि अगर पुरानी पेंशन योजना गलत है तो विभेदकारी नीति बंद करते हुए सरकार को विधायिका एवं न्यायपालिका सहित सभी को नई पेंशन योजना से आच्छादित कर देना चाहिए। कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के अध्यक्ष संयोजक विजय प्रताप सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के मुद्दे पर केंद्रीय व राज्य कर्मचारी एकजुट हैं क्योंकि 1 अप्रैल 2004 से नव परिभाषित अंशदान पेंशन योजना से सभी का भविष्य अंधकारमय हो गया है। पुरानी पेंशन बहाली हेतु राष्ट्रीय स्तर पर निर्णायक आंदोलन की शुरूआत हो रही है। धरने में राकेश कुमार श्रीवास्तव, सीबी सिंह, शिवमोहन श्रीवास्तव, देवेश यादव, दयाराम गुप्ता, सुधाकर सिंह, प्रमोद सिंह, डॉ. अतुल प्रकाश यादव, सुशील उपाध्याय, अमित सिंह, अर्चना सिंह, सरिता सिंह, अमर बहादुर यादव, संजय चौधरी, तेज बहादुर, शिव कुमार यादव, इ. राजकुमार गुप्ता, विजय भान यादव, रामकृष्ण पाल, सुजीत सिंह, राजीव कुमार रोशन, सुनील गुप्ता, शशिकांत यादव, योगेश कुमार, कृष्ण कुमार मिश्र आदि हजारों की संख्या में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मध्य जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन संयुक्त मंच के संयोजक गण द्वारा धरना स्थल पर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के संयुक्त मंत्री इं सुजीत विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

# टीम ने निर्माणाधीन पानी टंकियों की गुणवत्ता जांची

**लिया जायजा**

**क्षेत्रीय सांसद की शिकायत पर लखनऊ से आई थी टीम**


निर्माणाधीन कार्यों के गुणवत्ता की जांच करती टीम

**मछलीशहर।** राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ से आई टीम ने तहसील क्षेत्र में निर्माणाधीन 3 टंकियों की गुणवत्ता की मौके पर जांच की और ईट, बालू और सीमेंट का सैंपल अपने साथ लेकर गई है। क्षेत्रीय भाजपा सांसद बीपी सरोज से आम नागरिकों ने निर्माणाधीन पानी की टंकियों को लेकर उसकी गुणवत्ता के बारे में शिकायत की थी जिसे सांसद ने गंभीरता से लेते हुए लखनऊ से टीम बुलवाकर जांच करवाई।

जल जीवन मिशन की टीम ने सबसे पहले तहसील क्षेत्र के तद्दीपुर में गुणवत्ता परखी जहां पर अभी काम की शुरूआत हुई है इसलिए टीम वहां पर सिर्फ चेतावनी देकरअमारा गांव की तरफ बढ़ गई जहां 3 करोड़ 14 लाख रुपया पूरे प्रोजेक्ट के लिए स्वीकृत किया गया है। टीम ने सबसे पहले बाउंड्री वॉल की पांच ईंटों को उखड़वा कर सैंपल अपने साथ ले गई। साथ ही बालू का सैंपल मौके पर चेक किया और संदिग्ध पाए जाने पर उसका भी सैंपल अपने साथ ले गई। मौके पर टीम ने पाया की दो तरह की ईंटें प्रयोग हो रही थीं। कुछ अच्छी थी और कुछ दोयम दर्जे की थी। इसके पश्चात टीम तिलोरा गांव पहुंची जहां चार करोड़ 60 लाख की लागत से पानी की टंकी का निर्माण और भूमिगत पाइप लाइन बिछाने का टेंडर स्वीकृत हुआ है। टीम ने पानी की टंकी का कार्य और बोरिंग का कार्य दोनों को देखा और यहां से भी टीम सीमेंट और बालू का सैंपल लेकर अपने साथ गई। जांच टीम का नेतृत्व लखनऊ से आए वरिष्ठ तकनीकी परामर्श विश्वदीपक और आरके हरदा और सहायक अभियंता शशांक मिश्रा कर रहे थे। सांसद के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि रमेश सरोज, विनोद सरोज, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हा, मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने साथ रहकर टीम को निरीक्षण कराने में पूरा सहयोग दिया और कहा कि सांसद चाहते हैं कि उनके क्षेत्र में जो भी कार्य हो वह गुणवत्ता परक हो। लखनऊ से कई गाड़ियों के साथ आए अधिकारियों की टीम की जांच से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने आशा व्यक्ति की कि अब कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाएगा।

# दुराचार का आरोपित बदलापुर थाने से फरार

**कार्रवाई**

**प्रभारी निरीक्षक समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित**

**जौनपुर।** किशोरी के साथ दुराचार व पाक्सो एक्ट का आरोपित बबी गौतम मंगलवार की सुबह बदलापुर थाना पुलिस की हिरासत से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय, निरीक्षक (अपराध) देवेंद्र सिंह समेत पांच पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस कर्मियों पर यह कार्रवाई कर्तव्य पालन में उदासीनता बरतने के आरोप में की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन थानों की पुलिस टीमों का गठन किया गया है। टीमें संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। मालूम हो कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गत तीन मार्च की रात उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बदलापुर खुर्द गांव के कनकपुर का बबी गौतम घर से अगवा कर पूरब तरफ करीब डेढ़ किलोमीटर दूर ले जाकर दुराचार किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गत 10 मार्च को आरोपित बबी गौतम के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि आरोपित को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया था। जरूरी लिखापढ़ी कर चालान करने की तैयारी की जा रही थी कि इसी दौरान वह मौका पाकर थाना परिसर से भाग गया। दूसरी तरफ आरोपित बबी गौतम की दादी मोहरानी देवी का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में तेजी से प्रचलित हो रहा है। इसमें मोहरानी देवी यह कहते देखी-सुनी जा रही है कि उसके पौत्र बबी गौतम को छह मार्च से ही पुलिस हिरासत में लेकर थाने में बैठाए हुई थी।

## संक्षेप

### असफल विद्यार्थी चुनौती को स्वीकार कर आगे बढ़ें : फादर पी विक्टर



**सेंटजॉन्स स्कूल में नया सत्र प्रारंभ**

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में सत्र 2023-24 के लिए कक्षाएँ प्रारंभ हो गईं। सत्र के पहले दिन प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने रैंक होल्डर एवं शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। फादर ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि गुरुजनों का आशीष सदा विद्यार्थियों के साथ रहता है पर उस आशीष को लेने के लिए विद्यार्थी में पात्रता होनी चाहिए। वह पात्रता विनम्रता से आती है। असफल विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि असफलता से घबराएँ नहीं, उसे चुनौती के रूप में स्वीकार करें और इतिहास गवाह है कि जिसने असफलता को चुनौती के रूप में स्वीकार किया उन्होंने सफलता का वह मुकाम हासिल किया जो सामान्यों के लिए दुर्लभ था।

### धर्मगुरुओं के साथ हुई शांति समिति की बैठक


शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते थानाध्यक्ष

**खेतासराय।** नवरात्रि और रमजान पर्व को लेकर थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की बैठक की। उन्होंने त्योहार को आपसी भाईचारा के साथ मनाए जाने की लोगों से अपील की। कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। धर्मगुरुओं ने त्योहार पर साफ सफाई, पानी और बिजली की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की। बैठक में पूर्व चेयरमैन वसीम अहमद, जगदम्बा प्रसाद पांडेय, धर्मचंद्र गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, सैयद ताहिर, अनिल प्रजापति, ब्रजेश पांडेय, विक्की गुप्ता, बलिहारी राजभर उपस्थित रहे।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर एक युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन इलाज हेतु निजी नर्सिंग होम में ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के नटौली गांव निवासी 38 वर्षीय रामजस यादव पुत्र जियालाल यादव ने पारिवारिक कलह के चलते आजीज आकर घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जब तक परिजनों को मामले की जानकारी हुई तब तक रामजस मरणासन्न अवस्था में पहुंच चुका था। परिजन आनन-फानन में निजी नर्सिंग होम लाये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### मारपीट में महिला घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बद्दोपुर गांव में जमीनी विवाद में हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। उक्त गांव निवासी 45 वर्षीय सरिता देवी पत्नी कैलाश प्रसाद को मंगलवार की सुबह दबंग पट्टीदारों ने जमीनी विवाद के चलते लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

### पुलिस ने तीन वांरटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गौराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक के नेतृत्व में थाने के उप निरीक्षक प्रकाश यादव व इष्टदेव पांडेय ने गैर जमानती वारंटी लाल बहादुर यादव पुत्र शिव मूरत यादव निवासी कुरेथु थाना गौराबादशाहपुर, अनिल कुमार पुत्र पन्ना लाल निवासी रामपुर बैरिया थाना गौराबादशाहपुर व श्याम बिहारी पुत्र शिव वरत निवासी नैपुरा को मंगलवार की भोर में उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि उक्त तीनों वारंटी अपने मुकदमे में काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते हुए उक्त तीनों वारंटियों को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### बीडीओ ने सचिव के साथ गांव में आवास निर्माण की जानी हकीकत

**बदलापुर।** खंड विकास अधिकारी रतन सिंह ने मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरामपुर में पहुंचकर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लाभार्थियों से मुलाकात कर आवास निर्माण की हकीकत जानी। उन्होंने मौके पर पाया कि ग्राम पंचायत में 26 प्रधानमंत्री आवास के सापेक्ष में 13 लाभार्थियों ने नींव स्तर से ऊपर तथा 13 लाभार्थी नींव की खुदाई करने में लगे हैं। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि आवास के नाम पर कहीं कोई रुपया पैसा मांगता है तो उसे कतई मत दीजिए। यदि ऐसा कोई करता है तो तत्काल खंड विकास अधिकारी को अवगत कराएं। गांव में पहुंचे खंड विकास अधिकारी से ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत किया कि गांव में बने सामुदायिक शौचालय में ताला जड़ा रहता है। परिणाम स्वरूप शौच तथा स्नान आदि करने के लिए ग्रामीणों के सामने भारी समस्या बनी रहती है। इस बात को खण्ड विकास अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल केयरटेकर को बुला कर फटकार लगाया और कहा कि नियमित प्रतिदिन समय से यदि सामुदायिक शौचालय नहीं खुला पाया गया तो कार्यवाही करने के साथ ही दूसरा केयरटेकर रख दिया जाएगा। ग्रामीणों से उन्होंने विकास की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी भी लिया।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत


मृतक पूनम यादव की फाइल फोटो

**संशय**

**सास, श्वसुर, पति व ननद के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज**

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत सेमरिया गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार सेमरिया गांव निवासी सत्येन्द्र गौतम की पत्नी पूनम गौतम (24) की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह, नायब तहसीलदार सन्तोष कुमार यादव फोर्स संग पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के मायके वालों ने शादी में कम दहेज मिलने को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व जान से मारने का आरोप लगाया। पुलिस मृतका के दादा रामजीत पुत्र स्व. नोखई निवासी-दोनई थाना-तेजी बाजार की तहरीर के आधार पर श्वसुर कमलेश गौतम, सास नगीना देवी, पति सतेन्द्र कुमार व ननद सीमा देवी के खिलाफ धारा 498ए, 304बी, व 3/4 दहेज प्रताड़ना एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग से छनेहता जाने वाले मार्ग पर सराय चौहान गांव के पास ट्रैक्टर की टक्कर से मार्ग किनारे बैठे वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताते है कि मंगलवार को दोपहर करीब 3 बजे सराय चौहान निवासी शीतलदीन यादव पुत्र देवतादीन (75) अपने घर के पास मार्ग किनारे बैठे थे। छनेहता प्राइमरी स्कूल की ओर गिट्टी लादकर जा रहे ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर बुजुर्ग के ऊपर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर सहित मौके से भागने में सफल रहा।

घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो वह घटना स्थल पर पहुंचे और शव को देखकर दहाड़ मारकर रोने लगे। पुलिस सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी का कहना है इसमें उचित कार्यवाही की जा रही है।

# कोर्ट ने सीओ समेत दो थानाध्यक्षों को लगाई फटकार, किया तलब

**खुटहन।** विवेचना रिपोर्ट वारंट तामीला आदि मामलों में पुलिस द्वारा कई बार कार्य में लापरवाही बरतने व भ्रामक रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित करने से क्षुब्ध न्यायधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने क्षेत्राधिकारी चोब सिंह, प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय व खुटहन थानाध्यक्ष राजेश कुमार यादव को फटकार लगाते हुए न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

खुटहन थाने में दर्ज मुकदमा स्टेट बनाम मंगेश प्रजापति आदि मामले में मंगेश प्रजापति, बृजेश प्रजापति, दुर्गेश प्रजापति को जारी सम्मन में थाने से आई रिपोर्ट में इनके पिता का नाम गलत होने का दावा किया गया जिसमें प्रधान का पत्र लगाकर थानेदार द्वारा न्यायालय में आख्या प्रस्तुत कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री हासिल कर ली। न्यायधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने क्षेत्राधिकारी को नोटिस भेजकर बताया कि पुलिस की एफआईआर में तीनों अभियुक्तों की वल्दियत हरिलाल दर्ज है। जबकि विवेचना में राम निहोर है। न्यायधिकारी ने क्षेत्राधिकारी से पूछा कि उक्त त्रुटि आपके कार्यालय से होकर गुजरती है जिस पर आपके द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्राधिकारी कार्यालय अभियुक्तों को बचाने में शामिल है।

न्यायालय में 24 मार्च को उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। इसी प्रकरण में खुटहन थानेदार राजेश कुमार यादव को फटकार लगाते हुए न्यायधिकारी ने पूछा कि अभियुक्तों के विरुद्ध दर्ज एनसीआर में उनके पिता का नाम हरिलाल दर्ज किया गया जबकि विवेचना में राम निहोर दर्ज है। विवेचना के आधार पर अभियुक्तों को सम्मन जारी किया गया। दो स्थानों पर अलग अलग वल्दियत किस आधार पर दर्ज की गई।

न्यायालय ने थानेदार को फटकार लगाते हुए 24 मार्च को उपस्थित होने और स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। शाहगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय से सुमनलता की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर न्यायाधिकारी ने आख्या मांगी थी। न्यायालय में प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत की गयी आख्या में कहा गया कि उक्त प्रकरण में अभी विवेचना जारी है। आख्या किसके द्वारा प्रस्तुत की गयी उसपर न तो प्रस्तुत करने वाले अधिकारी का नाम है और न ही पदनाम।

न्यायाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक से पूछा कि बिना नाम, पदनाम और बिना अग्रसारण के रिपोर्ट प्रेषित कर-के अपने दायित्वों का अनुपालन नहीं किया। न्यायालय ने पूछा कि क्यों न आपके विरुद्ध पुलिस अधिनियम की धारा 29 को अमल में लाकर आपको दण्डित किया जाए। विभागीय कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा जाए। न्यायाधिकारी ने न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

# बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक है शिक्षण अधिगम सामग्री

जनसंदेश न्यूज

**बोली दिव्या शुक्ला**

**रचना विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों में टीएलएम किट वितरित**



टीएलएम किट पाये दिव्यांग बच्चों संग अधिकारी दिव्या शुक्ला व मुकेश मनोचा

**जौनपुर।** बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय संस्थान सिकंदराबाद तेलंगाना के तत्वावधान में रासमण्डल स्थित रचना विशेष विद्यालय के 36 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) किट मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला तथा कार्यक्रम समन्वयक मुकेश मनोचा (व्यवसायिक प्रशिक्षक) निपिड सिकन्दराबाद तेलंगाना के हाथों से वितरित किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि दिव्या शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहाकि निपिड सिकन्दराबाद द्वारा बौद्धिक अक्षम दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क टीएलएम किट के वितरण से ऐसे बच्चों का मनोबल एवं उनका सर्वांगीण बौद्धिक विकास सम्भव है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए कार्यक्रम समन्वयक मुकेश मनोचा की सराहना की। कार्यक्रम समन्वयक मुकेश मनोचा ने कहाकि इस टीएलएम किट में बौद्धिक अक्षम बच्चों के बौद्धिक विकास एवं संवेदी क्रियाओं को विकसित एवं उनके रोजगार से सम्बन्धित कार्य को सीखने हेतु सामग्रियां मौजूद हैं जिसका प्रयोग कर बौद्धिक दिव्यांग बच्चे आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बन सकते हैं तथा समाज की मुख्य धारा में उसे जुड़ने में उन्हें मदद मिलेगी। इस मौके पर लायन्स क्लब जौनपुर सूरज के जोन चेयरपर्सन संतोष कुमार साहू बच्चा, अध्यक्ष आनन्द स्वरूप भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावक व विद्यालय के समस्त शिक्षक व स्टाफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार गुप्ता तथा नसीम अख्तर ने आये हुए अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का आभार ज्ञापित किया।

# अस्थाई गौशाला पेसारा में लगा लाशों का ढेर, जिम्मेदार मौन

**गड्ढे में डाल दिया जाता है शव, दुर्गन्ध से राहगीरों का जीना दुश्वार**



**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के पेसारा गांव में बने निराश्रित अस्थाई गौशाला में लगभग हर हफ्ते किसी न किसी पशु की मौत हो ही जाती है। आलम ये है कि मृत पशुओं को गड्ढे में डाल तो दिया जाता है पर उस पर मिट्टी नहीं डाली जाती है जिस कारण दुर्गंध निकलती है और आने जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मामले जब मुफ्तीगंज बीडीओ रवि कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है ग्राम विकास अधिकारी को मौके पर भेज दिया गया है। वहीं ग्राम प्रधानपति जयहिंद रसीला ने कहा कि जब भी कोई कार्य करता हूं तो सचिव साफ साफ कहते है कि अपने मन का कोई काम मत किया करो। पशुओं के देखरेख में रखे केयर टेकर को सही समय पर उसका भुगतान कर दिया जाता है ताकि वह जिम्मेदारी के साथ अपना काम कर सके। केयर टेकर की वजह से कुछ खामियां है जिसे जल्द ही सुधार कर लिया जायेगा। कभी कभी स्वयं गौशाला पहुंच पशुओं को चारा खिलाता हूं। उन्होंने कहा कि गौशाला में बिजली की व्यवस्था नहीं है। साथ ही गौशाला परिसर में लगी समरसेबुल को तीन बार अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया जिसकी तहरीर थाने पर दी गई हैं मगर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी से मांग करते हुए गौशाला में बिजली व्यवस्था जल्द से जल्द करवा दिया जाय ताकि पशुओं को पानी की समुचित व्यवस्था हो सके। उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में है मुफ्तीगंज बीडीओ को अवगत करा दिया गया है। गड्ढे में पड़े शव पर मिट्टी न डालने को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह गलत है अगर गड्ढे में पशुओं के शव पड़े है तो उसपर मिट्टी डालकर पाट देना चाहिए।

# भाजपा की बूथ सशक्तिकरण, डाटा प्रबंधन और सहकारिता को लेकर हुई बैठक

जनसंदेश न्यूज



बैठक में मचांसीन अतिथिगण

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी की बूथ सशक्तिकरण और डाटा प्रबन्धन कार्यशाला जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल एवं विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर अतिथियों संग जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलत कर किया उसके उपरांत बन्दे मातरम गान किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि संतोष पटेल ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में महाशक्ति बनकर उभर रहा है। देश में मोदी और प्रदेश में योगी ने गरीब, किसान और मजदूरों के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिसका उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। प्रदेश में योगी सरकार से पहले गुंडाराज कायम था, जिसको अब खत्म किया गया है। माफियाओं को जेल पहुंचाकर उनकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई हो रही है। विशिष्ट अतिथि राकेश त्रिवेदी ने कहा कि जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति विगत आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लक्ष्य आधारित जो कार्य किया है उससे देश आज प्रगति और सम्मान के साथ साथ जीवन समृद्धि के प्रत्येक क्षेत्र में लगातार तीव्र गति से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे भाजपा ने पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर 2022 के चुनाव मे संगठन और कार्यकर्ताओं के लक्ष्य प्रयास से एक बार पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि सतत कानून व्यवस्था की बात हो अपराधमुक्त प्रदेश की बात हो एक जिला एक उत्पाद की बात हो इसको लेकर इन्वेस्टर्स का कार्यक्रम मोदी के प्रेरणा से हर जिले मे हो रहा है, जिससे रोजगार बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव मे एक बार पुनः देश मे भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर सुनील तिवारी, सुधाकर उपाध्याय, सन्तोष सिंह, सुरेन्द्र सिंघानिया, विजय लक्ष्मी साहू, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, विनय सिंह, डीसीएफ चेयरमैन धनन्जय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न खेलों का किया गया आयोजन



**जौनपुर।** खेल निदेशालय लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में महिला एथलेटिक्स एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. अंलकेश्वरी सिंह प्रधानाचार्य बयालसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने किया।

उद्घाटन के अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि महिलाओं का सशक्त होना देश के सशक्त होने को दर्शाता है। इसके उपरान्त डॉ. सिंह नें खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया तथा 100 मी0 रेस को रवाना किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मी0 में प्रथम स्थान कोमल यादव, द्वितीय स्थान शाहिन फातिमा तथा तृतीय स्थान नेहा पटेल ने प्राप्त किया, 200 मी0 रेस में प्रथम स्थान कोमल यादव, द्वितीय स्थान काजल उपाध्याय तथा तृतीय स्थान स्नेहा पाल, 400 मी0 रेस में प्रथम स्थान शिवांगी यादव, द्वितीय स्थान खुशी प्रजापति तथा तृतीय स्थान शाहिन फातिमा, 800 मी0 रेस में प्रथम स्थान खुशी यादव, द्वितीय स्थान स्नेहा पाल तथा तृतीय स्थान काजल उपाध्याय ने प्राप्त किया। मड़ियाहूँ की टीम ने स्टेडियम बी को हराते हुए जीत दर्ज किया। दूसरा मैच रामनगर व स्टेडियम ए के मध्य खेला गया जिसमें रामनगर की टीम विजेता हुई। फाइनल मुकाबला रामनगर व मड़ियाहूँ के मध्य खेला गया जिसमें रामनगर की महिलायें 38-13 के स्कोर से विजेता हुई। तीसरे-चौथे स्थान के लिए स्टेडियम ए व स्टेडियम बी के मध्य आयोजित हुआ जिसमें स्टेडियम ए 23-24 से विजेता हुई।

## संक्षेप

### खिलाड़ियों ने पदक पाकर बढ़ाया जिले का मान




**नेवढ़िया।** जिला का शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में नाम है यहां से हमेशा ही आईएएस पीसीएस चयनित होते हैं वही खेलकूद के क्षेत्र में भी किसी से कम नहीं। विकासखंड मड़ियाहूं के विशाल यादव राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता 3000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीतकर जिले का सम्मान बढ़ाया वहीं विकासखंड मुफ्तीगंज के गौरव यादव 61 किलो भार वर्ग कुश्ती में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मड़ियाहूं के धीरज यादव डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल और अभय सिंह पटेल डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक विजेता होकर जिला का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वी.द. अधिकारी वैभव सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है हम खिलाड़ियों को सही दिशा निर्देश एवं हर संभव मदद के लिए हमेशा इनके साथ हैं। कोच कुंवर सिद्धार्थ, व्यायाम प्रशिक्षक मनोज यादव एवं जनपद के समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ने खुशी जताई।

### विकास सिंह बने साधन सहकारी समिति नयनसंड के निर्विरोध सभापति



**गौराबादशाहपुर।** साधन सहकारी समिति नयनसन्ड के सभापति पद हेतु हुए चुनाव में विकास सिंह को निर्विरोध सभापति सरपंच घोषित किया गया। निर्वाचन के समय साधन सरकारी समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। विकास सिंह के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद साधन सहकारी समिति पर उपस्थित सभी लोगों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। उप सरपंच के पद पर संगीता विश्वकर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी के रूप में ग्राम विकास अधिकारी नीतीश कुमार मौर्य ने चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया। इस दौरान प्रवीण सिंह बबलू, गुल्लू, पप्पू सिंह, धमार्पुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, सुरेंद्र सिंह ने सभापति और उपसभापति को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी।

### पुलिया में फंसे अजगर का वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**जौनपुर।** जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर सिपाह रेलवे क्रॉसिंग के पास पुलिया में फंसे हुए 6 फीट लंबे अजगर को ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर निकाला तथा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वन दरोगा राजेंद्र यादव ने बताया कि उनको फोन पर कुछ ग्रामीणों ने सूचना दी कि सिपाह रेलवे क्रॉसिंग के नीचे स्थित पुलिया में एक अजगर देखा गया है। इस पर फील्ड वाचक विकास सिंह तथा गुल्लू यादव के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक अजगर पुलिया में असुविधाजनक स्थिति में पड़ा हुआ था। जिस पर उन्होंने टीम की मदद से उसे रेस्क्यू किया तथा वहां से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अजगर की लंबाई लगभग 6 फीट थी और वह स्वस्थ था।

### बिना संकेतकों के औचित्य विहीन स्पीड ब्रेकरों की भरमार

**सुइथाकला।** क्षेत्र में सरायमोहिउद्दीनपुर-पट्टीनरेंद्रपुर मार्ग पर इन दिनों बिना संकेतकों के स्पीड ब्रेकरों की भरमार हो गयी है। ऐसे में उक्त ब्रेकर राहगीरों के लिए समस्याओं का पर्याय बनते जा रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त मार्ग पर महज ऊसरगांव से कसियापुर गांव तक के 8 किलोमीटर के दायरे में बिना संकेतक के लगभग इक्कीस ब्रेकर बना डाले गए हैं जो इन दिनों राहगीरों के लिए समस्याओं का पर्याय बना हुआ है। गौरतलब हो कि अभी हाल ही में उक्त मार्ग पर लेपन कार्य किया गया, जिस पर तमाम जगहों पर औचित्य विहीन ढंग से स्पीड ब्रेकर बना दिए गए। कहीं घरों और दुकानों के सामने लोगों द्वारा बनवा लिया गया तो कहीं बना दिया गया। बहरहाल मामला जो भी हो लेकिन उक्त मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों से लेकर अन्य राहगीरों के लिए संकेतकों के अभाव में औचित्य विहीन स्पीड ब्रेकर समस्याओं का पर्याय बना हुआ है आए दिन लोगों के गिरकर चुटहिल होने का मामला देखा जा रहा है।

# सेंध लगाकर आभूषण की दुकान में भीषण चोरी

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के चौरी रोड पर पायल टाकिज के पास स्थित बाला जी ज्वेलर्स में सोमवार की रात को दुकान में सेंध लगाकर घुसे चोरों ने वहां पर रखें भारी मात्रा में सोने और चांदी के आभूषण को उठा ले गए। जिसकी कीमत लगभग 20 से 25 लाख रुपए की बताई जा रही है।

नगर के अहमदगंज गजिया मोहल्ले के निवासी गौरव सेठ उक्त स्थान पर आभूषण की दुकान चलाकर अपना तथा अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं। प्रतिदिन की भांति सोमवार की देर शाम वह अपने दुकान को बंद कर घर चले गए। देर रात किसी समय चोर दुकान की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे और वहां पर रखें 15 किलों चांदी तथा 100 ग्राम सोने के आभूषण चुरा ले गए। मंगलवार की सुबह जब गौरव सेठ दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर अवाक रह गए। दुकान में सामान इधर-उधर बिखरे थे। जिसकी सूचना दुकानदार द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी रही। पीड़ित दुकानदार गौरव सेठ की मानें तो दुकान में बिक्री के लिए 15 किलों चांदी का आभूषण व 100 ग्राम सोने का आभूषण रखा था। दुकान से चोरों ने सभी आभूषण को साफ कर दिया। दुकान में अब कुछ भी नहीं बचा है। उन्होंने बताया कि चोरी गए कुछ सोने व चांदी के आभूषणों की कीमत लगभग 20 से 25 लाख रुपए तक की है। इसी चोरी से दुकानदार पूरी तरह से बर्बाद हो गया।

# बच्चों का भविष्य तराशने में अभिभावकों की भूमिका महत्पूर्ण : सीडीओ

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम को सम्बोधित करते सीडीओ साईं तेजा सीलम

**जौनपुर।** शासन की मंशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग व बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा संयुक्त रूप से हमारा आगंन हमारे बच्चे जनपद स्तरीय उत्सव समारोह बीआरपी इन्टर कालेज मैदान में भव्य रुप से आयोजित हुआ। जिसमें प्राथमिक स्तर तथा बुनियादी शिक्षा के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया। कम्पोजिट विद्यालय गुरैनी की बच्चियों ने गणेश वंदना व पू0मा0 विद्यालय रन्नो की बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रा0वि0 पुलिस लाइन सहित कई विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है आने वाले समय में बच्चों को उनका भविष्य प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावकों की जिम्मेदारी भी जरूरी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावकों की भी है कि बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा दी जाए कि उनकी मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जनपद जौनपुर प्रदेश में चौथे स्थान पर है अब सभी की जिम्मेदारी बढ़ गई है कि जौनपुर प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाये। कार्यक्रम स्थल पर जनपद के सभी विकास खण्ड-वार शिक्षकों द्वारा टीएलएम का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक स्टाल लगाये गये, जिसका मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों ने अवलोकन किया और खूब सराहना की। मुख्य अतिथि सीडीओ साई तेजा सीलम ने नौनिहालों को बुनियादी शिक्षा बेहतर ढंग से देने की सराहना करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान सर्वोपरि है। निपुण लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने का प्रयास करें। डायट वरिष्ठ प्रवक्ता डा0 मनीष कुमार सिंह ने उत्सव के उद्देश्य पर विस्तृत से प्रकाश डालते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रोत्साहन योजना की जानकारी साक्षा की तथा डीबीटी, निपुण लक्ष्य, प्रेरणा, शारदा, दीक्षा ऐप सहित मिशन शक्ति व मिशन कायाकल्प सम्बधी योजनाओं की जानकारी दिया। इसके अलावा बाल वाटिका, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री उत्कृष्ट कार्य करने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा बेहतर शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आभार जिला समन्वयक प्रशिक्षण शोभा तिवारी ने व संचालन प्रीति श्रीवास्तव व अजय मौर्य ने किया। इस अवसर पर सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी जितेंद्र कुमार, डायट प्रवक्ता आरएन यादव, सभी खण्ड शिक्षाधिकारी, जिला समन्वयक एमडीएम अरुण मौर्य, समन्वयक निर्माण मोहम्मद जमा, समन्वयक दुर्गेश पटेल, विशाल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### आवंटित बजट के सापेक्ष कोषागार में 25 मार्च तक प्रस्तुत करें बिल

**भदोही।** शासन द्वारा निर्देश के क्रम में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूर्व में आवंटित बजट के सापेक्ष कोषागार में 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। वरिष्ठ कोषाधिकारी धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तुत बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद कोषागार द्वारा बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से 31 मार्च तक भुगतान हेतु आथराईजेशन किया जा सके, क्योंकि 31 मार्च तक पारित बिलों का भुगतान ई-पेमेन्ट द्वारा रात्रि नौ बजे तक ही हो पायेगा। 25 मार्च के उपरान्त प्राप्त बजट के सापेक्ष देयकों बिलों को कोषागार में रात्रि आठ बजे तक ही स्वीकार किया जा सकेगा, क्योंकि कोषागार द्वारा उक्त बिलों की आवश्यक चेकिंग एवं प्रोसेसिंग करनें के बाद ट्रांजेक्शन एप्रूवल का कार्य रात्रि नौ बजे तक ही करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। शासन के उपरोक्त पत्र के द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ई-कुबेर प्लेटफार्म पर पेमेन्ट फाईल की अपलोडिंग 31 मार्च के उपरान्त संभव नही हो सकेगा। उक्त का अनुपालन न करने तथा सामयिक आहरण के अभाव में किसी धनराशि के लैप्स हो जाने पर सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**गोपीगंज।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के व्यापक रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसपी डॉ. अनिल कुमार ने आरोपियों की गिरफ्तारी व आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम हेतु दिए गए निर्देश दिए हैं। इसी के क्रम में थाना गोपीगंज पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान आरोपी रामबचन सरोज पुत्र स्वर्गीय कल्लू सरोज निवासी रतना ठेगीपुर थाना औराई को 5.100 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध 68/2023 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 से

**भदोही।** जायसवाल परिवार भदोही के द्वारा नगर के मर्यादपट्टी में स्थित रामलीला मैदान में 23 से 29 मार्च के बीच श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए जगदीश जायसवाल ने बताया कि 30 मार्च को पूर्णाहुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 6:00 बजे से शुरू होकर रात्रि 10:00 बजे तक चलेगा। जिसमें कथा व्यास आचार्य बसंत शुक्लाजी महराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा और ज्ञान यज्ञ की जाएगी।

### छात्रो का प्रतिनिधि मण्डल मिला डीएम से

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सम्भावित छात्र प्रत्याशियों का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिला और महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रो के साथ बैठक न किये जाने के सम्बन्ध में पत्रक सौपा। सौपे गये पत्रक के माध्यम से अध्यक्ष पद के सम्भावित प्रत्याशी धीरज दूबे ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया था के छात्र नेताओ के साथ महाविद्यालय प्रशासन की एक बैठक 19 मार्च को होगी। परन्तु बैठक न होने के सम्बन्ध में पत्रक दिया जा रहा है। प्रतिनिधि मण्डल में अमन कुमार दूबे, नीरज यादव, शिवा पाठक, हर्ष दूबे, मोनु यादव, विशेष पाण्डेय आदि रहे।

### एनएसएस के छात्रों ने फावड़ा चलाकर मार्ग को किया समतल

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को प्रातः छात्र छात्राओं ने फावड़े की सहायता से मार्ग में मिट्टी डालकर उसे समतल बनाया। भोजन उपरांत हुई बौद्धिक संगोष्ठी में डॉ. रत्नेश सोनी असिस्टेंट प्रोफेसर ने युवा और स्वास्थ्य विषय पर चर्चा की उन्होंने बताया कि युवाओं का मन बहुत चंचल होता है और बहुत ऊर्जा से भरा होता है।आवश्यकता होती है युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने की। जिससे समाज और राष्ट्र के लिए लाभदायक परिणाम सामने आए। दूसरे वक्ता डॉक्टर महेंद्र कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर दर्शन ने मीडिया और मिथक विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मीडिया में मिथक का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# एसडीएम के ट्रांसफर की मांग पर अड़े अधिवक्ता, धरना-प्रदर्शन जारी

**नाराजगी**

एसडीएम न्यायालय के समक्ष धरने पर बैठ अधिवक्ताओं ने की जमकर नारेबाजी

जनसंदेश न्यूज


एसडीएम की मांग को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**भदोही।** भदोही बार एसोसिएशन के बैनर तले तहसील भदोही के अधिवक्ता मंगलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे और एसडीएम व तहसीलदार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन किया। एसडीएम न्यायालय के समक्ष धरने पर बैठकर अधिवक्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम व तहसीलदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। वे अधिवक्ताओं और वादकारियों को अपमानित करते रहे हैं। एक भी वाद का ससमय निस्तारण नहीं किया जा रहा है। उनके द्वारा अधिवक्ताओं और वादकारियों को कार्य करने का झूठा आश्वासन दिया जा रहा। अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि जब तक एसडीएम का ट्रांसफर नहीं होता तब तक तहसील के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए इसी तरह से प्रतिदिन धरना-प्रदर्शन करते रहेंगे।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, परिमल श्रीवास्तव, रामकृष्ण यादव, प्रसन्न मिश्र, सुरज प्रसाद यादव, मोतीलाल, मनोज कुमार सरोज, महेंद्र कुमार बिंद, इंद्रदेव मौर्य, विनोद राय, आरपी पटेल, श्याम नारायण यादव, नरेंद्र नाथ उपाध्याय, गौरी शंकर, जितेंद्र कुमार यादव, दशरथ कुशवाहा, बालेंद्र कुमार मौर्य व दूधनाथ आदि अधिवक्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

### क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण के लिए सीडीओ को लिखा पत्र

**केराकत।** क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य वंदना सरोज ने मुख्य विकास अधिकारी (सदस्य जिला पंचायत योजना समिति) को पत्र लिख कर सरकी चौराहे से नरहन (पुरानी रामलीला) स्टेज तक कि क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण के विषय में अवगत कराते हुए कहा कि जनहित में इस सड़क के निर्माण की आवश्यकता इसलिए है कि इस मार्ग से प्रतिदिन 2 से 3 हजार राहगीर परेशानियों का सामना करते हुए सफर करतें हैं।

# फसल बीमा कराने वाले किसान टोल फ्री नम्बर पर दर्ज करायें शिकायतः डीएम

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

राजस्व विभाग द्वारा बिना बीमित फसलों की क्षतिपूर्ति हेतु किया जा रहा है आकलन

बारिश ओलावृष्टि से जनहानि एवं पशुहानि प्रभावितों को दी जाएगी अनुमन्य वित्तीय सहायता

**भदोही।** जनपद में इस बार लगभग 47 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की गयी है। बेमौसम बारिश से हुये नुकसान के लिये जिलाधिकारी गौरांग राठी ने फसल बीमा से बीमित किसानों की क्षति का आकलन कृषि विभाग एवं बिना बीमित किसानों के क्षति का आकलन राजस्व विभाग द्वारा किये जाने का निर्देश दिया है। बीमा योजना के अन्तर्गत गांव मे 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान पर सभी बीमित किसानों के क्षतिपूर्ति का मुवावजा दिये जाने का प्रावधान है।बीमित फसलों का क्षतिपूर्ति, ओलावृष्टि पर व्यक्तिगत आधार पर क्षतिपूर्ति का नियम है। बिना बीमित फसलों की क्षति का आकलन राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षतिपूर्ति राहत आपदा से किया जायेगा।

डीएम गौरांग राठी ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतत रूप में क्षेत्र में भ्रमण कर यथा शीघ्र शत प्रतिशत क्षतिपूर्ति का आकलन का निर्देश दिया हैं।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के जिला कृषि अधिकारी कार्यालय एवं सभी ब्लाकों के बीज गोदामो पर हेल्प डेस्क बनाने का निर्देश दिया हैं ताकि कृषको को किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं हो। इसी प्रकार सभी तहसीलों मे हेल्प डेस्क बनाये गये है। कृषकों से अपील की गयी है कि जिन कृषकों ने की फसल बीमा कराया है अपना शिकायत टोलक फ्री 18002660700/18008896868 पर दर्ज कराये।

# जिला जज, सीजेएम, डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**जायजा**

जिला कारागार व महिला स्वाधार गृह का किया औचक निरीक्षण



**ज्ञानपुर।** जिला जज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक भदोही ने संयुक्त रुप से समस्त क्षेत्राधिकारी सहित सभी थानों से आए भारी पुलिस बल के साथ जिला कारागार ज्ञानपुर एवं महिला स्वधार गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई। कोई आपत्तिजनक तथ्य प्रकाश में नहीं आया।

तत्पश्चात कैदियों की समस्याओं व सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। दौरान चेकिंग अपर जिलाधिकारी, समस्त थाना प्रभारियों सहित भारी पुलिस फोर्स एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### ऑटो ड्राइवर के विरुद्ध अश्लील हरकत व मारपीट का मुकदमा

**गोपीगंज।** युवती से अश्लील हरकत व उसके भाई से मारपीट करने के आरोप में गोपीगंज पुलिस ने ऑटो ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई। सुरियावां थाना के कुसौली निवासी सचिन राय पुत्र सालिक राम राय ने तहरीर देते हुए मुकदमा लिखे जाने की मांग की। सचिन राय ने बताया कि उनका लड़का आशीष राय व लड़की तुन राय दवा लेने सुन्दरपुर बाजार गये थे वहां से वापस आते समय थानीपुर पेट्रोल टंकी मोड के पास बिना नम्बर की आटो जिसमें ड्राइवर आशीष हरिजन पुत्र राजनाथ निवासी ग्राम कसिदहा थाना गोपीगंज जनपद भदोही व उसमें बैठा व्यक्ति विनय उर्फ डबलू पुत्र मेघई निवासी कसीदहा थाना गोपीगंज मेरे लड़के आशीष कुमार राय से गाली गुप्ता करने लगा, मना करने पर मारने पीटने लगा व मेरी लड़की से अश्लील हरकत भी किया, जिसमें मेरे लड़के को चोटे आयी है। जाते वक्त धमकी दिया कि अगर शिकायत की तो जान से मार देंगे। पुलिस जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

# नवरात्र में निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक

जनसंदेश न्यूज


कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिती की बैठक में शामिल लोग

**भदोही।** कोतवाली परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन निकलने वाले शोभायात्रा पर चर्चा हुई। जिसमें क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान ने मौजूद लोगों से शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सहयोग मांगा। इस दौरान बताया गया कि शोभायात्रा नगर के औराई रोड पर स्थित विश्व हिंदू महासंघ कार्यालय से शाम 5:00 बजे निकालेंगी। शोभायात्रा शाम के लगभग 7:00 बजे नगर के अहमदगंज गजिया में स्थित मंदिर के पास पहुंचेंगी तो वहां पर महाआरती? के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं पर सभी अन्य मोहल्लों से निकलने वाली शोभायात्रा एकत्रित होगी। जो मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो जाएंगे। शोभायात्रा वहां से लगभग 8:00 बजे निकलकर 8:30 बजे तक अजीमुल्लाह चौराहा पर पहुंचेगी। जो नगर के मर्यादपट्टी स्थित राम जानकी मंदिर पूजा कार्पेट पर पहुंच समाप्त होगी। इस दौरान सीओ अजय कुमार चौहान ने कहा कि शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए भारी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती रहेगी। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल, दिलीप गुप्ता, विनीत बरनवाल, नुरैन खां, ब्रह्म जायसवाल, प्रमोद मिश्र, गिरधारी जायसवाल, कमलेश जायसवाल, अरविंद मौर्य, जमील अंसारी, भरत जायसवाल, राजीव मोदनवाल, गनी खां, दया मौर्य, शेरू खां, प्रिंस गुप्ता, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रदीप यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# मरीज का विश्वास जीतना ही डॉक्टर्स की पूंजी



जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। आज के दौर में समाज के हर वर्ग में व्यवसायिकता हावी है। महसूस करता हूं कि विगत 10 वर्षों के बीच चिकित्सा के क्षेत्र में काफी गिरावट आयी है। लोगों की सोच में सिर्फ और सिर्फ पैसा ही पैसा समा चुका है। सेवा भाव से ज्यादा पैसा महत्वपूर्ण हो गया है। यह स्वस्थ समाज के लिए घातक है, खासकर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में। ऐसा नहीं है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के सभी लोग ऐसे हैं। अभी भी तमाम चिकित्सक मानवता की सेवा को ही लक्ष्य मानकर चलते हैं। मरीज का विश्वास जीतना ही डॉक्टर्स की जमापूंजी है। यह कहना है जाने-माने चिकित्सक एवं सिंह मेडिकल एण्ड रिसर्च सेंटर प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक सिंह का। 'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' में डॉ. अशोक सिंह ने कहा कि कभी मरीजों के परिजनों का गुस्सा, कभी संसाधनों का अभाव सहित कई विपरीत परिस्थितियों में डॉक्टर काम करते हैं। इसके बाद भी डॉक्टर्स का पहला लक्ष्य होता है, मरीज की जान बचाना। जिसके लिए वे पूरी निष्ठा से काम करते हैं। मरीज और डॉक्टर का रिश्ता विश्वास पर ही टिका होता है। यही विश्वास एक डॉक्टर के लिए बड़ा ईनाम होता है। उन्होंने कहा कि विशेषकर बड़े शहरों में कई चिकित्सक व्यवसायिक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। कुछ चिकित्सकों में अति व्यवसायिकता साफ परिलक्षित होती है। इन सबके बावजूद भी अन्य प्रोफेशन की तुलना में चिकित्सा व्यवसाय में मानवता की सेवा की भावना अभी भी जीवित है। डॉ. सिंह का कहना है कि स्वास्थ्य सेवा ऐसी सेवा है, जिनमें व्यवसायिकता होते भी सामाजिकता भी है। इसलिए, पैसे पर ध्यान न देकर चिकित्सा पर ध्यान ज्यादा होना चाहिए। 80-90 के दशक में यह भाव चिकित्सकों में कूट-कूट कर भरी हुई थी। 20वीं शताब्दी आते-आते चिकित्सा और शिक्षा दोनों ही क्षेत्र में व्यवसायीकरण शुरू हो गया। इसी कारण से दोनों आवश्यक चीजें काफी महंगी हो गयी है और आम आदमी से दूर होती जा रही है। ऐसा नहीं होना चाहिए। मानवता की सच्ची सेवा भी इंसानियत है और यह सबसे बड़ी पूंजी है। यदि आपने इस पूंजी को खो दिया तो पैसा रहते हुए भी आप इंसानियत की नजर में सबसे बड़े कंगाल है। एक सवाल के जवाब में उनका कहना रहा कि सेवा नहीं पैसा को महत्व देने वालों के चलते ही स्वास्थ्य सेवाएं बदनाम हो रही है। एक अन्य सवाल के जवाब उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर उच्च होगा तभी पूर्वांचल के लोगों की की जीवनशैली बदलेगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे।

**खास मुलाकात**
**डॉ. अशोक सिंह**

## सेवा नहीं पैसा अहम् होने से स्वास्थ्य सेवाएं हो रही बदनाम



## शिक्षा का स्तर उच्च होगा तभी पूर्वांचल की जीवनशैली बदलेगी

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार को उठाने होंगे कठोर कदम

## मरीज के भरोसे से मिलती है ताकत

डॉ. अशोक सिंह का मानना है कि मरीज पूरे विश्वास के साथ उपचार कराने डॉक्टर के पास आते हैं। डॉक्टर भी प्रयास करते हैं कि वह मरीज और उनके परिजनों के विश्वास में खरा उतरे। मरीजों का यह भरोसा डॉक्टर्स को नई ताकत देती है। डॉक्टर और मरीज के बीच का रिश्ता बेहद नाजुक होता है। भले ही आज के समय में चिकित्सा व्यवसाय का रूप ले रहा है, लेकिन चिकित्सक के लिए सबसे पहले मानवीय सेवा का ही लक्ष्य होना चाहिए। क्योंकि, जब मरीज अच्छा होकर दुआ देता है, तो यह उनके लिए सबसे संतोषजनक बात होती है। उनका कहना है कि सेवा से बड़ा कोई परोपकार इस धरती पर नहीं है, जिसे मानव सहजता से अपने जीवन में अंगीकार कर सकता है। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर हमारे अंतिम सेवा काल तक सेवा ही एक मात्र ऐसा आभूषण है, जो हमारे जीवन को सार्थक सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाता है। बिना सेवा भाव विकसित किए मनुष्य जीवन को सफल नहीं बना सकता। हम सभी को चाहिए कि सेवा के इस महत्व को समझें और दूसरों को भी इस ओर जागरूक करने की पहल करें।





## बच्चों को प्रोफेशनल शिक्षा देना जीवन का लक्ष्य

स्वास्थ्य सेवा ही नहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी डॉ. सिंह ने अलख जगाई है। इसके लिए उन्होंने 'जीवनदीप शिक्षण संस्थान' की परिकल्पना को साकार किया है। जहां नर्सरी से लेकर पीजी तक की कक्षाएं संचालित होता है। डॉ. सिंह का कहना है कि बच्चों को प्रोफेशनल शिक्षा देना उनके जीवन का अहम् लक्ष्य है। पूर्वांचल में बेहतर शिक्षा का घोर अभाव है। वर्तमान में जो भी शिक्षण संस्थाएं संचालित हो रही है। कुछेक को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश का मूल उद्देश्य धनोपार्जन ही है। लेकिन उन्होंने कभी भी पैसे को महत्व नहीं दिया। फीस कम और उच्च शिक्षा, यहीं हमारे शिक्षण संस्थान का मूल मंत्र है। बीकाम, बीबीए, बीसीए, फाइन आर्ट्स, मैनेजमेंट, नर्सिंग, पैरामेडिकल आदि प्रोफेशनल कोर्स करने वाले शत-प्रतिशत विद्यार्थी आज अच्छी नौकरी में हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शिक्षा के गिरते स्तर के लिए शिक्षक, अभिभावक और शिक्षार्थी तीनों समान रूप से जिम्मेदार है।

## तभी संकल्प लिया मरीजों की त्वरित सेवा का

एक घटना का जिक्र करते हुए डॉ. अशोक सिंह भावुक हो गए। बताया कि मेरी बड़ी बहन की कीडनी खराब हो गयी थी। इलाज के लिए बीएचयू ले गया। कई परिचित डॉक्टर्स के बावजूद करीब आधे घंटे बाद इलाज शुरू हुआ। आकस्मिक कक्ष में आने वाले मरीज तड़पड़ाते रहते थे, लेकिन उनका त्वरित उपचार नहीं होता था। मरीजों को 20 से 40 मिनट तक का इंतजार करना पड़ता था। यह देरी किसी भी मरीज के लिए घातक साबित हो सकता है, खासकर दिल, सांस के मरीज और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के लिए। तात्कालिक उपचार ऐसे मरीजों के जीवन की खातिर फायदेमंद होता है। उसी समय में मन में संकल्प किया कि एक नर्सिंग होम खोलूंगा और मरीजों को त्वरित सेवाएं दूंगा। संकल्प पूरा हुआ और हमारे यहां आने वाले हर मरीज को त्वरित चिकित्सकीय सुविधाएं दी जाती है, खासकर एक्सीडेंट या गनशॉट के मामले में। कागजी औपचारिकताएं बाद में पूरी की जाती है, क्योंकि हमारा प्रथम कर्त्तव्य होता है मरीज की जान बचाना।

# लगातार पीठ व रीढ़ का दर्द टीबी के संकेत

**जानकारी**

**समय से उपचार न होने पर दिव्यांगता का भी रहता है खतरा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** लल्लापुरा निवासी 48 वर्षीय शकील (परिवर्तित नाम) के पीठ व कमर में दो वर्ष पूर्व लगातार दर्द था। सोचा कोई वजनी वस्तु उठाने से हुए खिंचाव की वजह से दर्द है। मालिश व दर्द निवारक गोलियों का सहारा लिया। कोई आराम नहीं मिला। दर्द बढ़ता जा रहा था। घर के अंदर चार कदम चलना तो दूर पैरों पर खड़ा होना मुश्किल हो गया तो परिजनों के सहयोग से मण्डलीय अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सक ने कई तरह की जांच कराया तो पता चला रीढ़ की हड्डी में टीबी है। शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल परिसर स्थित जिला क्षय रोग केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ.अन्वित श्रीवास्तव का कहना है। आम तौर पर लोग पीठ, कमर के दर्द को तब तक नजरअंदाज करते हैं जब तक चलना-फिरना मुश्किल नहीं हो जाता। बताते हैं कि पिछले वर्ष जनवरी से दिसम्बर तक जिले में 142 रीढ़ की हड्डी में टीबी के मामले सामने आये। उपचार से लगभग 100 लोग स्वस्थ हो चुके है, शेष का उपचार चल रहा है।



डॉ.अन्वित श्रीवास्तव

**रीढ़ की हड्डी में टीबी के कारण**

क्षय रोगी के संपर्क में आने से भी रीढ़ की हड्डी में टीबी हो सकती है। टीबी रोगी के संपर्क में आने के बाद यह फेफड़ों या लिम्फ नोड्स से रक्त के माध्यम से रीढ़ तक भी पहुंच सकता है।



### कैसे होती है रीढ़ की हड्डी में टीबी

डॉ.अन्वित का कहना है कि वैसे तो टीबी मुख्य रूप से फेफड़ों, श्वसन तंत्र और पाचन तंत्र को प्रभावित करती है लेकिन कुछ मामलों में नाखून व बाल को छोड़कर शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। रीढ़ की हड्डी में टीबी तब होती है जब टीबी का संक्रमण फेफड़ों के बाहर फैलकर रीढ़ तक पहुंच जाता है। रीढ़ की हड्डी में टीबी के कारण होने वाले पीठ दर्द के वास्तविक कारण की जानकारी न होने की वजह से शुरू में अधिकतर लोग इसके प्रति लापरवाह होते हैं।

### रीढ़ की हड्डी में टीबी का उपचार

डॉ.अन्वित का कहना है कि रीढ़ की हड्डी में टीबी का उपचार संभव है, सरकारी अस्पतालों में उपचार की व्यवस्था है, जहां टीबी रोगियों को दवाएं भी दी जाती हैं। सरकार की ओर से निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान पोषण के लिए पांच सौ रुपये की धनराशि प्रतिमाह मरीज के खाते में सीधे भेजी जाती है।

### रीढ़ की हड्डी में टीबी के लक्षण

पीठ में लगातार दर्द, कमजोरी महसूस करना,भूख न लगना, वजन कम होना, रात के समय बुखार आना, दिन में बुखार उतर जाना भी रीढ़ की हड्डी में टीबी का लक्षण हो सकता है।

# स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**वाराणसी।** स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल बनपुरवा में बच्चों को एक साल के परिश्रम का फल मिला। विद्यालय समूह के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानन्द की मौजूदगी में बच्चों का परीक्षाफल घोषित और प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान मौजूद बच्चों के चेहरे खुशी देखते बन रही थी। परीक्षा की तैयारी और मेहनत की थकान पल भर में दूर हो गयी। क्योंकि मेहनत का फल सुखद था। वहीं बच्चों के अभिभावकों के चेहरे पर भी खुशी देखेत बनी। विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानन्द प्रमाण-पत्र के साथ स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थी प्री-नर्सरी के आरव कुमार सिंह, एलकेजी की अनुश्री सिंह, यूकेजी की सृष्टि पाण्डय कक्षा 1 से कक्षा 8 तक क्रमशः आस्था यादव, शिवांश सिंह, आद्विक त्रिपाठी. अनुज कुमार सिंह, श्रीप्रकाश अमन पटेल, अंकित सिंह, काशिका सिंह, आर्यन गौतम, तथा कक्षा ग्यारह (विज्ञान संवर्ग) की श्रेया शुक्ला, (वाणिज्य संवर्ग) के निखिल कुमार को उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र के साथ स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। ठीक इसी प्रकार उक्त कक्षाओं में द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ एके चौबे, शारदा प्रसाद शुक्ला, छात्रावास अधीक्षक लेफ्टिनेंट एमएस यादव मौजूद रहे।

# स्मार्ट मोतियाबिंद प्लानर मशीन का उद्घाटन



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** चितईपुर स्थित उमाप्रेम नेत्रालय ने मंगलवार को पूर्वांचल की प्रथम स्मार्ट कांट्रैक्ट मोतियाबिंद प्लानर मशीन किया। एआरजीओएस-बायो मीटर यूएसए मशीन की खास बात यह है की लेंस के पॉवर की सही कैलकुलेशन व सर्जरी के बाद का अनुमा परिणाम मरीज को पहले ही पता चल सकेगा।अभी तक मोतियाबिंद में जो सर्जरी होती है वो चिकित्सक के अनुभव व मरीज के जागरूकता के हिसाब से लेंस का चुनाव किया ज लेकिन कई बार मरीज को सर्जरी के बाद अनुमानित परिणाम हांसिल नहीं हो पता था। डॉ. अरुण कुमार गुप्ता एमबीबीएस, एमएस, नेत्र विशेषज्ञ (डायरेक्टर- उमाप्रेम नेत्रालय) ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि इस यूनिट द्वारा वाराणसी में मोतियाबिंद के ऑपरेशन में लगने वाले लेंस की सटीक जाँच व प्रत्यारोपण (ऑपरेशन) के साथ अब संभव है।

# डैलिम्स सनबीन कैंब्रिज स्कूल रामकटोरा में कैंब्रिज की घोषणा




**वाराणसी।** डैलिम्स सनबीम ग्रुप आफ स्कूल के अध्यक्ष प्रदीप बाबा मधोक एवं निदेशिका पूजा मधोक ने विद्यालय के वैश्विक शैक्षिक दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप डैलिम्स सनबीम कैंब्रिज स्कूल रामकटोरा, की औपचारिक घोषणा की।

मीडिया से मुखातिब होते हुए प्रदीप बाबा मधोक ने बताया कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी लगभग 800 वर्षों से वैश्विक स्तर पर विद्यार्थियों की पहली पंसद बना हुआ है। लगभग 150 वर्षो से कैंब्रिज असेसमेंट प्रोग्राम 160 से भी अधिक देशों में संचालित किया जा रहा है। यह प्रोग्राम विद्यार्थियों को इनोवेशन एवं रिसर्च के लिए प्रेरित कर रहा है। विद्यालय की निदेशिका पूजा मधोक ने कहा कि कैंब्रिज स्कूल का उद्देश्य वैश्विक जरूरतों के अनुकूल स्कूली शिक्षा को अधिक समग्र एवं लचीला बनाना है। प्रधानाचार्य दीपेन्द्र वर्मा ने कहा कि विद्यालय के चयनित अध्यापक कैंब्रिज टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए पंजिकृत किए गये है। इस ट्रेनिंग के बाद ही अध्यापक छात्रों को पढ़ाने के लिए अधिकृत होंगे। विद्यालय में कैंब्रिज कक्षाओं का संचालन अप्रैल महीने से किया जाएगा।

# 'विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस' पर जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**वाराणसी।** 'विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस' के अवसर पर इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट फार द डिसेबल्ड द्वारा मंगलवार को दो जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम कार्यक्रम में चित्रकला एवं पेंटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें संस्थान के सभी दिव्यांग विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जहां एक तरफ बड़े बच्चों ने पूरे विश्व में डाउन सिंड्रोम को इंगित करने वाले रंगों का उपयोग करके विविध चित्र और ग्लोब बनाया, वहीं दूसरी तरफ छोटे एवं गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों ने अपनी हथेलियों को सुनहरे और नीले रंग से रंगकर आम जनता को डाउन सिंड्रोम के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। दूसरे जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत संस्थान द्वारा गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमे संस्थान के प्रवक्तागण, विशेष शिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों न डाउन सिंड्रोम के ऐतिहासिक परिदृष्य, उसके कारण, लक्षण, जांच, निदान, रोकथाम, शिक्षण, प्रशिक्षण, पुनर्वास, रोजगार और समावेशन पर अपना विचार व्यक्त किया। संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता अमित कुमार खरवार व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य रामकेश ने किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आरए जोसेफ के साथ अंजना शुक्ला, सुषमा वर्मा, फूल चंद भारती, धनंजय भारती, नित्यानंद, गौतम कुमार, प्रवीण राय, आकांक्षा श्रीवास्तव, मधुबाला, ममता सिंह, निशा वर्मा, सुधीर कुमार आदि मौजूद थे।



# संकल्प ट्यूटोरियल्स में 'मिशन सक्सेश 2023' कार्यशाला का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** संकल्प ट्यूटोरियल्स द्वारा मंगलवार को बादशाह बाग कॉलोनी स्थित प्रधान कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'मिशन सक्सेश 2023' नामक कार्यशाला में सभी अध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे सीयूईटी की बीएससी, बीकॉम, बीए एलएलबी, बीएड और बीवोक की प्रवेश परीक्षा व सीएचएम प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को कम्प्यूटराइज्ड कोर्स मैटेरियल्स, अपडेटेड प्राब्लम सीट, वीकली टेस्ट, महत्वपूर्ण प्रश्न बैंक व वेरी सिमिलर टेस्ट पैटर्न की व्यवस्था द्वारा शत-प्रतिशत परिणाम के लिए प्रोत्साहित कर सकें। संस्था के प्रबंध निदेशक अशोक चौरसिया ने कहा कि पिछले 21 वर्षों में बीएचयू की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता के कई मानक स्थापित किया है। 2022 में



आयोजित सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में संकल्प के कुल 1218 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया। प्रवेश परीक्षाओं के लिए नये बैच 23 मार्च गुरूवार से आरंभ होंगे। कार्यशाला में प्रबंध निदेशक संजय भगत, गोविंद चौरसिया, आरएन यादव, अमन श्रीवास्तव, पशुपति झा, अभिषेक वर्मा, नरेंद्र पांडे आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर संस्था की सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधक और कोआर्डिनेटर भी मौजूद थे।